धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in रांची, गुरुवार 08 अगस्त 2024 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 04 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 121 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 31.2 | 26.1 |
| जमशेदपुर | 33.1 | 24.0 |
| डालटनगंज | 30.2 | 24.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.




पेज 09

## बुरी खबर : जीत दर जीत और फिर मैट से बाहर चूक गईं विनेश

### वजन अधिक होने के कारण फाइनल से पहले भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट अयोग्य घोषित




पेरिस/नयी दिल्ली। एजेंसी

भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को महिलाओं की 50 किलो कुश्ती स्पर्धा के फाइनल से पहले वजन अधिक पाये जाने के कारण बुधवार को ओलंपिक से अयोग्य घोषित कर दिया गया. भारतीय दल ने विनेश को थोड़ा और समय देने की मांग की थी, लेकिन उनकी मांग नहीं सुनी गई. विनेश ने ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन कर इतिहास रचा था. सुबह तक कम से कम रजत पदक पक्का लग रहा था, लेकिन अब वह बिना किसी पदक के लौटेंगी. इस खबर के सामने आने के बाद भारतीय प्रशंसकों में भारी निराशा है.

विनेश को बुधवार की देर रात 50 किलो कुश्ती स्पर्धा में स्वर्ण पदक का मुकाबला खेलना था. सुबह विनेश का वजन 100 ग्राम अधिक पाया गया. यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के नियमों के अनुसार, उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया है. बता दें कि विनेश ने पहले ही मुकाबले में मौजूदा चैंपयन युइ ससाकी को हराया था. उन्हें फाइनल में अमेरिका की सारा एन हिल्डब्रांट से खेलना था. इससे पहले इटली की एमैन्युएला लियुजी को भी वजन अधिक पाये जाने के कारण पहले दौर का मुकाबला गंवाना पड़ा था.

> विनेश की अयोग्यता बहुत चौंकानेवाली है. ओलंपिक गांव पॉलीक्लिनिक में विनेश से मिल कर उन्हें भारतीय ओलंपिक संघ और सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है. भारत और पूरे देश में हम विनेश को सभी चिकित्सा और भावनात्मक सहायता प्रदान कर रहे हैं.
> – **पीटी उषा**, अध्यक्ष आईओए.



### आईओए की अपील- विनेश की निजता का सम्मान करें

अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत वजन अधिक पाये जाने पर पहलवान आखिरी तालिका में अंतिम स्थान पर रहता है. भारतीय ओलंपिक संघ ने विनेश के अयोग्य घोषित होने की पुष्टि करते हुए उनकी निजता का सम्मान करने के लिये कहा है. संघ की तरफ से कहा गया कि विनेश फोगाट महिला कुश्ती के 50 किलो वर्ग से अयोग्य घोषित कर दी गई है. पूरी रात टीम के अथक प्रयासों के बावजूद सुबह उसका वजन 50 किलो से अधिक पाया गया.

### विनेश आप चैंपियनों में चैंपियन हो: पीएम मोदी



इस मामले में प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा से पूरी जानकारी ली और विभिन्न विकल्पों के बारे में भी पूछा. उन्होंने विनेश की मदद के लिये इस फैसले के खिलाफ सख्त विरोध दर्ज कराने के लिये भी कहा है. इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने विनेश की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि वह भारत का गौरव हैं और उन्हें मजबूती से वापसी करनी है. उन्होंने एक्स पर लिखा, विनेश आप चैंपियनों में चैंपियन हो. आप भारत का गौरव हो और हर भारतीय के लिये प्रेरणास्रोत हो. उन्होंने आगे लिखा, आज के झटके से दुख पहुंचा है. मुझे पता है कि आप फिर वापसी करोगी. चुनौतियों का डटकर सामना करना आपके स्वभाव में है.

### पीटी उषा को उचित कार्रवाई का निर्देश : मांडविया



खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने विनेश फोगाट के मामले में भारत के कदम को लेकर लोकसभा में बयान दिया. उन्होंने कहा कि आईओए की प्रमुख पीटी उषा पेरिस में ही हैं और प्रधानमंत्री ने उनसे खुद बात की है. मांडविया के अनुसार, प्रधानमंत्री ने पीटी उषा को कहा है कि वह इस मामले में उचित कार्रवाई करें. मांडविया ने कहा कि सरकार ने विनेश फोगाट को सभी प्रकार की खेल सुविधाएं एवं हर स्तर पर प्रशिक्षण उपलब्ध कराये हैं. विनेश को पेरिस ओलंपिक के लिए 70 लाख 45 हजार 775 रुपये की सहायता दी गयी है.

### विनेश का अयोग्य घोषित करना दुर्भाग्यपूर्ण: राहुल



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक के फाइनल से पहले वजन अधिक होने के कारण अयोग्य करार दिए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया. उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय ओलंपिक संघ इस निर्णय को मजबूती से चुनौती देकर देश की बेटी को न्याय दिलाएगा. राहुल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, विश्वविजेता पहलवानों को हरा कर फाइनल में पहुंचीं भारत की शान विनेश फोगाट का तकनीकी आधार पर अयोग्य घोषित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है. हमें पूरी उम्मीद है कि आईओए इस निर्णय को मजबूती से चुनौती देगा.

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,200 |
| चांदी (किलो) | 76,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### कैलाशनाथन ने पुदुचेरी एलजी पद की शपथ ली

**पुदुचेरी।** सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी के कैलाशनाथन ने बुधवार को राज निवास में आयोजित समारोह में पुदुचेरी के 25वें उपराज्यपाल पद की शपथ ली. मद्रास उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश डी कृष्णकुमार ने उन्हें शपथ दिलाई. समारोह के बाद कैलाशनाथन को मुख्यमंत्री एन रंगासामी, पुदुचेरी विधानसभा अध्यक्ष आर सेल्वम, उपाध्यक्ष पी राजावेलु, नेता विपक्ष आर शिवा ने बधाई व शुभकामनाएं दीं.

### सीबीआई ने कोचिंग मामले की जांच संभाली

**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर की इमारत के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत के मामले की जांच अपने हाथों में ले ली है. दिल्ली उच्च न्यायालय के एक आदेश के बाद सीबीआई ने दिल्ली पुलिस से मामले की जांच अपने हाथों में ली है.

### 12 रास सीट के लिए तीन सिंतबर को चुनाव

**नयी दिल्ली।** नौ राज्यों की 12 रिक्त राज्यसभा सीट के लिए तीन सितंबर को चुनाव होगा और उसी दिन परिणाम भी घोषित किये जाएंगे. केंद्रीय मंत्रियों के लोकसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद राज्यसभा की 10 सीट खाली हो गई थीं. निर्वाचन आयोग 14 अगस्त को चुनाव के लिए अधिसूचना जारी करेगा. नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है.

## किसानों को हेमंत सरकार का बड़ा तोहफा, मंईयां योजना के फार्म ऑफलाइन जमा होंगे

# अब 50 हजार की जगह दो लाख के कृषि ऋण माफ

विशेष संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ड्रीम प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री मंईयां महिला सम्मान योजना का फार्म अब ऑफलाइन भी भरा जा सकेगा. पंचायत भवन और आंगनबाड़ी केंद्रों में ऑफलाइन फार्म भरे एवं जमा किए जाएंगे. बाद में फार्म की ऑनलाइन एंट्री की जाएगी. यह निर्णय बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया. इस योजना के लिए उमड़ रही महिलाओं की भारी भीड़ एवं अधिक हिट से सर्वर लोड बढ़ने या स्लो होने की समस्या उत्पन्न होने के कारण लिया गया है. इसके अतिरिक्त सरकार ने एक और बड़ा निर्णय लिया है.

**राज्य सरकार ने एयर एंबुलेंस का किराया घटाया :** राज्य सरकार द्वारा गंभीर बीमारी के इलाज के लिए संचालित एयर एंबुलेंस सेवा के किराया में भारी कमी की गयी है. अब रांची से दिल्ली जाने के लिए पांच लाख के बदले 3.10 लाख, रांची से मुंबई जाने के लिए सात लाख से घटा कर चार लाख, रांची से चेन्नई जाने के लिए आठ लाख से घटा कर 3:30 लाख, रांची से कोलकाता जाने के लिए तीन लाख से घटा कर एक लाख, रांची से हैदराबाद जोन के लिए सात लाख से घटा कर 2.50 लाख, रांची से वाराणासी जाने के लिए 3:03 लाख से घटा कर 1.10 लाख, रांची से लखनऊ जाने के लिए पांच लाख से घटा कर दो लाख और रांची से तिरूपति जाने के लिए आठ लाख से घटा कर 3:30 लाख रुपये एयर एंबुलेंस का किराया कर दिया है. गंभीर बीमारी या बड़ी दुर्घटना होने से एयर एंबुलेंस की सेवा लेने वाले लोगों को भारी राहत मिलेगी.



- एयर एंबुलेंस के तहत मेडिकल सुविधा लेने वालों को तोहफा, किराया में 50% की कमी
- अल्पसंख्यक एवं वित्त रहित शिक्षक व कर्मियों को मिलेगा ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ

### शिक्षक व कर्मियों को मिलेगा ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ

सरकार ने एक अन्य अहम फैसला लेते हुए राज्य के अधीन चलने वाले विश्वविद्यालय, वित्त रहित एवं अंगीभूत महाविद्यालयों (घाटानुदानित अल्पसंख्यक महाविद्यालयों सहित) के पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है. इस पेंशन स्कीम लाभ एक दिसंबर 2004 या उसके बाद की तिथि से नियमित कर्मी के सेवा प्रदान करने वाले कर्मियों को मिलेगा. इससे जुड़े अहम प्रस्ताव को सरकार ने स्वीकृति प्रदान की है.

### मानकी मुंडा-ग्राम प्रधानों की सम्मान राशि दोगुना

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में 37 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी. मानकी मुंडा एवं पारंपरिक ग्राम प्रधानों को दी जाने वाली सम्मान राशि को दोगुना कर दिया गया है. राज्य सरकार ने परंपरागत पदाधिकारी मानकी, परगनैत, मुंडा, ग्राम प्रधान, डाकुवा, पराणिक, जोगमांझी, कुड़ाम नायकी, नायकी, गोड़ैत, मूल रैयत, ग्रामीण दिउरी (पुजारी), पहड़ा राजा, ग्रामसभा का प्रधान, घटवाल व तावेदन को देय सम्मान राशि में दोगुनी बढ़ोतरी का फैसला किया है. मानकी व परगनैत को 6,000 रुपये एवं मुंडा एवं ग्राम प्रधान को 4,000 रुपये की सम्मान राशि दी जायेगी. अन्य पारंपरिक ग्राम प्रधानों को 2,000 रुपये प्रतिमाह दिये जायेंगे. पारंपरिक ग्राम प्रधानों की सम्मान राशि में वृद्धि से राज्य सरकार के कोष पर प्रतिवर्ष 44.79 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ने का अनुमान है. फिलहाल, पारंपरिक ग्राम प्रधानों को सम्मान राशि देने पर 44.79 करोड़ रुपये खर्च किये जा रहे हैं. सम्मान राशि में वृद्धि करने पर प्रतिवर्ष 89.59 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे.

### बिहार राज्य परिवहन निगम के 619 कर्मी समायोजित होंगे

सरकार बिहार राज्य परिवहन निगम के 619 कर्मियों को समायोजित करेगी. इससे जुड़े एक प्रस्ताव पर मंजूरी प्रदान की गयी है. एक जुलाई 2004 से ये कर्मी समायोजित माने जाएंगे. इस निर्णय से राज्य के सरकारी कोष पर 50 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा.

### कैबिनेट की बैठक में लिये गये अन्य निर्णय

- कृषि ऋण माफ करने के लिए राशि सीमा को 50 हजार से बढ़ा कर दो लाख किया गया.
- **नगर उंटारी और चांडिल में अनुमंडल अभियोजन कार्यालय के गठन और दोनों जगह आठ-आठ पद सृजित किए जाएंगे.**
- बाल आरक्षी से सामान्य आरक्षी में नियुक्ति के लिए शारीरिक या चिकित्सीय योग्यता प्राप्त नहीं करने वाले आरक्षी की पुलिस विभाग में ही फोर्थ ग्रेड में नियुक्ति की जाएगी.
- **केंद्रीय एजेंसी के कार्य दायित्व के मामले की कार्य मंत्रिमंडल सचिवालय निगरानी विभाग करेगा.**
- विधानसभा सदस्य इंद्रजीत महतो के चिकित्सा इत्यादि खर्च की संपूर्ण राशि देने पर स्वीकृति.

– शेष पेज 07 पर

## बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का गठन आज

# अंतरिम कार्यवाहक पद की शपथ लेंगे मोहम्मद यूनुस

एजेंसी। ढाका



- अवामी लीग के 20 से अधिक नेताओं के शव बरामद हुए
- यूनुस की जनता से अपील- किसी प्रकार की हिंसा से बचें
- विशेष उड़ान से ढाका से स्वदेश लाए गए 400 भारतीय

बांग्लादेश में हिंसा का दौर अभी भी जारी है. शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोड़ने के बाद भी प्रदर्शनकारी सड़कों पर डटे हुए हैं. शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के 20 से अधिक नेताओं के शव बरामद किए गए हैं. इधर, राजनीतिक अस्थिरता के बीच नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मो यूनुस गुरुवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के कार्यवाहक पद की शपथ लेंगे. बांग्लादेश सेना प्रमुख वकर उज जमान ने यूनुस के शपथ ग्रहण की जानकारी दी. यह निर्णय राष्ट्रपति और छात्र आंदोलन के 13 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के बीच बंग भवन में हुई बैठक में लिया गया.

इधर, बांग्लादेश के अंतरिम कार्यवाहक मो युनूस ने आम जनता से अपील की है कि सभी लोग किसी भी प्रकार की हिंसा से बचें. यूरोप से अपने देश लौटने से पहले अपने एक बयान में उन्होंने कहा कि अगर हम हिंसा का रास्ता अपनाएंगे, तो सब कुछ नष्ट हो जाएगा. यह हमारा सुंदर देश है. हमें इसे संरक्षित करना चाहिए और इसे अपने और अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अद्भुत देश बनाना चाहिए. उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में कुछ खास लोगों के एक वर्ग के लिए आरक्षण प्रणाली के खिलाफ छात्रों के विरोध प्रदर्शन ने हिंसा का भयावह रूप अख्तियार कर लिया था. इसके बाद वहां की प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़ कर भागना पड़ा था.

### पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को मिला नया पासपोर्ट

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को अब नया पासपोर्ट मिल गया है. उनकी पार्टी बांग्लादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) ने ये जानकारी साझा की. जिया के निजी सचिव एबी एम अब्दुस सत्तार ने नवीनीकृत पासपोर्ट प्राप्त कर लिया है. बता दें कि 79 वर्षीय खालिदा जिया को 2018 में भ्रष्टाचार के लिए 17 साल जेल की सजा सुनाई गई थी. जिया दो साल से अधिक समय से जेल में थीं. बीएनपी की अध्यक्ष फिलहाल कई बीमारियों का इलाज करा रही हैं. उन्हें हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के पतन के बाद मंगलवार को राष्ट्रपति मो शहाबुद्दीन के कार्यकारी आदेश पर रिहा कर दिया गया था.

–शेष पेज 07 पर

# गूगल की मोनोपोली और भारत

सुरजीत सिंह

**टिप्पणी**

क्या आपने सर्च इंजन गूगल को लेकर आयी उस खबर पढ़ा! शायद नहीं. खबर यह है कि गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फावेट को कई अलग-अलग कंपनियों में बांटा जा सकता है. यह काम अमेरिका की सरकार करेगी, ताकि इंटरनेट पर सर्च के बाजार से गूगल की मोनोपोली को तोड़ा जा सके. दो दिन पहले कोलंबिया के जिला जज ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिए हैं. अदालत ने कहा है कि गूगल ने खुद के कारोबार को इस तरह बनाया है कि इंटरनेट सर्च की दुनिया में कोई दूसरी कंपनी प्रवेश ही नहीं कर सकता. इसके लिए गूगल ने अरबों डॉलर खर्च भी किए हैं. कुल मिला कर गूगल ने अनैतिक और अवैध तरीके से सर्च की दुनिया में मोनोपोली बना ली है.




इस फैसले के बाद अमेरिका की सरकार गूगल की मोनोपोली को तोड़ने का प्लान ला सकती है. अभी सर्च की दुनिया में 90 प्रतिशत बाजार पर गूगल का कब्जा है, जबकि मोबाइल पर इंटरनेट सर्च की दुनिया में 95 प्रतिशत बाजार पर गूगल का कब्जा है. एक समय माइक्रोसॉफ्ट की भी यही स्थिति थी. तब अमेरिका की सरकार ने उसकी मोनोपोली को खत्म किया था, ताकि किसी भी तरह के बाजार में एक कंपनी की मोनोपोली न रहे.

भारत में क्या स्थिति है! पिछले माह हरफिंडा एचआई नामक कंपनी ने भारत में मोनोपोली को लेकर रिपोर्ट जारी किया था. जिसमें बताया था कि टेलिकॉम सेक्टर में सिर्फ दो कंपनियों की मोनोपोली है. सीमेंट सेक्टर में दो कंपनियों का 96.6 प्रतिशत बाजार पर कब्जा है. इसी तरह बच्चों के लिए फुड और चॉकलेट बनाने वाली कंपनी नेस्ले का बाजार पर लगभग 100 प्रतिशत कब्जा है. बाटा और रिलेक्सो का फुटवियर बाजार के बड़े हिस्से पर कब्जा है. यही हाल स्टील, एयरलाइंस, टायर, दवाईयां, सिगरेट, सॉफ्ट ड्रिंक्स, बैट्री, टैक्सी, ऑयल प्रोडक्ट के बाजार में भी है. एक या दो कंपनियों की मोनोपोली.

अमेरिका में अमेजन, फेसबुक व माईक्रोसॉफ्ट के खिलाफ मुकदमा चल रहा है. भारत में भी कंपीटिशन, कमीशन है. लेकिन क्या हमने कभी सुना कि इस कमीशन ने कभी किसी कंपनी की मोनोपोली तोड़ने के लिए कुछ किया हो. उल्टे सरकार के स्तर पर ऐसे नियम बनाए जाते हैं, जिसकी वजह से कंपनियों को मोनोपोली बनाने में मदद मिलती है. दुनिया भर में यह माना जाता है कि मोनोपोली की वजह से महंगाई बढ़ती हैं, बेरोजगारी में इजाफा होता है. लेकिन हमारी सरकारों को इससे कोई फर्क ही नहीं पड़ता. देखना यह है कि कब भारत की सरकारें भी कंपनियों की मोनोपोली को तोड़ने के लिए कदम उठाती है या हालात पहले जैसे ही रहेंगे.

## स्थानीय लोगों को निजी क्षेत्रों में नौकरी नहीं देने का मामला

# हेमंत सरकार ने 3909 कंपनियों को नोटिस भेजा

### 20 लाख 65 हजार रुपये जुर्माना की वूसली की गयी

प्रमुख संवाददाता। रांची

निजी क्षेत्र में स्थानीय को नौकरी नहीं देने के मामले में हेमंत सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है. इस मामले में निजी क्षेत्र के 3909 कंपनियों और प्रतिष्ठानों को नोटिस भेजा है. साथ ही 20 लाख 65 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला है. वर्तमान में राज्यभर में 7,083 नियोजक निबंधित हैं. इन्होंने अब तक 11,106 स्थानीय को ही नौकरी दी है. बताते चलें कि झारखंड के निजी क्षेत्रों में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम, 2021 एवं नियमावली, 2022 संपूर्ण राज्य में 12 सितंबर 2022 से प्रभावी है.

**क्या कहता है नियम :** जिस भी निजी कंपनी, दुकान व अन्य प्रतिष्ठान में जहां 10 या 10 से ज्यादा लोग काम करते हैं, उनको इस कानून के दायरे में रखा गया है. कंपनियों में स्थानीय लोगों की बहाली सुनिश्चित हो, इसके लिए विभाग की ओर से पोर्टल बनाया गया है. इस पोर्टल पर कंपनियों को अपने कर्मियों का पूरा ब्योरा देना है. कर्मियों को स्थानीय प्रमाणपत्र भी पोर्टल पर उपलब्ध कराना है. श्रम विभाग की ओर से सितंबर 2021 में राज्य सरकार ने निजी क्षेत्रों में 75 फीसदी स्थानीय को बहाल करने संबंधी लाये गये कानून के प्रावधानों लागू कराने के लिए कार्रवाई शुरू की है. इस कानून के मुताबिक निजी क्षेत्र की कंपनियों-प्रतिष्ठानों में 40 हजार तक के वेतन पर काम कर रहे कर्मियों में 75 प्रतिशत स्थानीय होंगे.

### निजी क्षेत्र की कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों में दो तिहाई बाहरी

झारखंड के निजी क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों में से दो तिहाई बाहरी हैं. मात्र एक तिहाई लोग ही स्थानीय हैं. संख्या के हिसाब से बात करें, तो राज्य की विभिन्न कंपनियों काम कर रहे 1,84,268 कर्मचारी दूसरे स्थानों से हैं. इस कटेगरी में दूसरे राज्यों के पुरुष कर्मचारी 1,60,458 और महिला कर्मचारियों की संख्या 23,003 है.

### झारखंड के निजी क्षेत्रों में सैलरी का ट्रेंड

| वेतनमान कटेगरी | कर्मचारियों की संख्या |
|---|---|
| 12 हजार से अधिक | 81,234 |
| 14 से 16 हजार | 33,937 |
| 16 से 18 हजार | 19,848 |
| 18 से 20 हजार | 13,309 |
| 20 से 25 हजार | 16,585 |
| 25 से 30 हजार | 14,973 |
| 30 से 35 हजार | 9,719 |
| 35 से 40 हजार | 6,010 |

सीएम का प्रयास ला रहा रंग, साहिबगंज से 10 वर्ष से लापता बालक को दिल्ली से कराया गया मुक्त

# सीएम का प्रयास ला रहा रंग, साहिबगंज से 10 वर्ष से लापता बालक को दिल्ली से कराया गया मुक्त

प्रमुख संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सार्थक प्रयास से लगातार मानव तस्करी के शिकार बालक/बालिकाओं को मुक्त कराकर उनके घरों में पुनर्वास किया जा रहा है. उसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र, नई दिल्ली द्वारा मानव तस्करी के शिकार 10 वर्ष से लापता बालक को रेस्क्यू किया गया. बालक 10 साल पहले जब मानव तस्करों द्वारा दिल्ली लाया गया था, तब उसकी उम्र लगभग 13 वर्ष थी. 10 वर्षों से परिवार से बालक का कोई भी संपर्क नहीं था. पिता द्वारा पिछले कई सालों से खोजबीन करने पर भी बालक की कोई जानकारी नहीं मिल पा रही थी. इस संदर्भ में झारखंड के साहेबगंज जिले के बरहेट थाने में सनहा दर्ज था. कई सालों तक लगातार झारखंड पुलिस द्वारा भी बालक की खोजबीन की गयी, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला. इसके बाद झारखंड भवन, नई दिल्ली को इस संदर्भ में पाच दिन पूर्व सूचना दी गई.

**किया गया टीम का गठन :** झारखंड भवन, नई दिल्ली की नोडल ऑफिसर नचिकेता द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए एक टीम का गठन किया गया. बालक के पिता द्वारा एक प्लेसमेंट एजेंसी वाले का मोबाइल नंबर दिया गया था. उस मोबाइल की जानकारी निकालने पर पता चला कि वह नंबर एक ट्रैवल एजेंसी वाले का है. झारखंड भवन द्वारा गुप्त मिशन चलाते हुए झारखंड भवन के कर्मचारी राहुल सिंह व निर्मला खलखो और मिशन मुक्ति फाउंडेशन के डायरेक्टर वीरेंद्र सिंह द्वारा यात्री बनकर उक्त ट्रैवल एजेंसी वाले से फोन पर संपर्क स्थापित किया. फिर उसके कार्यालय जाकर उसे धर दबोचा. एजेंसी के मालिक ने बताया कि उसने ही उस बच्चे को काम पर लगवाया था.


मुक्त कराया गया बालक.

### मोबाइल नंबर से किया गया ट्रैक

बच्चे को जिस घर में काम पर लगवाया गया था, उस घर के मालिक के मोबाइल नंबर को ट्रैक करते हुए उसके ऑफिस पर जब रेस्क्यू टीम गई, तो पता चला कि मालिक द्वारा ऑफिस दो-तीन साल पहले ही दूसरी जगह शिफ्ट कर लिया गया है. झारखंड भवन, नई दिल्ली द्वारा मालिक के पानीपत, हरियाणा एवं नई दिल्ली वाले आवास पर स्थानीय पुलिस एवं स्थानीय एनजीओके सहयोग से संयुक्त रूप से छापेमारी की गई . वहां बच्चा नहीं मिला, लेकिन दिल्ली वाले आवास पर झारखंड का एक दूसरा 17 वर्षीय बालक मिला, जिससे घर एवं ऑफिस का काम कराया जा रहा था. झारखंड भवन द्वारा उस बच्चे को रेस्क्यू करते हुए बच्चे की काउंसलिंग की गई और स्थानीय पुलिस के सुपर्द करते हुए आगे की कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया एवं उस परिवार को 10 वर्षों से गुमशुदा बच्चे को सुपर्द करने की सख्त हिदायत दी गई. 10 वर्षों से लापता हुए बालक को अगले दिन सकुशल उसके परिवार के पास झारखंड भेज दिया गया. इस रेस्क्यू ऑपरेशन में नई दिल्ली की स्थानीय एनजीओ मिशन मुक्ति फाउंडेशन के डायरेक्टर वीरेंद्र सिंह और रेस्क्यू फॉउंडेशन से अक्षय ने अहम भूमिका निभाई.

### अधिकारी के निर्देश पर की गई त्वरित कार्रवाई

बताते चलें कि एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र नई दिल्ली, झारखंड भवन का एक अभिन्न अंग है, जिसे महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित किया जाता है. यह सारी कार्यवाही झारखंड भवन के स्थानिक आयुक्त के निर्देश पर कीगयी. बता दें कि महिला एवं बाल विकास विभाग मानव तस्करी के मामले में बहुत ही संवेदनशील है. उसी का परिणाम है कि झारखंड के मानव तस्करी के शिकार सैकड़ो बच्चों को अब तक उनके घरों में पुनर्वासित किया जा सका है और उन्हें झारखंड सरकार की कई योजनाओं का लाभ भी दिया जाता है.

स्पेशल ब्रांच के आईजी से मांगी सूचनाएं

# डीजीपी ने सक्रिय नक्सली संगठनों की मांगी जानकारी

**खास बातें**

- अपराधी व स्प्लिंटर ग्रुप के बारे में जानकारी देने को कहा
- 13 अगस्त को नक्सली संगठन पर कार्रवाई की होगी समीक्षा

सौरभ सिंह। रांची

डीजीपी अनुराग गुप्ता 13 अगस्त को नक्सली संगठन के खिलाफ की गई कार्रवाई की समीक्षा करेंगे. इसे लेकर डीजीपी ने आईजी स्पेशल ब्रांच को निर्देश दिया है कि 12 अगस्त तक प्राप्त सूचनाएं और सभी सक्रिय नक्सली संगठन, नक्सल से जुड़े अपराधी और स्प्लिंटर ग्रुप की संपूर्ण विवरणी तैयार कर ब्रीफ करेंगे. इस समीक्षा बैठक में एडीजी अभियान, आईजी अभियान, सीआरपीएफ आईजी स्पेशल ब्रांच के अलावा सभी जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी, एसटीएफ डीआईजी और एसपी बोकारो, चाईबासा,चतरा, लातेहार, गिरिडीह, लातेहार और पलामू भाग लेंगे. इन क्षेत्रों में कार्यरत सीआरपीएफ के वरीय अधिकारियों को भी शामिल करने को कहा गया है.

**इन मुख्य बिंदुओं पर होगी समीक्षा**

- कौन से पिकेट अनावश्यक हैं उन्हें हटाया जा सकता है.
- **क्या सभी महत्वपूर्ण नक्सली और उससे अलग हुए संगठन की प्रोफाइल बनाए रखी जा रही है?**
- कोई बड़ा नक्सली जो जमानत पर रिहा हुआ हो.
- **एसपीओ की भूमिका और स्थिति.**
- पुलिस चौकियों का सुरक्षा ऑडिट.
- **समर्पण राशि के भुगतान की स्थिति, यदि कोई हो.**
- मुआवजा राशि का बकाया भुगतान.
- **क्या फरार नक्सलियों की संपत्ति की कुर्की की जा रही है?.**
- क्या पुलिस/सीआरपीएफ/सीपीएमएफ पिकेट को दुश्मन के बारे में पता है? क्या उन्हें अपने दुश्मन को मारने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है?.
- **खुफिया जानकारी एकत्र करने और खुफिया जानकारी साझा करने में कोई समस्या?**
- कोई ऐसा क्षेत्र जहां मोबाइल संचार काम नहीं कर रहा है?
- **कोई महत्वपूर्ण सड़क पुल, पुलिया जिसे बनाने की आवश्यकता है?**

### क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट का डीआईजी ने किया शुभारंभ


पलिस ड्यूटी मीट में मौजूद पुलिस अधिकारी.

**रांची।** कांके रोड स्थित रांची पुलिस लाइन में बुधवार को तीन दिवसीय क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट का शुभारंभ हुआ. रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने इसका शुभारंभ किया. इस ड्यूटी मीट में एसएसपी चंदन सिन्हा मौके पर मौजूद रहे. साथ ही संतोष सुधाकर सहायक निदेशक राज्य फिंगर प्रिंट ब्यूरो, डॉ. अमित कुमार सहायक निदेशक एफएसएल के अलावा दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र के सभी जिला से आए प्रतिभागी उपस्थित हुए. इस ड्यूटी मीट में अनुसंधान की बारीकियां और अनुसंधान में वैज्ञानिक सहायता, कम्प्यूटर साक्षरता, श्वान दस्ता की दक्षता की परीक्षा के साथ-साथ प्रशिक्षण भी दिया जायेगा. डीआईजी द्वारा नये बीएनएसएस के प्रावधानों का अनुपालन डीएनए के लिए साक्ष्यों का संकलन और संरक्षण, के उपयोगिता के बारे में प्रकाश डाला गया.

कोर्ट की खबरें

# आलमगीर की बेल पर शुक्रवार को होगी बहस

संवाददाता। रांची

टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम की बेल पर रांची पीएमएलओए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई. इस दौरान बचाव पक्ष यानी आलमगीर आलम की ओर से बहस पूरी कर ली गयी है. अब शुक्रवार को ईडी की ओर से बहस की जायेगी. बता दें कि आलमगीर आलम को ईडी ने छह घंटे की पूछताछ के बाद 15 मई को गिरफ्तार किया था. वहीं ईडी इसी केस में राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी मनीष रंजन से पूछताछ भी कर चुकी है. इस केस में आलमगीर आलम के ओएसडी रहे संजीव लाल और उसके सहयोगी जहांगीर आलम को भी एजेंसी गिरफ्तार कर चुकी है. इनके ठिकाने से एजेंसी ने 35 करोड़ रुपये से ज्यादा नकद राशि बरामद की थी.

### अवैध खनन मामला : दाहू यादव के बेटे राहुल यादव की डिस्चार्ज याचिका खारिज

**रांची।** साहिबगंज जिले में हुए 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा के अवैध खनन मामले में आरोपी दाहू यादव के बेटे राहुल यादव की डिस्चार्ज याचिका खारिज हो गयी है. बुधवार को रांची पीएएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने राहुल यादव की डिस्चार्ज याचिका खारिज कर दी. अब जल्द ही उसके खिलाफ कोर्ट आरोप गठन की प्रक्रिया शुरू कर सकता है. राहुल ने हाईकोर्ट के आदेश के बाद सरेंडर किया था. फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है.

### पारा शिक्षक हत्याकांड के आरोपी का ट्रायल जल्द करें पूरा

**रांची।** वर्ष 2010 में सिमडेगा के पारा शिक्षक मनोज कुमार हत्याकांड के सूचक संजय कुमार की याचिका पर बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान अदालत ने सिमडेगा सिविल कोर्ट को इस केस से जुड़े अन्य अभियुक्तों के मामले में जल्द ट्रायल पूरा करने का निर्देश दिया है. अधिवक्ता के माध्यम से सूचक ने हाई कोर्ट को बताया कि इस केस के मुख्य आरोपी नक्सली बारूद गोप के खिलाफ पिछले 14 वर्षों से सिमडेगा सिविल कोर्ट ट्रायल पूरा नहीं हुआ. जबकि इसी केस के आरोपी पूर्व मंत्री एनोस एक्का को सजा भी हो गयी. हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई. सूचक की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने बहस की.

### हाईकोर्ट में पेश की गई मांस की बिक्री की तस्वीरें

**रांची।** श्यामानंद पांडेय द्वारा दायर की गयी जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने शहर में गो वंश मांस की खुलेआम बिक्री होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए रांची एसएसपी को ऐसा करने वालों के खिलाफ एक्शन लेने का निर्देश दिया है. अदालत ने अगले सप्ताह मंगलवार तक एसएसपी को शपथ पत्र के माध्यम से कार्रवाई की जानकारी कोर्ट को देने का निर्देश दिया है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभम कटारुका ने बहस की. राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अगर ऐसा हो रहा है तो इस मामले में कार्रवाई की जाएगी.

**ब्रीफ खबरें**

### आज आदिवासियों के अधिकार पर परिचर्चा

**रांची।** विभिन्न आदिवासी संगठनों की ओर से गुरुवार को धुमकुड़िया भवन करमटोली में अंतरराष्ट्रीयआदिवासी दिवस और आदिवासियों के अधिकार विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया. परिचर्चा में आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, विभिन्न आदिवासी संगठनों/सरना समिति के प्रतिनिधि को शामिल होंगे.

### गोला को मुरी से जोड़ने वाला रोड बनेगा फोरलेन

**रांची।** गोला से मुरी जाने वाली सड़क के निर्माण को लेकर मार्च में हुई कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव पास किया गया था. इसके तहत गोला से मुरी तक सड़क फोरलेन बनायी जानी है. इस सड़क की लागत 333.17 करोड़ आएगी. सड़क निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गयी है.

## मंइयां सम्मान योजना में राशनकार्ड की बाध्यता समाप्त की जाए : सीपीएम

प्रमुख संवाददाता। रांची

**खास बातें**

- सीपीएम के प्रकाश विप्लव ने सुझाए महत्वपूर्ण सुझाव
- योजना की तारीफ की और सीएम को धन्यवाद दिया

झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना (एमएमएमएसवाई) राज्य की गरीब महिलाओं को कुछ आर्थिक मदद उपलब्ध कराए जाने की दिशा में बढ़ा हुआ ठोस कदम है. राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा है कि अबुआ आवास योजना के बाद एमएमएमएसवाई जिसमें झारखंड की गरीब महिलाओं को केंद्र में रखकर उन्हें राहत प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बधाई के पात्र हैं. एमएमएमएसवाई योजना का लाभ राज्य की महिला आबादी के केवल आधे हिस्से को ही मिल पाएगा. क्योंकि राज्य की महिला जनसंख्या में पचास प्रतिशत से ज्यादा महिलाओं के पास राशनकार्ड नहीं है. हजारों महिलाओं ने राशनकार्ड में अपना नाम जोड़ने या नया राशनकार्ड बनाने के लिए बहुत पहले ही आवेदन दिया है. लेकिन अभी तक पारिवारिक राशन कार्ड में नाम जोड़ने या नया राशन कार्ड निर्गत करने का काम लंबित है.

राशनकार्ड नहीं रहने या राशनकार्ड में नाम नहीं रहने के कारण हजारों गरीब महिलाएं इस योजना से वंचित रहेंगीं. जबकि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक जिले में कम से कम 1 लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ दिया जाए. सीपीएम का राज्य सचिव मंडल हेमंत सरकार से मांग करता है कि एमएमएमएसवाई में राशनकार्ड की बाध्यता को शिथिल किए जाने का आदेश दिया जाए,

### 71 सार्जेंट की वरीयता सूची की गई जारी

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 71 प्रारक्ष अवर निरीक्षक (सार्जेंट) की औपबंधिक वरीयता सूची जारी की है. इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी रेंज के डीआईजी के अलावा एसीबी स्पेशल ब्रांच, रेल और झारखंड जगुआर के डीआईजी को पत्र लिखा है. पुलिस मुख्यालय ने कहा कि अपने क्षेत्र के जिला और इकाई में पदस्थापित सार्जेंट के बीच यह वरीयता सूची को प्रसारित करें, यदि वरीयता सूची में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इसे 15 दिनों के अंदर समर्पित करें. पुलिस मुख्यालय ने वरीयता सूची में अंकित सूचना का मिलान संबंधित कर्मी की सेवा पुस्तिका और अन्य अभिलेख से करने को कहा है. यदि किसी प्रकार की गलती है तो इसकी सूचना उपलब्ध कराने को कहा है. यदि किसी का सूची में नाम छूट गया है या कोई सुधार हो तो, ऐसे पदाधिकारी के संबंध में सूचना अलग से उपलब्ध कराएं.

**मतदाता जागरूकता** कार्यक्रमों को मीडिया में प्रचारित कराएं: नगर विकास सचिव

# नगर निकायों की अहम भूमिका : के. रविकुमार

प्रमुख संवाददाता। रांची

राज्य के मुख्य चुनाव पदाधिकारी के. रविकुमार ने कहा है कि मतदाता जागरूकता अभियान मे राज्य के नगर निकायों अहम भूमिका है. आम लोगों की जीवन से प्रत्येक दिन नगर निकायों वास्ता पड़ता है. के. रविकुमार ने बुधवार को प्रोजेक्ट भवन के सभागार में नगर निकायों के साथ आयोजित समीक्षा दौरान ये बातें कहीं. उन्होंने कहा कि चार राज्यों मे विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. इसलिए अधिक मतदान हो इस पर फोकस करना है. नगर निकाय स्थानीय कोचिंग सेंटर, विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालयों, रात्रि आश्रयणी और वृद्धाश्रमों में मतदाता जारूकता अभियान चलायें. हर निजी घर,



प्रोजेक्ट भवन में समीक्षा के दौरान के. रविकुमार व अन्य.

फ्लैट, अपार्टमेंट और सरकारी कालोनियों में जाकर मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जाये. शहरी स्लम एरिया के मतदाताओं को मतदान के जागरूक करने पर विशेष बल दिया जाये. क्षेत्र में काम करने वाली बीएलओ से कार्य के दौरान आने वाली परेशानियों को पूछ कर समाधान करने का प्रावधान किया जाये.

**प्रचार प्रसार में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्णः अरवा राजकमल :** नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान के प्रचार प्रसार में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है. अभियान से संबंधित निकायों द्वारा किये जा रहे कार्य समाचार पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मे अवश्य आने चाहिए जिससे मतदाता अपने अधिकार और कर्तव्य को जान पायेंगे. राजकमल ने कहा कि वर्तमान समय में किसी अभियान को सफल बनाने मे सोशल मीडिया की भूमिका कम नहीं होती. नगर निकाय सोशल मीडिया का उपयोग करें. समीक्षा के क्रम मे रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार , सुडा डायरेक्टर अमित कुमार, अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार और डीएमए डायरेक्टर सत्येंद्र कुमार शामिल थे.

क्लासिफाइड
















PLEASE SEND YOUR RESUME FOR AN INDUSTRIAL AUTOMATION ORGANISATION, MOSTLY ENGAGED WITH PRESTIGIOUS PROJECTS IN

TATA STEEL, UCIL, ISRO, BARC ETC

1. MARKETTING MANAGER : SALARY 2.4 LAKHS PA, ITI, DEE, BEE FOR JAMSHEDPUR, SALES PLC SCADA HMI KNOWLEDGE, experience 2 years
2. OFFICE ASSISTANT : SALARY 2.4 LAKHS PA, Graduate with 5 Years Work Experiance Computer Proficient, Knowledge About Tender and TATA STEEL PROCUREMENT

MAIL CV : pradeep_wk@yahoo.com












राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | धनबाद, गुरुवार 08 अगस्त 2024 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 04 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 121 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### आवास गिरने से बच्चा दबा

**झरिया :** बीसीसीएल कुजामा कोलियरी अंतगर्त देवप्रभा आउटसोर्सिंग से सटे लोदना कुम्हार बस्ती निवासी पिंटू कुम्हार मिट्टी का आवास गिर गया. पिंटू का तीन वर्षीय पुत्र विनीत मलबे के नीचे दब गया1 किसी प्रकार उसे बाहर निकाला गया. जानकारी पाकर बुधवार को भाजपा नेता योगेंद्र यादव, निर्मला देवी, रूपेश पासवान, सुनील पासवान मौके पर पहुंचे1 लोगों से बात की. बाद में लोदना कोलियरी कार्यालय में पीओ पहुंचे. पीओ एके पांडेय ने प्रभावित लोगों को जल्द सुरक्षित स्थान पर बसाने का आश्वासन दिया.

### फरार अभियुक्त के आवास पर चिपकाया इश्तेहार

**महुदा ।** धोखाधड़ी मामले में फरार चल रहे आरोपी की गिरफ़्तारी को लेकर महुदा थाना प्रभारी के आदेशानुसार एसआई प्रदीप कुमार अपने पुलिस बल के साथ ढ़ोल बजाकर सिंगड़ा बस्ती में राजेंद्र कर्मकार के घर पहुंचे. इस दौरान पुलिस ने ग्रामीणों के समक्ष मामले में फरार चल रहे अभियुक्त कर्मकार की पत्नी कुंती देवी के मकान पर ढ़ोल बजाकर इश्तेहार चिपकाया है. पुलिस ने इश्तेहार चिपकाते हुए आरोपितों को सरेंडर करने के लिए दबाव बनाया.

### हाजरी काटे जाने के विरोध में प्रबंधक की धक्का-मुक्की

**मैथनः** ईसीएल मुगमा क्षेत्र अंतर्गत हरियाजाम 5/6 के सहायक प्रबंधक अमरेंद्र कुमार सिंह द्वारा मजदूर मुन्ना साईं की हाजिरी काटने के विरोध में बुधवार को जनता मजदूर संघ समर्थक मजदूरों एवं प्रबंधक के बीच जमकर नोक झोंक हुई.आक्रोशित जमसं समर्थक मजदूरों ने कोलियरी प्रबंधन को लगभग 2 घंटे तक कमरे में बंद कर बाहर से दरवाजा बंद कर दिया. प्रबंधक को कार्यालय में बंधक बनाए जाने के विरोध में बीसीकेयू समर्थक मजदूर प्रबंधन के समर्थन में सामने आ गए. इस दौरान बीसीकेयू समर्थक मजदूर एवं जमसं समर्थकों के बीच नोकझोंक हुई.

## डीसी ने किया टुंडी कस्तुरबा विद्यालय का निरीक्षण, कहा

# मंईयां सम्मान का सभी को मिलेगा लाभ

**खास बातें**

- स्कूल में पुरुष गार्ड नहीं होनी चाहिए : उपायुक्त
- आफलाइन आवेदन लेकर रिसीव देने का निर्देश

**संवाददाता। धनबाद**



टुंडीः धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बुधवार को टुंडी पहुंचीं. उन्होंने झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना में फार्म आनलाइन करने में आने वाली तकनीकी अड़चनों के बारे में कंप्यूटर आपरेटरों से बारीकी से जानकारी ली. साथ ही वे अधिकारियों से आफलाइन आवेदन लाभुकों से लेकर रिसीव देने का निर्देश दिया. उन्होंने कमारडीह व टुंडी पंचायत भवन का औचक निरीक्षण किया. इसके बाद वे टुंडी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का भी निरीक्षण किया. उन्होंने विद्यालय में पठन-पाठन कर रही छात्राओं से भी विभिन्न बिंदुओं पर पूछताछ की व स्कूल में दिनचर्या मेनू के बारे में जानकारी ली. इस दौरान डीसी मैडम छात्राओं के पेंटिंग प्रदर्शनी देखकर छात्राओं को शाबाशी दी. वार्डन ने स्कूल में पानी की समस्या के बारे में जानकारी दी. उपायुक्त ने आश्वस्त करते हुए कहा कि इस समस्या पर जल्द पहल की जाएगी. उपायुक्त ने कहा की किसी भी हाल में स्कूल में पुरुष गार्ड नहीं होनी चाहिए, उन्होंने चेताया कि वे कभी भी रात में औचक निरीक्षण करने आ जायेंगी. उनके साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, एडीपीओ विजय कुमार, बीडीओ शैलेन्द्र चौरसिया, सीओ जितेन्द्र प्रसाद, बीईइओ मूरत महतो, सीडीपीओ आलोका चौधरी, बीपीओ उमेश कुमार, मुखिया जयनारायण मंडल, मनोज कुंभकार, गौतम दास, कुमार गौरव, दिनेश कुमार, महतो वार्डेन, मनोरमा कुमारी सहित पूरी टीम मौजूद थी.

### ऑफलाइन आवदेन हो रहे जमा

**गोविंदपुर :** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का पंचायत सचिवालयों में अब ऑफलाइन आवेदन भी लिए जा रहे हैं हालांकि लिंक में अभी भी गड़बड़ी है. यही कारण है कि आवेदन ऑनलाइन नहीं हो पा रहे हैं. गोविंदपुर प्रखंड के कई पंचायत सचिवालयों में इस योजना के कार्यान्वयन में अव्यवस्था का आलम है. कई पंचायत सचिवालयों में प्रज्ञा केंद्र संचालक नहीं पहुंच रहे हैं तो कई में आंगनबाड़ी सेविका और आंगनवाड़ी सुपरवाइजर नहीं पहुंच रही हैं. कई महिलाओं ने बताया कि प्रज्ञा केंद्र संचालक नहीं चाहते हैं कि आवेदन ऑनलाइन हो सके. वे चाहते हैं कि सरकार द्वारा निर्धारित तिथि समाप्त हो जाए और वे शुल्क लेकर ऑनलाइन करें. सामाजिक कार्यकर्ता अनूप कुमार साहू ने बताया कि गोविंदपुर पूर्वी पंचायत में भारी अव्यवस्था है.

# कर्ज ने ली जान

## फाइनांस कंपनी ने दी थी धमकी

**संवाददाता। कसमार (बोकारो)**



कसमार थाना क्षेत्र के गर्री निवासी मोती लाल कपरदार के पुत्र सुमित राज उर्फ मनोज कपरदार (41 वर्षीय) का शव पेड़ पर झूलता हुआ बुधवार दोपहर खैराचातर बसरिया स्थित पुरबटांड़ परास बगान से कसमार पुलिस ने बरामद किया. सुमित खैराचातर में सपरिवार रहकर फर्नीचर कारपेंटर का काम करता था. मृतक सुमित की पत्नी अनिता देवी ने बताया कि उसने बोकारो की प्राइवेट फाइनेंस कंपनी आइ फाइनांस से दो लाख पच्चीस हजार रुपये लोन लिया था. बरसात में काम नहीं चलने के कारण वह फाइनेंस कंपनी को किस्त चुका नहीं पा रहा था. बीते दिन फाइनेंस कंपनी के लोगों ने घर आकर काफी प्रताड़ित करते हुए अपमानित किया था. जिसके कारण वह सुबह शौच के लिए निकला और पलास पेड़ की डाली में जाकर गमछे से झूल कर अपनी जिंदगी समाप्त कर ली. सूचना पाकर कसमार थाना के सहायक पुलिस निरीक्षक मो मोज्जमिल ने शव को कब्जे में लेकर खैराचातर एवं गर्री पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

# सरिया अंचल का बड़ा बाबू निकला हत्यारा

- पांच लाख की लेनदेन के विवाद में की गई थी अनिल यादव की हत्या
- वारदात में इस्तेमाल की गई भुजाली व कार बरामद, आरोपी ने अपराध स्वीकारा

**संवाददाता। गिरिडीह**



अलकापुरी निवासी अनिल यादव की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. मामले में पुलिस ने आरोपी को दबोचा है. आरोपी सरिया अंचल का बड़ा बाबू बैजू रविदास है. वारदात के पीछे लेनदेन कारण बताया गया है. पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त भुजाली और उक्त कार को भी बरामद कर लिया है, जिसमें कत्ल के बाद अनिल को लाकर फेंका गया था. आरोपी बैजू ने अपराध स्वीकार लिया है.

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने प्रेस बयान में बताया कि 6 अगस्त को पीरटांड़ थाना अंतर्गत खोखरा मोड़ के पास अज्ञात व्यक्ति की लाश बरामद की गई थी. थाना में कांड संख्या 18/24 प्राथमिकी दर्ज की गई थी. डुमरी एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया था. अनुसंधान के क्रम में मृतक की पहचान अनिल यादव पिता हरि यादव अलकापुरी निवासी के रूप में की गई थी. तीसरी के मूल निवासी अनिल की हत्या का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है. पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में जानकारी मिली कि अनिल का पड़ोसी बैजू रविदास (56) पिता पूरण दास ने वारदात को अंजाम दिया है. उन्होंने बताया कि बैजू सरिया प्रखंड में बड़ा बाबू के पद पर कार्यरत है. दोनों के बीच 500000 लेनदेन का पुराना विवाद था. एसपी ने बताया कि अनिल की हत्या 6 अगस्त को 11- 12 के बीच आरोपी ने अपने आवास पर भुजाली मारकर कर दी थी. लाश छुपाने की नीयत से बैजू ने अपनी स्विफ्ट कर में प्लास्टिक की बोरी में बांधकर उसे खोखरा मोड़ के पास फेंक दिया. बैजू को गिरफ्तार कर लिया गया है. हत्या में उपयोग की गई धारदार भुजली, स्विफ्ट डिजायर (जेएच10सीके-4080) को बरामद कर लिया गया है. बैजू ने अपना अपराध कबूल कर लिया है. साक्ष्य संकलन के लिए एफएसएल की टीम देर शाम तक गिरिडीह पहुंच जाएगी. वारदात कसे जुड़े अन्य साक्ष्यों को एकत्र कर आरोपी को सजा तक पहुंचाने का काम किया जाएगा.

### हादसे के बाद घंटों रहा टावर चौक जाम

हत्यारे की गिरफ्तारी के बाद आक्रोशित परिजनों ने रात 9 :30 बजे से 2 :00 बजे तक टावर चौक को जाम रखा था . अनिल यादव के परिजन टावर चौक को जाम कर न्याय की गुहार लगाते रहे . रात 2 :00 बजे नगर थाना प्रभारी शैलेष प्रसाद समझा-बुझाकर जाम कर रहे लोगों को वापस भेजा, पर सुबह जब परिजनों को मालूम हुआ कि रात में ही अनिल का पोस्टमार्टम कर दिया गया है तो परिजन फिर भड़क गए .सुबह 7 :00 बजे से पुन : टावर चौक को जाम कर दिया . स्थल पर पहुंचे नगर थाना प्रभारी शैलेष प्रसाद ने समर्थकों को जानकारी दी कि मामले में आरोपी पकड़ा गया है, तब जाकर करीब 8 :45 सुबह में जाम हटाया गया .

# करंट से तीन की मौत

## तीनों एक ही परिवार के, पूरे इलाके में पसर गया मातम

**संवाददाता। बोकारो**



बोकारो में बुधवार को बिजली करंट की चपेट में आकर एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई. यह हादसा बाथरूम में जमा पानी को टुल्लू पंप से निकालने के दौरान हुआ. बताया गया कि माराफारी थाना अंतर्गत कैंप वन इलाके में रहने वाले परिवार की सुलेखा देवी ने बाथरूम में जमा पानी निकालने के लिए टुल्लू पंप लगाया था.

इसी दौरान करंट लगने से वह झटका खाकर गिर गईं. इसके बाद उन्हें बचाने की कोशिश में उनकी पुत्री करिश्मा (16) और महिला का भांजा सौरभ कुमार (22) भी करंट की चपेट में आ गए.

पड़ोस के परिवार ने उनकी चीख सुनी तो बिजली की लाइन काटी. इसके बाद तीनों को बोकारो जेनरल हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

हादसे की सूचना पाकर बोकारो के भाजपा विधायक बिरंची नारायण सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग हॉस्पिटल पहुंचे. परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है. विधायक ने जिला प्रशासन से परिवार की मदद की अपील की है.

बता दें कि झारखंड में एक हफ्ते के भीतर करंट लगने की अलग-अलग घटनाओं में दस लोगों की मौत हो चुकी है. लातेहार जिले के बालूमाथ में एक अगस्त को कांवरियों का एक वाहन बिजली खंभे से टकरा गया था और इसकी वजह से करंट से झुलसकर पांच लोगों की जान चली गई थी.

6 अगस्त को पलामू जिले के लेस्लीगंज में खेत की सिंचाई के दौरान करंट से पिता-पुत्र की मौत हो गई थी. इसी दिन दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र में भी फसल पटवन के दौरान बिजली करंट से एक किसान की जान चली गई थी.

# बांकुड़ा मेमू-मालगाड़ी एक ही ट्रैक पर आमने-सामने

**खास बातें**

- प्रधानखंता-रक्षितपुर स्टेशन के बीच बड़ा हादसा टला
- मेमू के चालक व गार्ड को ट्रेन से उतारा गया

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद रेल मंडल के प्रधानखंता-रक्षितपुर स्टेशनों के बीच मंगलवार की दोपहर 08678 धनबाद-बांकुड़ा मेमू और मालगाड़ी आमने-सामने एक ही ट्रैक आ गई.रेलकर्मियों के शोर मचाने पर मेमू के चालक ने होम सिग्नल पार कर ट्रेन रोकी. घटना को लेकर रेल महकमे में अफरा-तफरी मच गई. वरीय अधिकारियों के निर्देश पर मेमू के चालक व गार्ड को रक्षितपुर में उतार लिया गया. उन्हें तत्काल निलंबित कर दिया गया. दूसरे चालक और गार्ड ट्रेन लेकर रवाना किए गए.

### ... तो हो सकती थी टक्कर

जानकारी के मुताबिक, धनबाद-बांकुड़ा मेमू दोपहर 2 :25 पर धनबाद से खुली थी . दूसरी ओर सिंदरी से डीएसटीपी मालगाड़ी रवाना की गई थी .मालगाड़ी को रक्षितपुर से प्रधानखंता होकर धनबाद-हावड़ा मेन लाइन पर आना था . जबकि धनबाद-बांकुड़ा मेमू को होम सिग्नल पर खड़ा होना था, मगर ट्रेन होम सिग्नल को पार कर सामने आ रही मालगाड़ी के ट्रैक पर चली गई .चंद मिनट और देर हो जाती तो बांकुड़ा मेमू और मालगाड़ी की टक्कर हो सकती थी . इधर रक्षितपुर के स्टेशन मास्टर ने रेलवे कंट्रोल को घटना की जानकारी दी . धनबाद-बांकुड़ा मेमू के चालक व गार्ड को उतार लिया गया . दोनों का मुख्यालय आद्रा रेल मंडल है, जो दक्षिण पूर्व रेलवे के अधीन है . उनकी मेडिकल जांच समेत अन्य प्रक्रिया शुरू हो गई है . दोनों के विरुद्ध मेजर चार्जशीट पेनाल्टी की गई है . धनबाद रेल मंडल के अधिकारी ने कहा कि आद्रा रेल मंडल को घटना की जानकारी दे दी गई है . दोनों के खिलाफ कार्रवाई आद्रा रेल मंडल द्वारा की जाएगी .

### कांग्रेस नेता प्रोफेसर डीके सिंह पर जानलेवा हमला, रिम्स रेफर

**धनबाद ।** कांग्रेस नेता व बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के प्रोफेसर डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह पर जानलेवा हमला हुआ है. वे विश्वविद्यालय से वापस घर लौट रहे थे. इसी दौरान मंगलवार को संध्या में 4:30 बजे बाबूडीह खटाल के समीप तीन लड़कों ने उनकी गाड़ी के आगे अपनी बाइक लगाकर रास्ता रोक दिया. इसके बाद कांग्रेस नेता प्रोफेसर डी के सिंह को गाड़ी से बाहर निकाल कर मारपीट की. हमले में उनके कमर, सिर पर सूजन है तथा बाएं कान का पर्दा फट गया है. उन्हें एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती करवाया गया. डॉक्टर ने प्रारंभिक इलाज करके कान के परदे के लिए रांची रिम्स में बेहतर इलाज करवाने की सलाह दी है. मामले की लिखित शिकायत धनबाद थाने में कर दी गई है. डीके सिंह के अनुसार वह तीनों हमलावर को नहीं जानते हैं.

# दिव्यांगों के लिए विशेष मेडिकल शिविर में 49 बच्चों को स्वीकृति

**खास बातें**

- 10 अगस्त तक लगेगा विशेष जांच शिविर
- 54 बच्चों की जांच, 49 को दिव्यांगता सर्टिफिकेट

**संवाददाता। धनबाद**



जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राम शर्मा के निर्देश पर सदर अस्पताल धनबाद में बुधवार को दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष शिविर लगाया गया. शिविर में 54 बच्चों का शारीरिक अथवा मानसिक रूप से दिव्यांगता की जांच की गई. मेडिकल चेकअप करने के बाद 49 बच्चों का दिव्यांगता सर्टिफिकेट जारी किया गया. 5 बच्चों को रिजेक्ट हुए. अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राकेश रोशन ने बताया कि सिविल सर्जन डॉक्टर भानु प्रतापन सिंह एवं डॉक्टर राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न रोग संबंधित 7 डॉक्टरों में गोरा चंद शिशु रोग विशेषज्ञ, मुकेश प्रसाद हड्डी रोग विशेषज्ञ, सरोजिनी मुर्मू नेत्र रोग विशेषज्ञ, राजीव कुमार सिंह औषधि रोग विशेषज्ञ, मीनाक्षी दुबे मनोरोग विशेषज्ञ, मनोज कुमार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ, जुनेद आलम ईएनटी विशेषज्ञ की टीम गठित कर चार दिवसीय 18 साल तक के दिव्यांग बच्चों के लिए स्पेशल कैंप का आयोजन किया गया है. उन्होंने बताया कि दिव्यांग बच्चों के लिए सदर अस्पताल में 10 अगस्त तक विशेष चेकअप शिविर लगाया जाएगा. जिसमें मेडिकल बोर्ड के द्वारा जांच की जाएगी. तदोपरांत उनका सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा. न्यायाधीश रोशन ने बताया कि अब तक 2618 बच्चे चिन्हित किया जा चुके हैं. जो दिव्यांग हैं और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला है. 439 बच्चे ऐसे हैं जिनके पास दिव्यांगता का सर्टिफिकेट नहीं है. इस कारण उन्हें सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है. उन्होंने बताया कि सभी बच्चों का सर्टिफिकेट बनने के बाद उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा. प्रधान जिला जज के निर्देश पर 20 अगस्त से लेकर 22 अगस्त तक जिले के विभिन्न ब्लॉक में स्पेशल कैंप लगाकर दिव्यांग बच्चों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ ऑन स्पॉट दिया जाएगा.इसे लेकर तैयारी की जा चुकी है.

### बीसीसीएल के वर्कशॉप की चहारदीवारी गिरी

**तेतुलमारी :** बीसीसीएल की वेस्ट मोदीडीह कोलियरी के वर्कशॉप की चहारदीवारी बुधवार को अचानक गिर गई. इसकी चपेट आकर में बगल के आवास में खेल रहा एक लड़का घायल हो गया. घायल लड़का साजन कुमार भुइयां (12 वर्ष) स्थानीय निवासी सुरेश भुइयां का नाती है. उसके सिर में गहरी चोट लगी है. उसे इलाज के लिए कतरास के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है. मलबे में दबकर उक्त घर की एक बाइक, टीवी समेत घर के अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गए.खबर पाकर कोलियरी प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल के बाद जख्मी बच्चे के इलाज के लिए सहायता राशि देने का आश्वासन दिया. उक्त परिवार को सुरक्षित स्थान पर आवास उपलब्ध कराने की भी बात कही. बताया गया कि साजन भुइयां सिनीडीह का रहने वाला है. वह 10 दिन पहले अपने ननिहाल वेस्ट मोदीडीह आया था.

**कोविड** 1645 बच्चों को कोल इंडिया आशीष योजना के तहत मिल रही प्रतिवर्ष 45000 की छात्रवृत्ति

# कोल कर्मियों के अनाथ बच्चों को सीआईएल का ‘आशीष’

- कोविड काल में मृत कोल कर्मियों के 424 आश्रितों को मिल चुका है नियोजन

**संवाददाता। धनबाद**

कोविड काल में परिजनों को खोने वाले अनाथ बच्चों को कोल इंडिया का आशीष मिल रहा है. इन बच्चों के लिए कोल इंडिया आशीष योजना शुरू की गई है. माता-पिता खो चुके 1645 बच्चों को कोल इंडिया आशीष योजना के तहत छात्रवृत्ति मिल रही है. कोविड काल में मरने वाले कोल कर्मियों के 424 आश्रितों को अनुकंपा पर नौकरी भी दी गई है. कोल इंडिया ने इन 1645 बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए कोल इंडिया आशीष योजना के माध्यम से आयुष्मान शिक्षा सहायता योजना शुरू की है.



**45000 रुपए की मिलती है छात्रवृत्ति :** कोविड के दौरान अनाथ हुए बच्चों की पढ़ाई-लिखाई बंद हो गई थी, कोल इंडिया आशीष योजना के तहत बच्चों को 4 साल की अवधि के लिए प्रतिवर्ष प्रति बच्चा 45000 रुपए की छात्रवृत्ति देने का प्रावधान है. इस सहयोग से अनाथ बच्चे अपनी पढ़ाई पूरी कर सकेंगे. कोल इंडिया ने अनुकंपा नियुक्ति के तहत 424 आश्रित को नियुक्ति पत्र भी जारी किया है. जिन 424 आश्रित को नौकरी मिली है, उन्होंने भी अपने परिवार के सदस्यों को कोविड में खो दिया था.

आशीष योजना का लाभ जल्द ही बीसीसीएल तक भी पहुंचेगा. बीसीसीएल में कार्यरत उन कर्मियों के आश्रितों को भी योजना के तहत छात्रवृत्ति मिलने की उम्मीद की जा रही है . बताते चलें कि कोविड काल के दौरान बीसीसीएल में काम करने वाले लोगों के भी जान गई थी . उनके आश्रितों की नियोजन प्रक्रिया को प्रबंधन पूरी कर चुका है .

### कई नियमों में हुए बदलाव

कोल इंडिया लिमिटेड ने कर्मचारी हित में कई नियमों को शिथिल किया है तो कई में बदलाव भी किए गए हैं . कोल इंडिया के कर्मचारियों के आश्रितों को नियोजन की नई नीति के बाद अधिकारियों के आश्रितों के नियोजन के नियम में भी संशोधन किया गया था . संशोधित नियम में कोयला अधिकारियों के आश्रितों को अनुकंपा पर नियोजन में बड़ी राहत मिली थी . प्रबंधन ने अधिकारियों के आश्रितों के अनुकंपा पर नियोजन संबंधी नीति में संशोधन करते हुए गैर अधिकारियों की तरह कम उम्र के बच्चे को लाइव रोस्टर में शामिल करने तथा परिवार में किसी आश्रित के नौकरी में रहने के बाद भी अनुकंपा पर दूसरे आश्रित को नौकरी देने पर सहमति दे दी थी . पूर्व में अधिकारियों की मौत पर कम उम्र के बच्चे का नाम लाइव रोस्टर में शामिल करने का प्रावधान नहीं था . परिवार का कोई सदस्य यदि कहीं भी नौकरी में है, तो दूसरे आश्रित को नौकरी नहीं मिलती थी . इन कारणों से आश्रितों को परेशान होना पड़ता था, लेकिन नियमों में बदलाव ने रास्तों को आसान कर दिया है .

# बाइक पर निकले पुलिस कप्तान

**संवाददाता। धनबाद**



धनबाद में विधि व्यवस्था की हालत सुधारने और शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए बुधवार को एसएसपी एचपी जर्नादनन बाइक पर सवार होकर टाइगर जवानों के साथ निकले. शहर की सड़कों पर भ्रमण करते हुए उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया. एसएसपी के नेतृत्व में बाइक पर सवार होकर पुलिस पदाधिकारियों का काफिला पुलिस केंद्र से निकलकर स्टील गेट, सरायढेला, हीरापुर, कोर्ट मोड, सिटी सेंटर, रांगातांड, बैंक मोड, धनसार चौक, जोरा फाटक, हावड़ा मोटर, पानी टंकी, नया बाजार, वासेपुर, भूली, हीरक रोड, बाबुडीह, पॉलिटेक्निक, झाड़ूडीह, बेकार बांध से होकर गुजरा.एसएसपी ने कई स्थानों पर बाइक से उतर स्थानीय लोगों से मुलाक़ात की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली. उन्होंने आवास, दुकान व व्यवसाय से जुड़े प्रतिष्ठाणों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की.उन्होंने थाना प्रभारियों को क्षेत्र में पैदल गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया.स्कूल कॉलेज व कोचिंग सेंटर के बाहर घूमने वाले मनचलों, अड्डेबाजों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने को कहा. थाना प्रभारियों व टाइगर जवानों को इसी तरह नियमित तौर पर बाइक पेट्रोलिंग व ऑन फुट पेट्रोलिंग करने को कहा. सड़कों पर बाइक लेकर स्टंट करने व ओवर स्पीड गाड़ी चलाने वालों की जानकारी पुलिस को मुहैया कराने की अपील की.

### पुलिस केंद्र में टाइगर जवानों को दिशा-निर्देश

इससे पूर्व में एसएसपी ने जिले के टाइगर जवानों के साथ बैठक की . टाइगर जवानों को शहर में गतिविधि बढ़ाने और अपराध की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचने का सख्त निर्देश दिया . इस दौरान एसएसपी ने आधा दर्जन टाइगर जवानों को बेहतर कार्य के लिए रिवार्ड दिया और पांच जवानों को शोकॉज किया है . बैठक के दौरान चेन छिनतई गिरोह, ठग गिरोह और स्टंट करने वालों के खिलाफ सक्रिय रहने का निर्देश दिया .

## ब्रीफ खबरें

### नक्सली बंकर को बोकारो पुलिस ने किया ध्वस्त

**बोकारो।** जिला के बेरमो अनुमंडल अंतर्गत ललपनिया, जगेश्वर विहार थाना में अवस्थित लुगु पहाड़ में 01 करोड़ ईनामी नक्सली विवेक (सीसीएम), 25 लाख ईनामी नक्सली रघुनाथ हेम्ब्रम उर्फ चंचल उर्फ बिरसेन (एसएसी) एवं अन्य ईनामी नक्सलियों की छिपे होने की आसूचना के आलोक में बुधवार को कोबरा-203 बटा०, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ, जैप एवं जिला बल के संयुक्त टीम द्वारा सर्च अभियान चलाया गया. इस दौरान सुरक्षा बलों ने अभियान के क्रम में लुगु पहाड़ में नक्सली बंकर को धवस्त किया तथा नक्सलियों द्वारा रोजमर्रा में उपयोग की जाने वाली विभिन्न सामग्री, नक्सली पत्रिका, नक्सल पोस्टर, खाद्य सामग्री, नक्सलियों द्वारा उपयोग की जाने वाली वर्दी एवं अन्य सामग्रियों की बरामदगी की गयी. वर्तमान में संयुक्त टीम के द्वारा सर्च अभियान जारी है.

### खरखरी में संयुक्त मोर्चा का आक्रोश सभा

**मधुबन।** बीसीसीएल एरिया तीन के गोविंदपुर में स्थित भूमिगत खरखरी चानक को निजी कंपनी हिलटॉप को देने और 159 मजदूरों को महेशपुर कोलियरी में स्थानांतरित करने के खिलाफ संयुक्त मोर्चा द्वारा आक्रोश सभा का आयोजन किया गया. सभा में निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने बीसीसीएल प्रबंधन की तानाशाही और भ्रष्टाचार की निंदा की और मजदूरों को आश्वस्त किया कि वे बीसीसीएल के सीएमडी से बात कर समस्या का समाधान निकालेंगे.

### पर्यावरण उत्सव कार्यक्रम आयोजित

**कतरास।** कतरास में सामाजिक कार्यकर्ता राजेश स्वर्णकार के नेतृत्व में धनबाद नगर निगम द्वारा लिलौरी मंदिर परिसर में पर्यावरण उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में पर्यावरण को बचाने के लिए संकल्प लिया गया और सैकड़ों पौधे लगाए गए. वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम में नगर निगम के प्रतिनिधि, थाना प्रभारी असित कुमार सिंह, और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे. अंत में थाना प्रभारी और राजेश स्वर्णकार ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया.

### राजद नेत्री सुनीता सिंह के पिता का निधन

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा में राजद नेत्री और करनी सेना धनबाद जिला अध्यक्ष सुनीता सिंह के 75 वर्षीय पिता कृष्ण कुमार सिंह का मंगलवार को निधन हो गया. उनका अंतिम संस्कार माझी सीमिरिया घाट पर किया गया. शोक व्यक्त करने वालों में संजय सिंह, प्रभुनाथ सिंह, उमेश सिंह, कमलेश सिंह, देवराज सिंह, राजेश्वर सिंह और समस्त कृष्ण दरवार सिंह परिवार उपस्थित थे.

### अल्पसंख्यक वोट किसी की जागीर नहीं : लाला

**गोमो।** झारखंड में विधानसभा का चुनाव में अभी विलंब है लेकिन माहौल धीरे-धीरे बनने लगा है. बड़े दलों से जुडे नेतागण आम मतदाताओं के बीच भीतर पेट बनाने में लगे हैं तो वहीं स्थानीय मंचों के उम्मीदवार खुल कर चुनाव की तैयारी में जुट गए. इसी कड़ी में बुधवार को अतिथि पैलेस गोमो में मिलन समारोह के आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद संख्या 16 (बाघमारा) के सदस्य मोहम्मद इसराफिल उर्फ लाला को फुल माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया. समर्पित कार्यकर्ताओं ने लाला को टुंडी विधानसभा क्षेत्र के भावी विधायक के रूप में पेश किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लाला ने कहा कि टुंडी के वर्तमान विधायक से लोगों का मोह भंग हो गया है.

**शुभम संदेश इंपैक्ट**

पंचगढी बाजार की मुख्य सड़कों में जल जमाव की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद निगम रेस

# शहर के नालियों की साफ-सफाई युद्धस्तर पर शुरू

- थाना प्रभारी के साथ सिटी मैनेजर ने चलाया अतिक्रमण मुक्त अभियान
- नालियों के अतिक्रमण को बताया कारण, हटाने का दिया निर्देश





संवाददाता । कतरास

मंगलवार को महज कुछ घंटे की बारिश में पंचगढी बाजार की मुख्य सड़कों में भारी जलजमाव व टापू में तब्दील होने की खबर शुभम संदेश में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद निगम अधिकारी हरकत में आ गए. बुधवार को आनन- फानन में शहर के मछली पट्टी, कतरास थाना चौक, राजस्थानी धर्मशाला ,सब्जी पट्टी, सहित अन्य इलाकों की नालियों की साफ-सफाई का कार्य युद्धस्तर पर शुरू करवाई गई. नगर निगम कतरास अंचल कार्यालय के सिटी मैनेजर साबिर आलम, कतरास थाना प्रभारी असित कुमार सिंह के साथ शहर में निकले और अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया. इसके साथ ही नालियों पर अतिक्रमण कर दुकान चला रहे लोगों की दुकानें हटवा कर नालियों की साफ सफाई शुरू की गई.

सिटी मैनेजर साबिर आलम ने कहा कि बारिश से पूर्व नालियों की साफ-सफाई की गई थी लेकिन नालियों पर अतिक्रमण होने के कारण कुछ स्थानों पर नालियों की सफाई नहीं हो सकी थी, इस कारण बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो रहा है. कहा कि मछली पट्टी सहित अन्य स्थानों पर कुछ लोगों ने नालियों का अतिक्रमण कर दुकान का निर्माण करवा लिया है. उन्हें जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने का हिदायत दी गई है. अगर हिदायत के बाद भी लोग नालियों से अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो निगम उनलोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगा. उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि नालियों का नवनिर्माण के लिए टेंडर निकाल दिया गया है, जल्द ही नालियों का निर्माण कराया जाएगा. उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि शहर को साफ-सुथरा रखना आम लोगों की भी जवाबदेही है. नालियों में कूड़ा, करकट और प्लास्टिक नहीं डालना चाहिए, इनके ही कारण नालियां जाम हो रही हैं. उल्लेखनीय है कि मंगलवार की दोपहर हुई बारिश के बाद शहर के मुख्य मार्ग के कतरास थाना चौक से लेकर राजस्थानी धर्मशाला तक सड़कों पर भारी जलजमाव हो गया था.

कई आवासों व दुकानों में बरसात का पानी घुस गया था. पूरा मार्ग टापू में तब्दील हो गया था. शुभम संदेश अखबार ने प्रमुखता से इस समस्या को प्रकाशित किया था.

### गोविंदपुर थाने का आईजी ने किया निरीक्षण

**गोविंदपुर।** जोनल आईजी माइकल राज एस ने बुधवार को गोविंदपुर थाना का निरीक्षण किया. उन्होंने कहा कि पुलिस का जनता से मित्रवत व्यवहार होना चाहिए. इसका निर्देश वह हमेशा सभी पुलिस अधिकारियों को देते रहे हैं . थाना में आने वाली महिलाओं और वरीय नागरिकों के साथ पुलिस का अच्छा व्यवहार होना चाहिए.बताया कि व्यवसाइयों को फोन पर धमकी देने के मामले में भी पुलिस काम कर रही है. विदेश में बैठकर धमकी देने वाले अपराधियों को पकड़ने में भारत सरकार की विभिन्न एजेंसियों का सहयोग लिया जा रहा है.

उन्होंने कहा कि पुलिस के अलावा पब्लिक को भी नए कानून की जानकारी होनी चाहिए और अपराध नियंत्रण में भी पुलिस को जनता का पूरा सहयोग चाहिए. पुलिस भी समाज का एक अंग है.

# चिरकुंडा में बस की चपेट में आने से छात्रा की मौत

## आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम, आश्वासन के बाद हटा जाम

**खास बातें**

- साइकिल से जा रही थी, बस ने चपेट में ले लिया



संवाददाता । मैथन

चिरकुण्डा राणी सती मंदिर के पास सड़क दुर्घटना में एक किशोरी प्रिया कुमारी उम्र 15 की मौके पर ही मौत हो गयी. दुर्घटना दोपहर करीब बारह बजे की है. वह अपने घर कुमारधुबी संजय नगर से साइकल से बैंक खाता अप टू डेट कराने चिरकुण्डा बैंक जा रही थी. तभी उसी दिशा से आ रही झारखण्ड बस ने प्रिया को अपनी चपेट में ले लिया. उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया. जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. आक्रोशित संजयनगर व आसपास के पांच सौ से अधिक ग्रामीण परिजनों के साथ प्रिया का शव लेकर सड़क पर उतर गये. मुगमा-चिरकुण्डा जीटी रोड को बांस बल्ली से जाम कर दिया. छोटे-बड़े सभी वाहनों को रोक दिया. बस चालक की गिरफ्तारी व मुआवजा की मांग करते हुए जमकर प्रदर्शन किया. कहा जबतक चालक गिरफ्तार नहीं हो जाता व उचित मुआवजा नहीं मिल जाता वे लोग सड़क से नहीं हटेंगे. सूचना पर चिरकुण्डा सर्किल की पुलिस मौके पर पहुंच ग्रामीणों से वार्ता की. हर संभव मदद एवं उचित कानूनी कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया लेकिन ग्रामीण कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे. एग्यारकुण्ड बीडीओ मधु कुमारी, निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, जिप सदस्य गुलाम कुरैशी, माले नेता नागेन्द्र कुमार सहित अन्य लोग भी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया. लेकिन ग्रामीणों ने साफ कहा कि फैसला ऑन द स्पाट होगा. छह घंटा प्रदर्शन के बाद पुलिस के काफी समझाने पर लोग माने और शव को वहां से हटाया. कुमारधुबी ओपी प्रभारी पंकज कुमार ने बस मालिक से गुरूवार को वार्ता करा उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया. इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये धनबाद भेज दिया.

प्रिया कुमारधुबी हाई स्कूल में 10वीं की छात्रा थी. चार भाई बहन में वह सबसे बड़ी इकलौती थी. दिहाड़ी मजदूर पिता संजीत उर्फ पप्पू मोदी ने नम आंखों से कहा कि प्रिया काफी होनहार, हंसमुख और चंचल थी. खुद की पढ़ाई के साथ साथ तीनों छोटे भाइयों की पढ़ाई पर ध्यान देती थी. शव के पास उसकी मां दहाड़ मारकर रो रही थी. मुहल्ले की महिलाएं भी सड़क पर शव के साथ थी. सभी रो रहीं थीं. मुहल्ले के लोग भी मर्माहत थे. किसी को यह विश्वास नहीं हो रहा था कि सभी की प्रिय प्रिया अब उन सबों के बीच नहीं रही.

**राहगीरों से नोकझोंक**

सड़क जाम के दौरान आम लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी. जीटी रोड पर दो- तीन जगह बांस बल्ली लगाकर लोगों ने पूरी तरह से रोड को जाम कर दिया था. साइकल तक जाने नहीं दिया जा रहा था. इस दौरान राहगीरों से नोक-झोंक भी हुई हालांकि गांव टोले मुहल्ले की गलियों का सहारा लेकर लोगों ने परेशानी कम जरूर की.

### जयराम की पार्टी का पंजीकरण



**तोपचांची।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के अध्यक्ष जयराम महतो की राजनीतिक पार्टी का पंजीकरण हो गया है. चुनाव आयोग ने जयराम महतो की पार्टी का नाम झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रखने की मंजूरी दी है. विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में लगे जयराम महतो का संगठन अब राजनीतिक हो गया है. चुनाव आयोग ने उनकी पार्टी जेएलकेएम को मान्यता दे दी है. जयराम महतो ने मंगलवार को जेबीकेएसएस और जेएलकेएम के सेंट्रल वर्किंग कमिटी का गठन किया था.लोकसभा चुनाव के दौरान भी जयराम महतो ने झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बैनर तले उम्मीदवार खड़े किए थे लेकिन चुनाव आयोग में दल का पंजीकरण नहीं होने के कारण निर्दलीय प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारे थे. झारखंड में विधानसभा चुनाव सर पर है.जयराम झारखंड के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से अपने प्रत्याशी उतारने के लिए तैयारी में लगे हैं. विधानसभा चुनाव के दौरान जयराम महतो के प्रत्याशी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बैनर पर चुनाव लडेंगे.

विधानसभा ध्यानाकर्षण की विशेष समिति ने की

### सीवरेज ड्रेनेज सिस्टम की समीक्षा



संवाददाता । धनबाद

झारखण्ड विधानसभा की प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण की विशेष समिति ने बुधवार को एक बार पुनः सर्किट हाउस में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ सिवरेज ड्रेनेज़ सिस्टम पर समीक्षा बैठक की. पिछले दिनों की गई बैठक में दिए गए निर्देशों का क्रियान्वयन एवं स्थल निरिक्षण के दौरान पायी गई समस्याओं के निराकरण को लेकर किए जा रहे कार्यों की प्रगति की रिपोर्ट ली. समिति के सभापति सह झामुमो के विधायक मथुरा प्रसाद महतो की अध्यक्षता में बैठक हुई. सभापति ने कहा कि बैठक सकारात्मक रही.जल जमाव की स्थिति से निपटने को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं. बैठक में नगर निगम,पीएचईडी, आरसीडी, साज, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग आदि विभागों के पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए.

### धनबाद रेल मंडल में टिकट चेकिंग अभियान

**धनबाद।** धनबाद रेल मंडल द्वारा विभिन्न रेलवे स्टेशन में मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया.इस दौरान 683 बेटिकट यात्रियों से कुल तीन लाख चार हजार 670 रुपया जुर्माना वसूला गया.टिकट चेकिंग अभियान धनबाद,गोमो,चंद्रपुरा ,कोडरमा, बरका ना, चोपन,सिंगरौली सहित अन्य स्टेशनों में चला. धनबाद मंडल की टीम द्वारा विभिन्न स्टेशनों में खड़ी मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों का टिकट जांच की गई. प्लेटफॉर्म पर इधर घूम रहे यात्रियों ,लेडीज और विकलांग कोच में सफर कर रहे यात्रियों पर लगाम कसा गया.






### अध्यक्षपद के लिए चेतन प्रकाश गोयनका-राजीव ने लिया फार्म

जिला चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री चुनाव 2024-26



- पहले दिन अध्यक्ष, महासचिव व कोषाध्यक्ष के लिए 6 नॉमिनेशन फार्म लिए गए

संवाददाता । धनबाद

बुधवार को फेडरेशन ऑफ धनबाद जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का 2024-26 सत्र के चुनाव के लिए नॉमिनेशन फार्म चीरागोड़ा स्थित कार्यालय में मिलना शुरू हो गया. चुनाव प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को 6 फार्म लिए गए. अध्यक्ष पद पर चेतन प्रकाश गोयनका और राजीव शर्मा ने फार्म लिए. महासचिव पद उम्मीदवार के लिए अजय नारायण लाल और राजेश गुप्ता और कोषाध्यक्ष पद के लिए श्याम नारायण गुप्ता और संजीव कुमार चौरसिया ने फार्म लिए है. नॉमीनेशन फार्म 7 से 9 अगस्त तक प्रातः 11 बजे से 2 बजे दोपहर तक चीरागोड़ा स्थित कार्यालय में दी जा रही है.फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 11अगस्त तक है.

### धनबाद स्टेशन में यूपी-एमपी के छह नाबालिग समेत 10 का रेस्क्यू

**खास बातें**

- चाइल्ड ट्रैफ़िकिंग को लेकर बड़ा एक्शन
- 6 नाबालिग से झालदा में कराया जा रहा था काम



धनबाद . धनबाद स्टेशन में रेलवे चाइल्ड लाइन की टीम ने बुधवार को दस लोगों को रेस्क्यू किया. इनमें आधा दर्जन नाबालिग हैं. सभी सिंगरौली और सोनभद्र के हैं. पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के झलदा एवं आसपास में बच्चों से चौदह घंटे तक काम कराया जा रहा था. स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक में सभी थके हारे प्लेटफार्म में सोए हुए थे कि रेलवे चाइल्ड लाइन के विकास कुमार और सिंपी गुप्ता ने पड़ताल शुरू की. शक्तिपूंज एक्सप्रेस से बड़ी संख्या में बच्चों को लेकर मनसाराम अगाड़िया नामक एक बाल तस्कर यहां से लेकर निकलने वाला है. ऐसी सूचना मिलने पर सीडब्लूसी के चेयरपर्सन उत्तम मुखर्जी ने अलर्ट किया था. आरपीएफ़ इंस्पेक्टर पंकज कुमार ने भी इसमें सहयोग दिया. इनमें से चार वयस्क थे, जिन्हें मुक्त कर दिया गया. शेष आधा दर्जन बच्चों को चिकित्सकीय परीक्षण के बाद बोकारो बाल गृह में आवासित किया गया. सीडब्लूसी अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी ने डीएलएसए सचिव राकेश रौशन समेत अन्य वरीय अधिकारियों को सूचना दी. सारे बच्चों को एम्बुलेंस से बोकारो भेजा गया. बच्चों ने सीडब्लूसी चेयरपर्सन उत्तम मुखर्जी को बताया कि तस्कर के चक्कर में वे फंस गए हैं. बोरिंग,खेती का काम, मज़दूरी के बहाने चौदह घंटे काम लिया जाता था. तीन बच्चे बीमार पड़ गये लेकिन इलाज तक नहीं कराया गया. ऐसी स्थिति हो गई थी कि भूत जैसा चेहरा हो गया था. नहाने भी नहीं दिया जाता था. भीषण ग़रीबी और लाचारी के कारण उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश से बच्चे काम के लिए निकले थे. पूरे झारखंड में एकसाथ दस के रेस्क्यू होने का पहला मामला है.









अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला

## 1450 आवेदकों में 230 चयनित, 217 शार्टलिस्ट

संवाददाता । धनबाद



बुधवार को अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर, बरटांड़, धनबाद में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया. आयोजन में चीफ इंस्पेक्टर ऑफ बोइलेर्स झारखंड उपस्थित हुए. नियोजन पदाधिकारी धनबाद आनन्द कुमार द्वारा पौधा देकर उनका स्वागत किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत शंभू नाथ वर्मा चीफ इंस्पेक्टर ऑफ बोइलेर्स झारखंड, प्रवीण कुमार-श्रम अधीक्षक धनबाद, रंजीत कुमार श्रम अधीक्षक, धनबाद, राकेश कुमार मुख्य प्रशिक्षण अधिकारी आईटीआई धनबाद एवं आनंद कुमार नियोजन पदाधिकारी धनबाद के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करते हुए दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला की शुरुआत की गई. नियोजन पदाधिकारी धनबाद रोजगार मेला में विभिन्न नियोक्ताओं द्वारा लगाये गये स्टॉल का भ्रमण कर विभिन्न रिक्तियों, सेवा शर्तो के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई. कुछ आवेदकों की चयन के पश्चात नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया.

इस रोजगार मेला में 21 नियोजकों ने उपस्थिती दर्ज कराई तथा लगभग - 1450 आवेदक-आवेदिकाओं ने भाग लिया. नियोजकों द्वारा कुल 230 आवेदकों को चयनित किया गया तथा 217 आवेदकों को शॉर्ट-लिस्ट किया गया. कंचनमाला किस्कु, प्रधान लिपिक, जय प्रकाश गुप्ता, सूरज कुमार उच्च वर्गीय लिपिक, प्रशान्त गोयल, विवेक कुमार साव संजय कुमार साव, अमित कुमार आदि सक्रिय रहे.

### बीसीसीएल : प्रतिदिन उत्पादन रिपोर्ट

| एरिया | | कोल | ट्रांसपोर्ट |
|---|---|---|---|
| बरोरा | - | 14,501 टन | 9,473 टन |
| ब्लॉक-2 | - | 14,023 ʼʼ | 14,486 ʼʼ |
| गोविंदपुर | - | 1,218 ʼʼ | 3,320 ʼʼ |
| कतरास | - | 3,000 ʼʼ | 2,250 ʼʼ |
| सिजुवा | - | 3,007 ʼʼ | 4,832 ʼʼ |
| कुसुंडा | - | 7,520 ʼʼ | 5,602 ʼʼ |
| पंजाब | - | 126 ʼʼ | 0 ʼʼ |
| बस्ताकोला | - | 11,018 ʼʼ | 8,490 ʼʼ |
| लोदना | - | 11,800 ʼʼ | 11,794 ʼʼ |
| ईजे | - | 6,510 ʼʼ | 0 ʼʼ |
| सीवी | - | 1,400 ʼʼ | 0 ʼʼ |
| डब्ल्यू जे | - | 1,120 ʼʼ | 0 ʼʼ |
| कुल | | 75,243 | 60,253 |




**ब्रीफ खबरें**

### छेड़खानी के आरोपी को 2 वर्ष का कारावास

**साहिबगंज।** बुधवार को संत थॉमस बालिका उच्च विद्यालय धर्मपुर के 10वीं की छात्रा के साथ स्कूल जाने आने के दौरान छेड़छाड़ करने तथा तेजाब से जलने का धमकी देने के मामले में वीरेंद्र श्रीवास्तव जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय सह विशेष न्यायाधीश पोक्सो साहिबगंज के न्यायालय ने आरोपी बैजू किस्कु को दोषी पाते हुए 2 वर्ष का कारावास एवं 10000 जुर्माना की सजा सुनाई है. मिली जानकारी के अनुसार संत थॉमस बालिका उच्च विद्यालय धर्मपुर के दसवीं की छात्रा को विद्यालय आने जाने के दौरान आरोपी बैजू किस्कू पीछा करता था और धमकी देता था कि तुम मेरी बात नहीं मानोगी तो दुमका में जैसा घटना घटित हुआ है, तुम्हारे साथ भी ऐसा ही घटना घटित कर दूंगा. उक्त आरोपी के द्वारा छेड़छाड़ करने तथा पीछा करने के मामले में पीड़िता ने रांगा थाना में आरोपी बैजू किस्कू के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराई थी. न्यायालय ने दोनों पक्षों की वहस सुनने तथा दस्तावेज पर उपलब्ध साक्ष्य को मद्देनजर रखते हुए उक्त आरोपी बैजू किस्कू को दोषी पाया.

### लाल मोहन बने झाश्रसं बियाडा कमेटी के अध्यक्ष

**बोकारो।** बोकारो औधोगिक क्षेत्र स्थित झारखंड श्रमिक संघ के अध्यक्ष मोहन मुर्मू की अध्यक्षता में बुधवार को जिला समिति की एक बैठक हुई. इस दौरान बोकारो औद्योगिक क्षेत्र की कमेटी का हुआ गठन किया गया. जिसमें अध्यक्ष के रूप में लाल मोहन हेंब्रम, उपाध्यक्ष विदीका हेंब्रम, राजकुमार सोरेन, अभिषेक सोरेन, शिवजड़ी देवी, सचिव उदय गोस्वामी, संगठन सचिव शिवचांद मुर्मू, पानुमती देवी, विजय रजवार, सावित्री देवी तथा कोषाध्यक्ष सुशील हेंब्रम को बनाया गया.

### डीआरएम ने किया बरहरवा स्टेशन परिसर का निरीक्षण

**साहिबगंज।** बरहरवा रेलवे स्टेशन परिसर का बुधवार को मालदा डिविजन के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान संरक्षित एवं सुरक्षित ट्रेन संचालन के लिए रेलवे ट्रैक, प्वाइंट और क्रोसिंग, सिग्नलिंग सिस्टम और सुरक्षा उपायों की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने कुछ खामियां भी पाई और उपस्थित रेलवे अधिकारियों को फटकार लगाते हुए अपनी जिम्मेवारियों को समझने का पाठ पढ़ाया. साथ ही सभी कर्मियों को प्वाइंट की सही मापी करवाया. आगे निर्देश दिया कि कहीं बड़ी हादसा न हो जाए इसके लिए इनकी देखरेख जरूरी है. इस मौके पर स्टेशन प्रबंधक ओम प्रकाश गुप्ता, आरपीएफ पुलिस इंस्पेक्टर संजीव कुमार एवं टेक्निकल टीम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे.

### निर्मल महतो का शहादत दिवस मनेगा

**तलगड़िया।** झारखंड आंदोलनकारी नेता सह आजसू के संस्थापक शहीद निर्मल महतो की 37वां शहादत दिवस अलकुशा में मनाई जायेगी. इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया जायेगा. यह जानकारी शहीद निर्मल महतो स्मारक समिति अलकुशा के संस्थापक सदस्य मंटू महतो ने दी. इस अवसर पर योधाडीह मोड़ चास स्थित कुड़मी छात्रावास, शहीद निर्मल महतो स्कूल कालापत्थर में भी पुण्यतिथि मनाई जायेगी. इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा. यह जानकारी स्कूल के संस्थापक चक्रधर महतो ने दी.

### भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने शोक संदेश पत्र सौंपा

**देवघर/मधुपुर।** बुधवार को खलासी मोहल्ला स्थित पूर्व सांसद फुरकान अंसारी के आवास पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा मधुपुर के सदस्यों द्वारा शाखा की आजीवन सदस्य शबाना खातून के साथ उनके परिजनों को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा मधुपुर द्वारा शोक संदेश पत्र सौंपा. बीते 1 अगस्त को देर रात उनकी माता सेवानिवृत्त शिक्षका मुश्तरी खातून का हृदय गति रुक जाने कारण से आकस्मिक निधन हो गया था. सभी सदस्यों ने मृतका की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया. मौके पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी अनुमंडल शाखा मधुपुर के सचिव महेंद्र घोष, उपाध्यक्ष हेमंत नारायण सिंह, सना अंसारी, अयान अंसारी, अधिवक्ता गोल्डी खान, रशीद खान, एजाज अहमद, राजीव वर्मा आदि मौजूद थे.

## एसपी ऑफिस में पदस्थापित महिला सिपाही की पेड़ से लटकती मिली लाश

संवाददाता। गोड्डा

जिला पुलिस बल में महिला आरक्षी पद पर कार्यरत मीना मरांडी ने बीते रात्रि अपने आवास पर आत्महत्या कर ली. घटना मंगलवार रात्रि करीब नौ बजे की है. मीना मरांडी पुलिस अधीक्षक कार्यालय गोड्डा में ऑर्डरली के पद पर कार्यरत थी. प्रतिदिन की भांति मंगलवार की रात्रि करीब साढ़े सात बजे ड्यूटी कर वापस अपने पुलिस लाइन स्थित सरकारी आवास पर लौटी थी. परिजनों के अनुसार घर लौटकर सभी मिलकर खाना बनाया और बच्चों के साथ खाना खाने के बाद घर के पीछे की ओर निकल गई. जब कुछ देर तक वापस नहीं आई तो पति निकेश मुर्मू और बच्चे देखने गए तो सभी दंग रह गए. मीना मरांडी का शरीर आम के पेड़ से लटक रहा था. तत्काल इसकी सूचना पुलिस अधिकारियों को दी गई. मौके पर एसडीपीओ जेपीएन चौधरी, नगर थाना प्रभारी दिनेश महली, पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक सहित अन्य पुलिसकर्मी पहुंचे और शव को अस्पताल भिजवाया. मृतका के पति के अनुसार किसी से कोई विवाद भी नहीं हुआ था. सब कुछ सामान्य था. बच्चों को भी किसी प्रकार का कोई बात नहीं बताई थी. फिर ऐसी हरकत क्यों कर ली, जिससे आत्महत्या करना पड़ा, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है. एसडीपीओ श्री चौधरी के अनुसार प्रथम दृष्टया कोई कारण तो सामने नहीं आया है. लाश का पोस्टमार्टम रिर्पोट आने के बाद ही कुछ जानकारी मिल सकेगी. मृतका अपने पीछे तीन बेटी, एक बेटा और पति को छोड़ गई है. घटना को लेकर एक अन्य पहलू भी है, जिसपर दबे जुबान चर्चा भी हो रही है कि सहकर्मियों का मृतका के साथ किस प्रकार का व्यवहार था. इसकी भी जांच किए जाने की जरूरत है. फिलहाल घटना को लेकर पुलिस कर्मियों में दुख है.

## रामपुर-खपड़ोडीह मेन रोड की स्थिति नारकीय

### सड़क पर चलने वाले राहगीर गिरकर हो रहे हैं घायल

संवाददाता। देवघर



बरसात ने कई सड़कों की हालत बिगाड़ दी है. कई स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे लोगों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हो रही है. लोगों ने सड़क को जल्द से जल्द बनाने की मांग की ताकि लोगों की आवाजाही बेहतर ढंग से हो सके. मालूम हो कि खपड़ोडीह-रामपुर मेन सड़क की हालत बद से बदतर हो गई है. लोग इनमें गिरकर घायल हो रहे हैं. यह सड़क निर्माण के लिए बिगत दस सालों से यहां के लोग मांग कर रहे हैं. सरकार हर साल करोड़ों की योजना पारित कर पक्की सड़क से जोड़ने का दावा करती है. पर, अब भी क्षेत्र के जर्जर सड़कों की समस्या से ग्रस्त है. सड़क की स्थिति को देखने के लिए देवघर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता तुफान महथा वार्ड 26 के खपड़ोडीह मोहल्ल के स्थानीय लोगों के बीच पहुंचे. सड़क की समस्या के तुरंत निदान के लिए तुफान महथा ने संबंधित पदाधिकारी से बात कर उन्हें जल्द ही समस्या का समाधान करने का आग्रह किया.

### ई-रिक्शा चालक के साथ मारपीट, जख्मी



**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के शांति नगर के आगे घोघी पहाड़ के समीप मंगलवार की रात एक ई-रिक्शा चालक को बंधक बना कर उसकी पिटाई करने का मामला सामने आया है. वहीं उसके सिर पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर उसे गंभीर रूप से ज़ख्मी कर दिया गया है. बाद में परिजनों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया. जहां परिजनों ने बताया कि शांति नगर घोघी पहाड़ के रहने वाले छोटेलाल मंडल उम्र 45 अपने घर से मंगलवार की सुबह 09 बजे ई- रिक्शा लेकर निकला था. इसके बाद दिन भर घर नहीं लौटा. उसकी काफी खोजबीन की गई. देर रात लगभग सात बजे घोघी पहाड़ में घायल अवस्था में मिला. घायल की पत्नी ने बताया कि कुछ लोगों ने उसके पति को बांधकर पीटा. फिर कुल्हाड़ी से मार कर सिर फाड़ दिया. चिकित्सकों ने घायल का उपचार किया. खबर लिखे जाने तक घायल कुछ बताने की स्थिति में नहीं था. जिरवाबाड़ी थाना पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

### शंकर हत्याकांड में कामयाबी पर एसपी को दी बधाई

**बोकारो।** बोकारो के स्क्रैप कारोबारी शंकर रवानी हत्याकांड में पुलिस की कामयाबी पर बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स ने एसपी पूज्य प्रकाश समेत पूरी टीम को बधाई दी है. चैंबर अध्यक्ष राजेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि एसपी के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ-साथ बड़े पैमाने पर हथियार व गोलियां बरामद किया है, जो उपलब्धि है. इसके लिए एसपी, सिटी डीएसपी समेत अनुसंधान में लगी पूरी टीम बधाई के पात्र हैं. उन्होंने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट के आधुनिकीकरण व शहर के औद्योगिक विकास पर अपराधियों की नजर थी. दहशतगर्दी के लिए हथियारों का जखीरा लाकर शहर में रखा गया था. पुलिस ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया है. चैंबर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश चौधरी, ज्ञानेंद्र पांडे, महामंत्री प्रवीण कुमार, सचिव विनोद कुमार, प्रमोद कुमार, जीवन कुमार, वीरेंद्र कुमार, नवीन कुमार, मनोज पासवान समेत अन्य पदाधिकारियों ने भी पुलिस को इस उपलब्धि पर बधाई दी है.

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को ले डीसी ने की बैठक

**गिरिडीह।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बुधवार को समाहरणालय सभागार में डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने अधिकारियों संग बैठक की. बैठक में स्वतंत्रता दिवस 2024 की तैयारियों के संबंध में रूपरेखा तैयार की गई. उक्त बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारियों को पूर्वाभ्यास एवं ध्वजारोहण के दौरान बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. स्वतंत्रता दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने के लिए अधिकारी पूरी तत्परता से कार्य करना सुनिश्चित करें. स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह झंडा मैदान, गिरिडीह में आयोजित किया जाएगा. जिसमें झंडोतोलन-राष्ट्रगान, परेड किया जाएगा. परेड का पूर्वाभ्यास मुख्य समारोह स्थल पर होगा. बैठक में झंडा मैदान की साफ-सफाई, रंग रोगन, लाउड स्पीकर की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, लोगों के बैठने की व्यवस्था, अग्निशमन दस्ता, स्वतंत्रता सेनानियों को आमंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, परेड समेत अन्य के लिए संबंधित पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर निर्देशित किया. साथ ही साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया गया. स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर शहर के सभी चौक-चैराहों एवं सभी प्रतिमा, मूर्तियों की साफ-सफाई आदि कार्य का निष्पादन 14 अगस्त से पूर्व सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया.

# मनीष हत्या कांड का पुलिस ने किया उद्भेदन, एक गिरफ्तार

## फुफेरा भाई ही निकला हत्यारा, प्रेम प्रसंग बना हत्या का कारण

संवाददाता। कथारा



कथारा ओपी थाना क्षेत्र के झिरकी बस्ती के रविदास टोला में बीते सोमवार को दिन दहाड़े 26 वर्षीय मनीष कुमार दास नामक युवक की हत्या कर दी गई थी. हत्या कांड के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया.

तेनुघाट बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के सभागार में प्रेस कांफ्रेंस किया गया. जहां बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विशिष्ट नारायण सिंह ने बताया कि पांच अगस्त को कथारा ओपी क्षेत्र अंतर्गत झिरकी रविदास टोला के मनीष कुमार दास को चाकू मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था. वहीं सूचना पाकर स्थानीय कथारा ओपी पुलिस द्वारा तुरंत कथारा हॉस्पिटल ईलाज के लिए ले जाया गया. जहां चिकित्स्कों ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया था. वहीं मृतक के पिता युगेश्वर रविदास के व्यान के आधार पर हत्या का मामला कथारा ओपी ने दर्ज की थी. वहीं बोकारो पुलिस अधीक्षक के द्वारा मामला को गंभीरता एवं संवेदशीलता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेरमो के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान टीम गठित कर त्वरित रूप से कांड का उद्भेदन कर अपराध में संलिप्त अपराधी को गिरफ्तार किया गया. वहीं गिरफ्तार अभियुक्त ने पुलिस के समक्ष अपने अपराध को स्वीकार किया और बताया कि रामगढ़ जिले की एक लड़की से प्रेम प्रसंग लगभग 5 साल से चल रहा था, जो कुछ दिनों से बात नहीं कर रही थी. फिर पता चला कि वही लड़की ममेरा भाई से बहुत बात करती है और ममेरा भाई सब कुछ जानते हुए गद्दारी कर रह है. जो अभियुक्त विनोद रविदास को बर्दाश्त नहीं हुआ और हत्या की घटना को अंज़ाम दिया. अभियुक्त के बताए निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त खून लगा हथियार, टी सर्ट, गमछा, चाकू-3, मोटरसाईकिल, फिंगर प्रिंट टीम के द्वारा जप्त किया गया. गिरफ्तार अभियुक्त विनोद रविदास, उम्र 27 वर्ष, पिता स्व शिवनाथ रविदास, होसिर गोरिया टोला, थाना गोमिया, जिला बोकारो का रहने वाला है. छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक महेश प्रसाद, कथारा ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति, पुअनि तेनुघाट ओपी प्रभारी अजीत कुमार, अभिषेक किशोर, शशिशेखर, नित्यानंद भोकता, प्रफुल कुमार महतो, रवि चौरसिया, कृष्णनंद पाठक सहित सशास्त्र बल शामिल थे.

### ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार, एक फरार

**गोड्डा।** बीती रात नगर थाना अंतर्गत मुख्य शहर स्थित बाजार मस्जिद न्यू मार्केट के समीप बने एक दो मंजिला मकान में पुलिस ने छापेमारी कर दो युवकों को गिरफ्तार किया है. एसडीपीओ जेपीएन चौधरी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को यह सूचना मिली कि बाजार में बंगाल ज्वेलरी के ऊपरी मंजिल पर नशा का कारोबारी ब्राउन शुगर लेकर खरीद बिक्री करने पहुंचा हुआ है. इस सूचना पर प्रशिक्षु डीएसपी कुमार गौरव के नेतृत्व में नगर थाना प्रभारी दिनेश महली पुलिस टीम के साथ उक्त मकान पर छापेमारी किया. जिसमें एक युवक पुलिस को देखकर अंधेरे का लाभ पाकर मौके पर से भागने में सफल रहा, जबकि दो युवकों को मकान से गिरफ्तार कर लिया गया. दोनों युवकों की पहचान सदानंद पंडित एवं मो रहमत जाफरी के रूप में की गई. तलाशी के क्रम में 8.14 ग्राम ब्राउन शुगर के अलावा तौलने की डिजिटल मशीन को भी बरामद किया गया. फरार हुए लड़के की पहचान हर्षित कुमार के रूप में हुई है. गिरफ्तार किए गए दोनो युवकों ने पुलिस के समक्ष बताया कि वे लोग ब्राउन शुगर का कारोबार एवं सेवन करते हैं. पुलिस ने दोनों युवकों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया. छापेमारी टीम में पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक, महिला थाना प्रभारी गुलाबो किस्फोट्टा, एसआई अशोक कुमार दुबे सहित अन्य जवान शामिल थे.

### पिट्स मॉडर्न स्कूल के छात्र दीपलपा बने सीए

**बोकारो।** पिट्स मॉडर्न स्कूल के पूर्व छात्र दीपलपा दास ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी की अंतिम परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर सी.ए. बनकर विद्यालय एवं परिवार की नाम रोशन किया. दिनेश कुमार दास के पुत्र दीपलपा दास पिट्स मॉडर्न स्कूल से 2006 में बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण की . उन्होंने दृढ़ संकल्प एवं कड़ी मेहनत के बाद कामयाबी हासिल की. उन्होंने कहा कि मुझे सी.ए. करने के लिए एवं लक्ष्य प्राप्त करने के लिए शिक्षकों का काफी योगदान रहा. सी.ए. दीपलपा दास ने अपनी उत्कृष्ट उपलब्धि से न केवल अपनी माता-पिता को बल्कि विद्यालय को भी गौरवान्वित किया है. उनकी सफलता की कहानी पिट्स के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है. विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूर्व छात्र दीपलपा दास स्कूल के दिनों में भी अनुशासित, लग्नशील और जिज्ञासु प्रवृत्ति का था. आईपीएल ओरिका गोमिया के महाप्रबंधक अभिषेक विश्वास, विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष अरिंदम दास गुप्ता ने शुभकामनाएं दिए एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

### सावन थीम पर छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

**कथारा (बोकारो)।** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल कथारा में सीसीए के तहत बुधवार को अंतर सदन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ. इसमें कक्षा छठी से 8वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. सावन थीम पर छात्राओं ने खूबसूरत नृत्य की प्रस्तुति दी. मुख्य अतिथि डीएवी झारखंड जोन जी के निदेशक विपिन राय ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया. कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल विद्यार्थियों को सही मंच मिलता है, बल्कि उनके अंदर छुपी प्रतिभा में निखार भी आता है. बच्चों मे आत्मविश्वास भी बढ़ता है. प्रतियोगिता की निर्णायक मंडली में सीसीए कोऑर्डिनेटर बीके दसौंधी व संगीत शिक्षक संगीत कुमार शामिल थे. संचालन आठवीं की छात्रा अलिस्बा नैयर ने किया. मौके पर शिक्षक पंकज कुमार, पीएन चौधरी, डॉ आरएस मिश्रा, शर्मिला ठाकुर, एके गोस्वामी, धर्म गुरु टीएम पाठक, जीतेंद्र दुबे, अरविंद झा, संजय कुमार सिंह आदि मौजूद थे.

## आजसू विकास की राजनीति करती है : सुदेश महतो




संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)

जेएमएम विकास के नाम पर राजनीति नहीं कर सकती है, विकास के नाम पर राजनीति सिर्फ आजसू पार्टी कर सकती है, यह कहना है आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो का. श्री महतो बुधवार को केबी हाई स्कूल के मैदान में आयोजित मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे . उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार 5 साल में 50 हजार बेरोजगारों को भी नौकरी नहीं दे पायी है. उन्होंने कहा कि डुमरी की धरती आंदोलन की धरती रही है लेकिन यहां से वर्षों तक प्रतिनिधित्व करने वाली झामुमो ने कभी यहां के लोगों के लिए काम नहीं किया है. कहा कि यह मिलन समारोह यहां परिवर्तन लायेगी. गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि झारखंड सरकार कोयला, पत्थर, लोहा, बालू के लूट में मगन है. आगे देखते जाइए क्या-क्या लूटेगी. इसके मंसुबे को कामयाब नहीं होने देना है. इस धोखेबाज सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करना है. गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि पूरे झारखंड में देखा जाए तो झारखंड के स्थानीय नीति कि बात आजसू पार्टी ने की है. वर्तमान में झारखंड सरकार ने चम्पाई सोरेन के मुख्यमंत्रीत्व काल के सभी योजनाओं को बलि का बकरा बना दी है.

**आस लगाए बैठे हैं, पर होगी निराशा?**

## अपनी पार्टी में जुगाड़ नहीं होने पर जेबीकेएसएस में तलाशेंगे अपना भविष्य

अभय वर्मा। गिरिडीह

कांग्रेस, बीजेपी और झारखंड मुक्ति मोर्चा समेत कई दलों के नेता आगामी विधानसभा चुनाव को ले अपनी पार्टी से टिकट की रेस में दौड़ भाग कर रहे हैं. आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए और इंडिया गठबंधन के घटक दलों में शामिल नेता पहले तो अपनी पार्टी से उम्मीदवारी पेश कर रहे हैं पर पार्टी टिकट से चूके तो हालिया दिनों में तेजी से उभर कर सामने आई टाइगर जयराम महतो की पार्टी जेबीकेएसएस में अपना भविष्य तलाश रहे हैं. ऐसे कई लोग हैं जो टाइगर की पार्टी को विकल्प के तौर पर देख रहे हैं. अपनी में जुगाड़ बैठी तो ठीक अन्यथा जयराम की पार्टी है ना. पर दो माह पूर्व जेबीकेएसएस में गिरिडीह में विधानसभा उम्मीदवारों से फॉर्म भरवारा गया. संभावना जताई जा रही है कि फॉर्म भरने वाले उम्मीदवारों से ही चुनावी समर में बाजी खेली जाएगी. टिकट वितरण के लिए बनाई गई कोर कमेटी में शामिल एक वरीय पार्टी अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी से बाहर वालों के लिए नो एंट्री है. उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि ऐसे लोग जो अपने पार्टी से ठुकराने के बाद टिकट की आस लगाए बैठे हैं, उन्हें निराशा होगी.

**लोकसभा चुनाव में दमदार उपस्थिति के बाद जेबीकेएसएस बनी कईयों की चहेता**

लोकसभा चुनाव में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से जयराम की दमदार उपस्थिति के बाद जेबीकेएसएस की डिमांड राजनीतिक गलियारों में बढ़ गई है. चुनाव की आकांक्षा पाल रहे कई नेता जयराम के संपर्क में हैं. ऐसे लोगों की सर्वाधिक संख्या डुमरी और गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र में है. डुमरी में 90000 और गिरिडीह विधानसभा के पीरटांड़ प्रखंड में जयराम को मिले 17000 वोट के कारण जेबीकेएसएस कई की चहेता पार्टी बन गई है. राजनीतिक सूत्र की मानें तो ऐसे उम्मीदवारों की बड़ी फौज एक राष्ट्रीय पार्टी में है, जहां गिरिडीह विधानसभा से ही दर्जन भर से अधिक उम्मीदवार हैं. उक्त दल में किसी की अंतिम पारी है तो कोई अपनी राजनीति पारी की शुरुआत करने वाले हैं. फिलहाल गिरिडीह विधानसभा में इंडिया गठबंधन में झारखंड मुक्ति मोर्चा का विकल्प नहीं है. यहां से झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुदिव्य कुमार सोनू विधायक हैं. वहीं भाजपा में टिकट की चाहत रखने वालों के बीच जबरदस्त मारामारी है. टिकट किसी एक को मिलना है और टिकट न मिलने पर पाला बदलने वालों की संख्या भी कम नहीं है. ऐसे में जयराम की पार्टी यहां बागियो के लिए बेहतर विकल्प साबित हो सकती है, पर यहां सबसे बड़ा सवाल है कि चुनावी मौके पर ऐसे बागियों की एंट्री जयराम की पार्टी में होगी?

### विधायक ने किया मार्केट कॉम्पलेक्स निर्माण कार्य का शिलान्यास

**कसमार (बोकारो)।** कसमार हाई स्कूल चौक में बुधवार को गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो व स्थानीय जिप सदस्य अमरदीप महाराज ने डीएमएफटी मद से तीन करोड़ तेरह लाख की लागत से बनने वाले मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. इसके अलावा कसमार पेटरवार मार्ग पर फार्म टांड़ में भी डीएमएफटी मद से बनने वाले गाय शेड, पॉल्ट्री शेड व सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. इस अवसर पर विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि कसमार स्कूल चौक में मार्केट कॉम्प्लेक्स बन जाने से स्थानीय दुकानदार को स्थायी दुकान मिल जाएगी, जिससे वे रोजगार कर आजीविका चलाएंगे. साथ ही इस योजना से कसमार स्कूल चौक का सौंदर्यीकरण भी बढ़ जाएगा. मौके पर जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराज, प्रतिनिधि कौशल्या देवी, गर्री पंचायत की मुखिया गीता देवी, धनलाल कपरदार, कसमार पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार महतो, पंसस प्रतिनिधि राजेश कपरदार, संवेदक दीपक सिंह, बैद्यनाथ महथा, मुफीज अंसारी, जेई स्वर्णजीत कुमार, सूरज जायसवाल, राजू महतो, लक्ष्मण महतो, कृष्ण मोहन चौबे, सुमित महतो, विकास पांडेय, अरशद हुसैन, जगेश्वर प्रजापति, धीरेंद्र प्रजापति, भागीरथ प्रजापति, निरंजन जायसवाल समेत अन्य दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे.

**जायजा** प्रमंडलीय आयुक्त ने की मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा

# सभी मतदाताओं को मिले रंगीन मतदाता पहचान पत्र : आयुक्त

**खास बातें**

- मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदान केन्द्रों का लिया जायजा
- मतदाताओं से प्राप्त आवेदनों के निष्पादन का आदेश

संवाददाता। गिरिडीह



बुधवार को प्रमंडलीय आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर सुमन कैथरीन किस्पोटा ने मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के कार्यों की समीक्षा की. मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.

निरीक्षण के क्रम में आयुक्त ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु गिरिडीह जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का जायजा लिया. बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर को कई निर्देश दिया. इसके साथ ही उन्होंने एकलव्य विद्यालय का भी निरीक्षण किया और जरूरी सुविधाओं का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है. इसके तहत पुनरीक्षण गतिविधियां निर्धारित समय सीमा के अंदर संपादित किया जाना आवश्यक है. आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित किये जाने से आगामी विधानसभा चुनाव में बेहतर परिणाम सामने आएंगे. एक भी मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से वंचित न रहे, इसका ख्याल रखते हुए मतदाताओं द्वारा प्राप्त आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करें. साथ ही सभी मतदाताओं का फोटोयुक्त रंगीन मतदाता पहचान पत्र निर्गत किये जाने की दिशा में कार्य करें. उन्होंने संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधी गतिविधियों एवं अबतक किये गये कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए मतदाताओं द्वारा प्राप्त आवेदनों का समयबद्धता के साथ निष्पादन करने का निर्देश दिया. उन्होंने मतदाता सूची के अद्यतनीकरण, घर-घर सत्यापन, पुराने लेमिनेटेड/ब्लैक एंड ह्वाइट मतदाता पहचान पत्र के नवीनीकरण, मतदान केन्द्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित कराने पर विशेष बल दिया.

उन्होंने निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को मतदान केंद्र जागरूकता समूह (बैग/बूथ लेबल अवेयरनेस ग्रुप) बनाते हुए निर्वाचन कार्य संबंधी कार्यों के लिए जागरुकता लाने का निदेश दिया. वहीं मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने एवं त्रुटियों को सुधारने संबंधी कार्रवाई ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया. उन्होंने मतदाता सूची में मतदाताओं का नाम विलोपन पर विशेष ध्यान रखने का भी निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं त्रुटि रहित मतदाता सूची के निर्माण से मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी. उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक या अनिबंधित योग्य नागरिक जो अभी तक अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं करा सके हैं, वे प्रपत्र- 6 में आवेदन समर्पित करते हुए अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं. उन्होंने कोई भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से वंचित न रहे, इसके लिए सभी पदाधिकारी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, बुद्धिजीवी एवं समाज के जागरूक व्यक्तियों को समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया.

### केबी कॉलेज में सेमिनार आयोजित

**कथारा।** बेरमो प्रखंड के जारंगडीह स्थित केबी कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग में विभागीय सेमिनार कैरियर की संभावनाएं विषय पर किया गया. सेमिनार प्रभारी प्राचार्य प्रो गोपाल प्रजापति की अध्यक्षता में किया गया और कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य प्रो गोपाल प्रजापति, विभागाध्यक्ष डा. प्रभाकर कुमार, डा. साजन भारती, रविन्द्र कुमार दास, सदन राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रो गोपाल प्रजापति ने कहा कि मनोविज्ञान में कैरियर की अपार संभावनाएं हैं. इसमें विशेषज्ञता हासिल करके आप लोगों के मन और व्यवहार को समझ सकते हैं. डा. साजन भारती, रविंद कुमार दास, सदन राम आदि ने कहा कि बदलती लाइफस्टाइल में लोगों का तनाव का स्तर बढ़ने लगा है, ऐसे मे साइकोलॉजी की मदद व्यवहार परिवर्तन के लिए आवश्यक साबित हो रही है. समय के साथ मनोविज्ञान विषय अधिक उपयोगी बनती जा रही है. विभागाध्यक्ष डा. प्रभाकर कुमार ने मंच संचालन करते हुए सेमीनार के विषय वस्तु पर परिचय दिया. मनोविज्ञान मानवीय मूल्यों, मानवीय भावनाओं को समझने वाला विषय है, जो इंसानियत का पाठ सिखलाती है. कैरियर के लिए अनेक संभावनाएं के रूप मनोविज्ञान विषय की मांग बढ़ती जा रही है.

### पोस्टमास्टर को दी सम्मान के साथ विदाई

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड अंतर्गत माल्डा डाकघर में पोस्टमैन पद पर कार्यरत बच्चन प्रसाद यादव को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई. डाकघर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित विदाई समारोह में पोस्टमैन बच्चन प्रसाद यादव को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया. इस दौरान वक्ताओं ने उनकी कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की. उप पोस्ट मास्टर राकेश कुमार ने उनके कार्यकाल को सराहनीय बताते हुए कहा कि इन्होंने स्वच्छ छवि, ईमानदारी और पूर्ण निष्ठा से समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है. इस दौरान नरेंद्र कुमार, राजकुमार राम, सुरेंद्र यादव, गांगुली चौधरी, बिजय सिंह, जितेंद्र मरांडी व संजू किस्कू उपस्थित थे.

# रामप्रसादपुर में तीन दिनों से पानी की कमी, लोगों ने किया प्रदर्शन

## नल में पानी नहीं आने के कारण खरीदना पड़ता है पीने का पानी

**खास बातें**

- उपमुखिया ने आश्वासन दिया, जल्द ही वॉल्व की मरम्मत कर जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी

संवाददाता। अंडाल



अंडाल। डाल के रामप्रसादपुर पंचायत क्षेत्र में तीन दिनों से पानी की कमी है, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को निवासियों के एक समूह ने पंचायत कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया और शीघ्र पेयजल आपूर्ति की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि सोमवार से नल में पानी नहीं आ रहा है, जिससे उन्हें दैनिक उपयोग के लिए पानी और पीने का पानी दूर से खरीदना या लाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि तीन दिन से जलापूर्ति बंद है, लेकिन पंचायत की ओर से इसका कारण नहीं बताया गया है। रामप्रसादपुर पंचायत के उपमुखिया धर्मेंद्र कुमार पंडित ने बताया कि जलापूर्ति पाइप लाइन में वॉल्व खराब होने के कारण यह घटना हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही वॉल्व की मरम्मत कर जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी और अस्थायी तौर पर टैंकरों से पानी की आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है।

## वर्षा के बाद फसल को नुकसान, धरना प्रदर्शन

**सांकतोड़िया।** सांकतोड़िया में मंगलवार की संध्या हुई वर्षा के बाद धसान की घटना के बाद बुधवार को स्थानीय लोगों ने सांकतोड़िया स्थित ईसीएल मुख्यालय पर पुनर्वासन की मांग पर निवासियों ने बुधवार को सांकतोड़िया में ईसीएल मुख्यालय के सामने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। बाद में एक प्रतिनिधिमंडल ने ईसीएल अधिकारी से मुलाकात कर पुनर्वास की मांग की। सांकतोड़िया में धसान की घटना नई नहीं है, यहां पहले ही धसान प्रभावित क्षेत्र घोषित किया जा चुका है। बुधवार को रक्ता उत्तरी मोहल्ले में एक गृहस्थ परिवार के घर के बागान में धसान की घटना सामने आने से सनसनी फैल गई है। स्थानीय असीम गोप परिवार के घर के बगीचे में भारी भूस्खलन हुआ, जिससे मकान की चहारदीवारी जमीन में धंस गई। बागान के मध्य घर का शौचालय भी धसान में जैसे झूल सा गया है। धसान का सिलसिला धीरे-धीरे परिवार के घर की ओर बढ़ रहा है। क्षेत्रीय निवासियों का आरोप है कि पहले वहां कोयला खदान थी, उस कोयला खदान से कोयला निकालने के बाद ठीक से बालू नहीं भरने के कारण यह हादसा हुआ है।

## न्यूज अपडेट

### अनोखी खोज : मैग्नेटिक सेंसर तकनीक से रेल दुर्घटनाओं में हो सकती है कमी



**दुर्गापुर।** दुर्गापुर के एक युवक ने दावा किया है कि मैग्नेटिक सेंसर तकनीक के इस्तेमाल से रेल दुर्घटनाओं को 100% टाला जा सकता है। छोटन घोष उर्फ मनु नामक युवक ने इस तकनीक का मॉडल तैयार किया है, जो रेलवे दुर्घटनाओं को रोकने में मदद कर सकता है। छोटन ने बताया कि मैग्नेटिक सेंसर लगाने से एक ही लाइन पर दो ट्रेनें चलने पर उन्हें ट्रैक किया जा सकता है। जैसे ही रेलवे ड्राइवर तक संदेश पहुंचता है, इंजन का पावर कट हो जाता है और ट्रेन ऑटो ब्रेक के साथ रुक जाती है। उन्होंने कहा कि यह तकनीक हर स्थिति में काम करती है, चाहे पानी, कीचड़, धूल, या रेत जमा हो। इससे दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। अब देखना होगा कि यह खोज भविष्य में रेलवे की सुरक्षा में कितनी उपयोगी साबित होती है।

### ईसीएल प्रबंधन समीरन दत्ता ने दुमका जिला प्रशासन से सहयोग की मांग की



**सांकतोड़िया।** दुमका, झारखंड में 06 अगस्त, 2024 को ईसीएल के सीएमडी श्री समीरन दत्ता और निदेशक (तकनीकी) श्री नीलाद्रि रॉय ने दुमका जिले के डीसी श्री ए. दोड्डे और एसी श्री राजीव कुमार से मुलाकात की। उन्होंने दुमका में हाल ही में आवंटित कोयला ब्लॉकों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया और ड्रिलिंग/अन्वेषण कार्य को जल्द से जल्द शुरू करने में सहायता का अनुरोध किया। इसके अलावा, उन्होंने आगामी थर्मल पावर प्लांट के लिए स्थल की पहचान के लिए स्थानीय प्रशासन से आवश्यक सहयोग मांगा। ईसीएल अधिकारियों ने गांवों में पहले से ही किए गए विभिन्न सीएसआर गतिविधियों के बारे में भी बताया और स्थानीय आबादी के लिए सीएसआर समर्थन बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की। दुमका के डीसी और एसी दोनों ने जिले के सामूहिक विकास के लिए इन कार्यों को पूरा करने के लिए सभी आवश्यक सहायता और समर्थन का आश्वासन दिया। बैठक में ईसीएल के विभिन्न विभागाध्यक्षों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

### पुरुलिया जिला कन्याश्री योजना में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कॉलेजों को मिला सम्मान

**पुरुलिया।** रघुनाथपुर कॉलेज पुरुलिया जिले का पहला कॉलेज है, जिसने कन्याश्री योजना में छात्राओं को शामिल करने में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इस योजना में अधिक संख्या में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति मिलने के कारण जिले में रघुनाथपुर कॉलेज प्रथम, पंचकोट महाविद्यालय दूसरे और निस्तारिणी कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा। रघुनाथपुर कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. श्रीनिवास नंदी और पंचकोट महाविद्यालय के प्राचार्य सप्तर्षि चक्रवर्ती ने कहा कि स्वागत समारोह का निमंत्रण पत्र पाकर हम काफी खुश हैं। कन्याश्री लड़कियां आमतौर पर कन्याश्री योजना के तहत छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करती हैं। उनमें से कुछ पहली बार नवीनीकरण कराती हैं और कुछ पुनर्नवीनीकरण कराती हैं। रघुनाथपुर कॉलेज में लाभार्थियों की संख्या 141 और पंचकोट महाविद्यालय में लाभार्थियों की संख्या 75 है। जैसे कन्याश्री को इस योजना में छात्रवृत्ति मिलती है, संस्थानों को भी पुरस्कार दिया जाता है। तीनों संस्थानों के प्राचार्यों को पत्र लिखकर 14 अगस्त ₹कन्याश्री दिवस पर पुरुलिया के रवीन्द्र भवन में आयोजित स्वागत समारोह में शामिल होने के लिए कहा गया है।

## ब्रीफ खबरें

### साइबर अपराधियों ने उड़ाए सात लाख

**उत्तर 24 परगना।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के देगंगा थानांतर्गत दोगछिया इलाके में एक ईंट व्यवसायी को मोबाइल अपडेट के नाम पर फोन आया और फोन करनेवाले जालसाज ने एक लिंक भेज कर क्लिक करने को कहा. ऐसा करते ही व्यवसायी के अकाउंट से एक-एक कर सात लाख रुपये गायब हो गये. पुलिस के मुताबिक, पीड़ित व्यवसायी का नाम रेजाउल इस्लाम है. इसे लेकर उसने पहले देगंगा थाना और फिर बारासात साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज करायी है.

### कैफे में लगी आग एक झुलसे

**कोलकाता।** दक्षिण कोलकाता में एक कैफे में जोरदार विस्फोट होने से अफरातफरी की स्थिति व्याप्त हो गई. आग मंगलवार देर रात की है. खबर पाकर दमकल की दो गाड़ी के साथ दमकलकर्मी वहां पहुंचे और आग बुझाने में जुट गये. इधर, खबर पाकर लेक थाने की पुलिस भी वहां पहुंची और इसकी जांच में जुट गई. घटना के समय कैफे में मौजूद एक कर्मचारी झुलस गया. उसे नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया है. झुलसे कर्मचारी का नाम चंद्र कुमार गुरुंग बताया गया है. इस घटना के कारण इलाके में काफी देर तक लोग आतंकित थे.

### श्रावणी मेला पर चलेगी स्पेशल ट्रेन

**आसनसोल।** श्रावणी मेला भारत के विभिन्न भागों में आयोजित होने वाला एक वार्षिक धार्मिक उत्सव है. यह भगवान शिव को समर्पित उत्सव है और इसमें विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु आते हैं. इस महत्वपूर्ण आयोजन के दौरान तीर्थयात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुगम यात्रा की सुविधा प्रदान करने और समग्र तीर्थयात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कुछ स्पेशल ट्रेनें चलायी जाती है. तीर्थयात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, रेलवे ने 08893/08894 गोंदिया-भागलपुर-गोंदिया श्रावणी मेला स्पेशल चलाने का निर्णय लिया है.

### रवीन्द्रनाथ टैगोर की मनी पुण्यतिथि

**कुनुस्तोड़िया।** ईसीएल का कुनुस्तोड़िया क्षेत्र सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन में हमेशा से ही अग्रणी रहा है। इसी क्रम में बुधवार को कविगुरु रवीन्द्रनाथ टैगोर की पुण्यतिथि के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में स्थापित कविगुरु की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस मौक़े पर सबसे पहले महाप्रबंधक श्री एस. सी. मित्रा ने माल्यार्पण किया। तत्पश्चात वहाँ उपस्थित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कविगुरु के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

# गोप पाड़ा में भू-धंसान मकान हुआ जमींदोज



## विधायक ने घटना स्थल का किया दौरा, सीएमडी से की वार्ता

**घटना से रक्त उत्तर पाड़ा के 18 से 20 घरों के लोगों में दहशत का माहौल**

**खास बातें**

- वर्ष 2020– 21 में भी हो चुकी है कई घटनाएं

संवाददाता। आसनसोल

आसनसोल नगर निगम के वार्ड 103 रोक्ता गोप पाड़ा में मंगलवार की संध्या को एक जोरदार धसान की घटना घटी, जिससे लोग सदमे में हैं और रात दूसरी जगह काटने पर मजबूर हो रहे हैं। स्थानीय विधायक पोद्दार ने घटना स्थल का दौरा किया और सीएमडी से वार्ता की। इस घटना में सुभाष गोप के चारदीवारी में जोरदार आवाज के साथ धसान हुआ, जिससे बारह फुट गहरा और तकरीबन बीस से तीस फिट चौड़ा 600 वर्गफुट जमीन इसकी चपेट में आई है। इस घटना से रक्त उत्तर पाड़ा के 18 से 20 घरों के लोगों में दहशत का माहौल कायम हो गया है, और लोग सदमे में हैं। स्थानीय भाजपा नेता मंडल सभापति संजू घोष ने मामले की जानकारी अपने विधायक अजय पोद्दार को दी, जिन्होंने बुधवार को घटना स्थल पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और लोगों से बातचीत की। उन्होंने इसीएल के सीएमडी से घटना की जानकारी देते हुए उन्हें अवगत करवाया। इस घटना से प्रभावित सुभाष गोप ने बताया कि संध्या के समय हल्की सी बारिश ही रही थी, तभी जमीन का कुछ हिस्सा में धसान हुआ, लेकिन रात्रि बारिश के बाद अचानक जोरदार आवाज के साथ घर की चारदीवारी के पास धसान हुआ। धसान के पास पक्की दीवार का हिस्सा भी टूट कर गिरा है। पाड़ा के सभी लोग दहशत में जी रहे हैं। इससे पहले भी वर्ष 2020 और 21 में भी वर्षा के समय धसान की घटना और घरों में क्रैक की घटना घटी है।

## रानीगंज में पुराने मकान का हिस्सा गिरने से अफरा-तफरी





**रानीगंज।** रानीगंज के 88 नंबर वार्ड के पी एन मालिया में लगभग 250 वर्ष पुराने जर्जर मकान का एक हिस्सा गिरने से रानीगंज वासी भयभीत हो गए हैं। घनी आबादी वाले इस क्षेत्र में स्थित मकान अधिकांश हिस्सों से टूट चुका है। मकान के प्रभारी सभी सदस्यों का कहना है कि बार-बार नगर निगम में जानकारी देने के बाद भी इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। घर के विभिन्न हिस्सों में करीब 20 से 22 लकड़ी के खंभे लगाकर जान जोखिम में डालकर रह रहे हैं। घर के मालिक होने का दावा करने वाले सदस्यों का कहना है कि वे किरायेदारों को कई बार सूचित कर चुके हैं कि घर छोड़ दें, लेकिन किरायेदार घर छोड़ने को तैयार नहीं हैं। वहीं, घर में रहने वाले एक निवासी का कहना है कि वे घर के असली मालिक के बारे में नहीं जानते हैं और इसलिए किराये के घर में ताला नहीं लगाएंगे।
उनका दावा है कि यह एक ट्रस्ट का घर है। रानीगंज बोरो चेयरमैन मुजम्मिल शहजादा ने कहा कि यह भवन बेहद पुरानी है और जर्जर हो चुकी है।

# रवींद्रनाथ टैगोर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

## पार्षद ज्योति सिंह ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**खास बातें**

- कार्यक्रम में श्रद्धांजलि देने वालों की भारी भीड़

संवाददाता। रानीगंज



कविगुरु रवींद्रनाथ ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर रानीगंज बोरो दो के चेयरमैन मुजम्मिल शहजादा अंसारी के नेतृत्व में बोरो कार्यालय में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान ठाकुर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह में बोरो के सहायक अभियंता कौशिक सेनगुप्ता सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सियारसोल राजबाड़ी मोड़ में भी रवींद्रनाथ ठाकुर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर बोरो अध्यक्ष मुजम्मिल शहजादा अंसारी और वार्ड पार्षद ज्योति सिंह ने ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धांजलि देने वालों की भारी भीड़ रही, जिन्होंने रवींद्रनाथ ठाकुर के योगदान और उनकी विरासत को याद किया। इस दौरान मुजम्मिल शहजादा अंसारी ने कहा, आज विश्वकवि रवींद्रनाथ टैगोर की पुण्यतिथि है। वह एक ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने अपने कार्यों से न सिर्फ बंगाल बल्कि पूरे देश का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया। उनके बताए रास्तों पर चलने की आवश्यकता है और जिस तरह से उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र के नाम समर्पित किया था और समाज को एक बेहतर स्थान बनाने के लिए कोशिश की थी, हम सबको उनके नक्शे कदम पर चलते हुए इसी तरह से देश और समाज की सेवा करने की जरूरत है ताकि आगे चलकर हमारा देश पूरे विश्व में अव्वल स्थान पर रह सके और इस देश के बच्चे दुनिया में हर जगह पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकें।

### चिड़िया खाना बिल्डिंग का एक हिस्सा ढहा

**बराकर।** बराकर रेलवे स्टेशन के सामने स्थित जर्जर तीन तल्ला बिल्डिंग चिड़ियाखाना का एक हिस्सा ढहने से अफरा-तफरी मच गई। घटना के समय कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। चिड़ियाखाना बिल्डिंग काफी पुरानी है और पहले भी इसके हिस्से गिर चुके हैं। बिल्डिंग के मालिक गांधी परिवार के चरण सींग ने बताया कि बिल्डिंग पूरी तरह से डैमेज है और सभी भाड़ेदारों को भीतर से खाली करवा दिया गया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेश अनुसार सभी को सूचित भी किया गया है और बिल्डिंग की अवस्था अतिदयनीय है, जिसे निगम को भी सूचित किया गया है। बराकर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल ने घटनास्थल का जायजा लिया और कहा कि यह भयावह जर्जर मकान लोगों की सुरक्षा पर प्रश्नवाचक चिन्ह लगा रहा है। उन्होंने नगर निगम से अनुरोध किया कि इस पुराने जर्जर मकान को व्यवस्थित करने की दिशा में पहल की जानी चाहिए,

## कांग्रेस सेवा दल ने फूड कंट्रोलर को दिया ज्ञापन

# राशन डीलर की मनमानी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**खास बातें**

- रोहित बालोदिया ने गरीब महिलाओं और लोगों से 3 महीने का फिंगरप्रिंट लिया

संवाददाता। कुल्टी



कुल्टी ब्लॉक कांग्रेस सेवादल कमेटी ने जिले के फूड कंट्रोलर से मुलाकात की और नियामतपुर के राशन डीलर रोहित बालोदिया के बारे में शिकायत की। कमेटी के वाइस उपाध्यक्ष सलाउद्दीन अंसारी ने बताया कि रोहित बालोदिया ने गरीब महिलाओं और लोगों से 3 महीने का फिंगरप्रिंट लिया, लेकिन उन्हें राशन उपलब्ध नहीं कराया। चौथे महीने में बदतमीजी से पेश आया और 100 रुपया लेकर चेले जाने को कहा गया। सलाउद्दीन अंसारी ने कहा कि ऐसा हाल कुल्टी थाना क्षेत्र के बहुतों एम आर सॉप वालों पर है, जो राशन के नाम पर लोगों को पैसे थमा रहे हैं और खुले आम लूट रहे हैं। रोहित बालोदिया ने कहा कि उपभोक्ता कार्ड हमारे पास नहीं है, लेकिन जब पूछा गया कि अगर उपभोक्ताओं का कार्ड आपके पास नहीं है तो 3 महीने तक उनसे फिंगरप्रिंट क्यों लिया गया, तो वह चुप्पी साध गए। इस मामले में कुल्टी ब्लॉक कांग्रेस सेवादल कमेटी ने जिला फूड कंट्रोलर से मुलाकात की और राशन डीलर की मनमानी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# बैंक ने लोन की वसूली के लिए संपत्ति पर किया कब्जा

## 32 लाख रुपए का लोन अब हुआ 40 लाख

**खास बातें**

- 35 सदस्यीय टीम ने कार्रवाई में भाग लिया, जिसमें मजिस्ट्रेट, बैंक अधिकारी थे शामिल

संवाददाता। रानीगंज

रानीगंज में इंडियन बैंक (तत्कालीन इलाहाबाद बैंक) से 2 साल पहले लिए गए लोन का भुगतान नहीं करने पर बैंक ने आज गिरवी रखी गई संपत्ति पर कब्जा लिया। इस कार्रवाई में 35 सदस्यीय टीम मौजूद थी, जिसमें मजिस्ट्रेट सारथी नाथ दास, रानीगंज के थाना प्रभारी बिकास दत्ता, पंजाबी मोड़ फांड़ी प्रभारी, इंडियन बैंक के मुख्य प्रबंधक प्रवीण कुमार, अमरेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक दीपक कुमार, एनफोर्समेंट एजेंट राजीव बनर्जी और अधिवक्ता संग्राम सिंह शामिल थे। बैंक अधिकारियों और अधिवक्ता संग्राम सिंह ने बताया कि 2 साल पहले सुमन इंजीनियरिंग के नाम से 32 लाख रुपए का मूल लोन लिया गया था, जो अब बढ़कर 40 लाख रुपए हो गया है, लेकिन उसका भुगतान नहीं किया गया।

### सरकारी जमीन पर कब्जा करने का आरोप

**पुरुलिया।** पुरुलिया में अयोध्या पहाड़ी पर स्थित सरकारी लाइब्रेरी की जमीन बेदखल करने की मांग कांग्रेस ने की है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नेपाल महतो ने आरोप लगाया है कि लाइब्रेरी के पास 100 डिसमिल जमीन होने के बावजूद, लाइब्रेरी का निर्माण महज 5-7 डिसमिल जमीन पर किया गया है। बाकी जमीन पर कब्जा कर भवन बना लिया गया है। महतो ने मुख्यमंत्री की घोषणा का हवाला देते हुए कहा कि सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाना चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन को सूचित किया है कि अगर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वे हड़ताल करेंगे। लाइब्रेरी के लाइब्रेरियन अमिताभ दत्ता ने इस मामले में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया है।

# स्थानीय कॉन्ट्रेक्टर ने ग्लोबल टेंडर का किया विरोध

## चेतावनी: स्थिति में सुधार नहीं हुई तो धरना देने पर बाध्य होगा एसोसिएशन

**खास बातें**

- ग्लोबल टेंडर की प्रक्रिया से छोटे कांट्रेक्टरों का जीविका चलाना हुआ मुश्किल

संवाददाता। बराकर



- एक दर्जन से ज्यादा सदस्यों ने विरोध में लिया भाग
- बाहर से बड़े कांट्रेक्टर द्वारा किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता पर उठाए सवाल

बीसीसीएल सीभि एरिया बारह के मुख्यालय बैगुनिया में स्थानीय सिबिल कांट्रेक्टर एसोसिएशन द्वारा एरिया के कॉन्ट्रेक्टरी प्रथा के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान एक दर्जन से ज्यादा सदस्य इस विरोध में शामिल थे, जिन्होंने एक सुर में एरिया का विरोध करते हुए कहा कि बीसीसीएल एरिया बारह में हम सभी स्थानीय कांट्रेक्टर यहाँ से छोटे मोटे टेंडर के माध्यम से अपना परिवार का भरण पोषण करते हैं, जिससे प्रोजेक्ट के साथ हम सभी का भरण पोषण होता चला आया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रबंधन द्वारा ग्लोबल टेंडर की प्रक्रिया से हमारे पेट पर चोट की जा रही है, जिससे हम छोटे छोटे कांट्रेक्टर के पास करो या मरो की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने कहा कि बाहर से बड़े बड़े कांट्रेक्टर द्वारा सिबिल सहित कई प्रकार के कार्य एरिया में किया जा रहा है, जिसकी गुणवत्ता पर भी सवालिया निशान है, जिसको प्रबंधन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिसके विरोध में आज हम सभी स्थानीय कांट्रेक्टर द्वारा एरिया मुख्यालय के गेट पर विरोध प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर प्रबंधन अपनी स्थिति में सुधार नहीं करता है तो हम सभी स्थानीय सिभि एरिया बारह के कांट्रेक्टर एसोसिएशन धरना देने पर बाध्य होंगे।



## राशिफल
**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष** बहुत जरूरी हो तो ही ऋण लें. केतु चंद्र रोग भाव में है. शारीरिक कष्ट की आशंका है. भावना में बहकर कोई निर्णय न लें. कुसंगति से हानि होगी. आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी. तनाव रहेगा. आय में निश्चितता रहेगी.

**वृषभ** शिक्षा का चयन सोच विचार कर करें. प्रेम में धोखा मिल सकता है. पर जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा. भाइयों का साथ रहेगा. सभी कार्य पूर्ण सफल होंगे. प्रसन्नता रहेगी. धन प्राप्ति सुगम होगी.

**मिथुन** माता को हड्डी संबंधित बाधा हो सकती है. धन प्राप्ति सुगम होगा. समय का लाभ लें. उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से मनोनुकूल लाभ होगा. जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें. घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी.

**कर्क** धन का आगमन होगा. किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा. पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है. लगन व उत्साह से कार्य कर पाएंगे. मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा. निवेश शुभ रहेगा. आय में वृद्धि होगी.

**सिंह** शिक्षा में सुधार होगा. धनहानि की आशंका है. भावना में न बहकर विवेक का प्रयोग करें. लाभ होगा. कोई शोक समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें. थकान व कमजोरी रह सकती है. भागदौड़ रहेगी. आय में निश्चितता बनी रहेगी.

**कन्या** समय उत्तम है. मेहनत का फल प्राप्त होगा. असहाय लोगों की मदद करने की इच्छा रहेगी. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधान रहें. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं.

**तुला** दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे. प्रसन्नता रहेगी. पुराने मित्रों से मुलाकात होगी. किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय हो सकता है. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. विवाद से बचें. कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा.

**वृश्चिक** काफी समय से कोई बड़ा रुका हुआ कार्य पूर्ण हो सकता है. सफलता प्राप्त होगी. प्रसन्नता का माहौल रहेगा. आय में वृद्धि नए कार्य के साथ हो सकती है. निवेशादि में जल्दबाजी न करें. भाग्य की अनुकूलता का लाभ लें.

**धनु** पिता के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखें. आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है. कुसंगति से हानि होगी. विवेक का प्रयोग करें. व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है. नौकरी में किसी से विवाद हो सकता है. क्रोध न करें.

**मकर** धर्म में मन लगेगा. रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है. यात्रा लंबी हो सकती है. पार्टनरों से मतभेद दूर होंगे. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. नौकरी में नए काम मिल सकते हैं. प्रसन्नता रहेगी.

**कुंभ** योजना फलीभूत होगी. आय में वृद्धि होगी. कार्यकारी नए अनुबंध हो सकते हैं. प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा. सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होगा.

**मीन** जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखें. किसी विद्वान व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. धन प्राप्ति के प्रयास भरपूर करें. अधिक लाभ की संभावना है. शिवलिंग पर पंचामृत से स्नान करावें.

## राज्यपाल से मिले चीफ सेक्रेट्री और डीजीपी



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को राजभवन में मुख्य सचिव एल खियांग्यते और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मुलाकात की. मुलाकात के दौरान राज्यपाल ने मुख्य सचिव से राज्य में संचालित विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की. वहीं डीजीपी से राज्य में विधि व्यवस्था बनाये रखने की बात कही.

## झारखंड के पांच जिले में सबसे अधिक हुईं हत्याएं, रांची टॉप पर



**रांची।** झारखंड के पांच जिले में सबसे अधिक हत्याएं हुई हैं. झारखंड पुलिस मुख्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते एक महीने में राज्य के अलग-अलग जिले में हत्या की कुल 143 घटनाएं हुई हैं. लेकिन पांच जिलों (सरायकेला, हजारीबाग, गिरिडीह, रांची और दुमका) में हत्या की सबसे अधिक वारदातें देखने को मिली हैं. गौर करने वाली बात यह है कि पिछले एक माह में रामगढ़, जामताड़ा और कोडरमा जिले में एक भी हत्या नहीं हुई हैं.

### अन्य जिलों में इतनी हुई हत्या की वारदातें

- खूंटी : 03
- गुमला : 07
- लोहरदगा : 02
- चाईबासा : 03
- जमशेदपुर : 08
- पलामू : 09
- लातेहार : 03
- गढ़वा : 07
- धनबाद : 05
- बोकारो : 05
- गोड्डा : 05
- देवघर : 08
- साहिबगंज : 04
- पाकुड : 01

### इन पांच जिलों में सबसे ज्यादा हुई हत्याएं

- रांची : 22
- सरायकेला : 10
- गिरिडीह : 12
- हजारीबाग : 10
- दुमका : 10

### राष्ट्रीय जनता दल की बैठक में नेताओं ने चुनावी रणनीति पर विचार-विमर्श किया

# लातेहार की दोनों विधानसभा सीटों से प्रत्याशी उतारेगा राजद

**आशीष टैगोर। लातेहार**

झारखंड में हालांकि अभी तक विधानसभा चुनाव की कोई तिथि अभी तक निर्धारित नहीं हुई है. लेकिन जिले में चुनावी सरगर्मी तेज हो गयी है. संभावित प्रत्याशियों ने जनसंपर्क अभियान प्रारंभ कर दिया है. खास कर जिले के मनिका विधानसभा क्षेत्र में सरगरमी कुछ अधिक देखी जा रही है. अकेले भाजपा के ही तीन-चार प्रत्याशी क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं. अब राजद ने भी इसमें इंट्री मारी है. राजद ने कहा कि वे हर हाल में लातेहार जिला के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में अपना प्रत्याशी उतारेंगे. बता दें कि राजद महागठबंधन का हिस्सा है और मनिका में वर्तमान में कांग्रेस के रामचंद्र सिंह विधायक हैं और आगामी विधानसभा चुनावों में भी उनकी दावेदारी पक्की है. बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल की एक बैठक यहां आयोजित की गयी. बैठक में कहा गया कि अगर महागठबंधन के तहत सीट शेयरिंग में राजद को मनिका में टिकट मिलता है तो ठीक है, नहीं तो वे यहां दोस्ताना संघर्ष करेंगे. लातेहार में झामुमो के विधायक बैद्यनाथ राम हैं और झामुमो भी महागठबंधन का हिस्सा है. ऐसे में यहां भी राजद अपना प्रत्याशी उतार कर झामुमो का खेल बिगाड़ सकता है. हालांकि यह जिला स्तरीय बैठक में लिया गया निर्णय है. सीट शेयरिंग जैसी महत्वपूर्ण मुद्दे प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर तय होते हैं. बावजूद इसके लातेहार में राजद नेता व कार्यकर्ता इस बार कुछ नया करने के मूड में नजर अवश्य आ रहे हैं.



राजद की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे पाटर्टी के वरीय नेता.

### राजद की बैठक में कई मुद्दों पर चचर्चा हुई

राजद लातेहार की एक बैठक जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव की अध्यक्षता में हुई. बैठक में लातेहार जिला के दोनों विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने, लातेहार में पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण देने, हाल सर्वे में सुधार करने के लिए मिनी सर्वे कराने, मंडल डैम का निर्माण कार्य पूरा कराने, स्थानीय कोलियरी व रेलवे साइडिंग में स्थानीय मजदूरों को काम देने एवं लातेहार में अल्युमिनियम कारखाना लगाने की मांग की गयी. बैठक में विशेष समिति के संयोजक गिरधारी गोप व आबिद अली के अलावा सुशील कुमार यादव, अली हसन अंसारी, विक्टश्र केरकेट्टा, मोहर सिंह यादव, अजय कुमार चंद्रवंशी, लाल दीपक नाथ शाहदेव, जीतेंद्र प्रसाद यादव, रंजीत यादव, पवन कुमार राम, दिलेश्वर यादव आदि मौजूद थे.

### चांडिल के चिलगु में एक भूखंड पर दो विभागों का दावा

# परेशान हैं चांडिल डैम के विस्थापित

**दिलीप कुमार। चांडिल**

चांडिल प्रखंड के चिलगु पुनर्वास स्थल के विस्थापित इन दिनों काफी परेशान और डरे-सहमे हैं. विस्थापित असमंजस की स्थिति में है कि कहीं फिर से उन्हें एक बार उजाड़ा तो नहीं जाएगा? बीते एक महीने से चिलगु पुनर्वास स्थल पर भूखंड का विवाद सुर्खियों में है. एक भूखंड के दो दावेदार सामने आए हैं, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वास्तव में उक्त भूखंड है किसका. चांडिल अंचल के चिलगु पुनर्वास स्थल पर कुछ विस्थापितों ने घर और चारदीवारी का निर्माण किया है, जिसको लेकर चांडिल के अंचलाधिकारी ने तीन लोगों के नाम पर नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण और कागजात मांगा था.

वहीं, 72 घंटे के भीतर कागजात नहीं दिखाने पर अंचलाधिकारी ने कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी. अंचलाधिकारी ने चिलगु निवासी पत्रकार विश्वरूप पांडा, दुर्योधन गोप, अनंतो गोप को नोटिस भेजा था, जिसमें इन तीनों के ऊपर गैर मजरुआ सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने और उसके क्रय-विक्रय का आरोप लगाया है. दूसरी ओर उसी भूखंड को लेकर सुवर्णरेखा परियोजना चांडिल के पुनर्वास पदाधिकारी संख्या 2 ने भी नोटिस जारी कर अवैध अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है. पुनर्वास पदाधिकारी के नोटिस में उपरोक्त तीन विस्थापित समेत 14 लोगों को नोटिस भेजा है. यहां सवाल है कि आखिर एक ही भूखंड पर दो दावेदार कैसे आए हैं, वास्तव में वह भूखंड किसका है? क्या दोनों विभाग को अब तक नहीं मालूम की उक्त भूखंड किसका है.



चहारदीवारी और परियोजना की ओर से गाड़ा गया पीलर.

### चांडिल के अंचलाधिकारी को दिया लिखित स्पष्टीकरण

चिलगु निवासी विस्थापित सह स्थानीय पत्रकार विश्वरूप पांडा ने चांडिल अंचलाधिकारी को लिखित रूप से स्पष्टीकरण दे दिया है. उन्होंने बताया कि उनके पिता निर्मल कुमार पांडा नीमडीह अंचल के कल्याणपुर गांव के विस्थापित हैं. उनके नाम पर विकास पुस्तिका निर्गत हुई है. विकास पुस्तिका के अनुसार साढ़े 12 डिसमिल आवासीय भूखंड देने का प्रावधान है. स्पष्टीकरण में यह भी कहा गया है कि जिस भूखंड को गैर मजरुआ सरकारी भूमि बताया गया है उसका सीमांकन सुवर्णरेखा परियोजना द्वारा किया गया है. अलग-अलग प्लॉट का डिजाइन तैयार किया गया है, जिसको आधार मानकर विस्थापित सदस्यों ने साढ़े 12 डिसमिल भूमि पर दखल किया है. आज तक कभी भी अंचल कार्यालय द्वारा निर्माण कार्य पर रोक लगाने या अन्य किसी तरह का नोटिस नहीं दिया गया है. इसके बावजूद यदि उक्त भूखंड गैर मजरुआ सरकारी भूमि प्रमाणित होता है और सुवर्णरेखा परियोजना द्वारा अपना दावा नहीं किया जाता हैं तो स्वयं उक्त भूमि को दखल मुक्त कर देने की बात कही है. वहीं, चिलगु निवासी विस्थापित सह आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप ने अंचलाधिकारी को अपने स्पष्टीकरण में बताया है कि उक्त भूखंड से उनका कोई लेना-देना नहीं है. उनके द्वारा किसी तरह की घेराबंदी निर्माण या अवैध कब्जा नहीं किया गया है. अनंत गोप ने भी उनके द्वारा अवैध अतिक्रमण करने के आरोप को झूठा बताया है. पुनर्वास पदाधिकारी की नोटिस को लेकर सभी विस्थापित सदस्यों ने अपना-अपना स्पष्टीकरण सौंप दिया है. कई विस्थापित सदस्यों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने पुनर्वासित भूखंड पर घर निर्माण किया है, जो उनका अधिकार है.

**क्या है मामला :** चांडिल अंचल के चिलगु में खाता संख्या 130, प्लॉट संख्या 578 में 69 एकड़ भूमि को वर्ष 1984 में तत्कालीन सिंहभूम जिले के उपायुक्त ने सुवर्णरेखा परियोजना को कार्य करने की अनुमति दी थी. उक्त 69 एकड़ भूखंड पर परियोजना द्वारा पुनर्वास स्थल निर्माण किया गया. वहां चांडिल डैम के विस्थापित परिवारों को आवासीय भूमि देने का प्रावधान किया गया है. परियोजना द्वारा जिला प्रशासन से चिलगु में कुल 148 एकड़ भूमि मांगी गयी थी, जिसपर तत्कालीन उपायुक्त ने 69 एकड़ भूमि पर कार्य करने की अनुमति दी थी, जो गैर मजरुआ सरकारी भूमि थी. इसके बाद विशेष भू-अर्जन द्वारा शेष 79 एकड़ भूमि अधिग्रहण किया गया है. इसमें गैर मजरुआ, रैयत और वन विभाग की भूमि शामिल है. राजस्व अभिलेख में कुछ गड़बड़ी होने या नाम नहीं दर्ज होने पर वर्ष 1988-1989 में उसी भूखंड के कुछ हिस्से को कुछ गैर विस्थापित आदिवासियों को बंदोबस्ती पर दे दी. इसके कारण समय- समय पर विस्थापित और गैर विस्थापित आमने-सामने आ जाते हैं और उक्त भूखंड को लेकर अपना अपना दावा करते हैं. विगत वर्ष सेवानिवृत्त फौजी को भी चिलगु में जमीन बंदोबस्ती की गई थी. इसका विरोध विस्थापितों ने किया था. मामला कोर्ट भी पहुंचा था. इसके बाद सेवानिवृत्त फौजी की बंदोबस्ती रद्द कर दी गई थी. इस बीच दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी वन विभाग के कर्मचारी भी चिलगु पुर्नवास स्थल का निरीक्षण कर रहे हैं और उसी भूखंड को वन विभाग की भूमि होने का अंदेशा जता रहे हैं.

# अपराधियों को राज्य सरकार से संरक्षण प्राप्त है : बाबूलाल

**प्रमुख संवाददाता। रांची**



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड में अपराधियों को राज्य सरकार से सरंक्षण प्राप्त है. ट्वीट कर कहा है कि हत्या और अपराध जैसी घटनाएं रुकने की जगह और तेजी से बढ़ती जा रही हैं, जिससे आए दिन झारखंड के परिवारजनों को अपनी जान तक गंवानी पड़ रही है. ट्वीट में आगे लिखा है कि प्रदेश में अपराध एक संक्रामक बीमारी की तरह फैल रहा है, जिससे कोई भी अछूता नहीं बचा है. मुख्यमंत्री और उनके साथियों को छोड़कर राजधानी रांची सहित पूरे प्रदेश की जनता इस संक्रामक बीमारी की चपेट में हैं. इसके बाद भी जेएमएम और कांग्रेस की गठबंधन सरकार अपराधियों का हौसला पस्त करने की जगह, उनको सरंक्षण और हिम्मत देकर आश्वस्त कर रही है.

**नियुक्ति पर भी कसा तंज :** बाबूलाल ने नियुक्ति को लेकर भी तंज कसा है. ट्वीट कर कहा है कि सीएम चाहते हैं कि नियुक्ति तय समय पर हो, लेकिन सीएम से समय तय ही नहीं हो पा रहा! आगे लिखा है कि हेमंत जी, ये बार-बार परीक्षा तिथि घोषित कर और फिर उसे टाल कर आप किसे बेवकूफ बना रहे हैं... जनता को, अधिकारियों को या खुद को? पिछले 5 सालों में जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा की डेडलाइन तो नहीं आई, लेकिन आपकी सरकार की डेडलाइन समाप्त होने का समय जरूर आ चुका है.

## दूसरे मुकाबले में झारखंड ने गुजरात को 3-0 से हराया




**रांची।** दिल्ली के तेजस फुटबॉल मैदान में जारी 63वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की अंडर 17 बालिका टीम का दमदार प्रदर्शन दूसरे मुकाबले में भी जारी रहा. झारखंड की अंडर 17 बालिका टीम ने अपने दूसरे मुकाबले में गुजरात को 3-0 के अंतर से पराजित किया. झारखंड की ओर से नैना कुमारी, संजना उरांव और बबिता कुमारी ने एक-एक गोल कर झारखंड को दूसरे मुकाबले में बढ़त दिलाई. इससे पहले 6 अगस्त को हुए पहले मुकाबले में भी झारखंड की बालिका टीम ने मेजबान दिल्ली 7-0 से बड़ी शिकस्त देकर शानदार शुरुआत की थी. एक के बाद एक मुक़ाबले में झारखंड के दमदार प्रदर्शन पर राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के माननीय मंत्री बैद्यनाथ राम, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, टीम मैनेजर बिंदु कुजूर समेत खेल कोषांग के सभी पदाधिकारियों ने टीम को बधाई दी.

# मतदाता सूची में योग्य नागरिकों का नाम निबंधित होना अनिवार्य : आयुक्त

**संवाददाता। लातेहार**

पलामू प्रमंडलीय आयुक्त (कमिश्नर)-सह-मतदाता सूची प्रेक्षक बाल किशुन मुंडा ने लातेहार जिले के 73 मनिका एवं 74 लातेहार विधानसभा क्षेत्र में चल रहे मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के कार्यों एवं गतिविधियों की समीक्षा की. इससे पहले उपायुक्त गरिमा सिंह ने बुके भेंट कर आयुक्त का स्वागत किया. लातेहार समाहरणालय सभागार में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्होंने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया.

उन्होने काह कि हर योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में निबंधित होना अनिवार्य है. उन्होने मतदाताओं द्वारा मतदाता सूची में नाम निबंधित, संशोधित एवं विलोपित करने संबंधी प्राप्त प्रपत्रों के आंकड़ों के अद्यतन जानकारी ली और इसका त्वरित निष्पादन करने का निदेश दिया. स्वच्छ व त्रुटिरहित मतदाता सूची का बनाने को ले कर उन्होने कई निर्देश दिये. उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है. आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है. निर्वाचन आयोग द्वारा सभी मतदाताओं का फोटोयुक्त रंगीन मतदाता पहचान पत्र निर्गत किये जाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है. किसी भी चुनाव में मतदान करने के लिए मतदाता का नाम संबंधित मतदान केंद्र की मतदाता सूची में निबंधित होना अनिवार्य है. उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, बुद्धिजीवी एवं समाज के जागरूक व्यक्तियों द्वारा समन्वय के साथ कार्य किये जाने से कोई भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में निबंधित होने से वंचित नहीं रहेगा.



आयुक्त को बुके देकर सम्मानित करतीं डीसी

# संवेदक ने सड़क निर्माण के लिए विलेज कैनाल को काटा

**संवाददाता। सतबरवा (पलामू)**

सड़क बनाने के नाम पर विलेज नहर को संवेदक ने पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है, इससे सैकड़ों एकड़ भूमि सिंचाई से वंचित हो जायेगा, इसकी जांच कर कार्रवाई करें। उक्त बातें मंगलवार को डीसी को आवेदन देते हुए उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने कही। उप प्रमुख ने बताया कि 21 फरवरी को पांकी विधायक ने धावाडीह से लोहड़ी बस्ती तक करीब एक करोड़ की लागत से सड़क निर्माण की आधारशिला रखी थी. संवेदक ने सड़क निर्माण में मिट्टी के भरावट के लिए बगल से गुजरी विलेज नहर का बांध काट कर सड़क निर्माण में डाल दिया. बांध का मिट्टी काटे जाने का विरोध कई ग्रामीणों ने किया था, दबंग संवेदक ने किसी की बात नहीं सुनी और नहर के मिट्टी काटने का सिलसिला जारी रहा. उप प्रमुख ने बताया कि पूर्व से सिंचाई के लिए बने विलेज कैनाल को ध्वस्त कर दिया गया. यह विलेज कैनाल धावाडीह, रेवारातू और लोहड़ी समेत पांच गांव के किसानों के लिए वरदान था. इस कैनाल से सैकड़ों एकड भूमि सिंचित होती है. उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने कहा कि लाख मना करने के बावजूद संवेदक के द्वारा नहर पूरी तरह बर्बाद कर दिया. पंसस की बैठक में इस मामला को उठाया गया था. सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की तथा एरिगेशन विभाग से भी जांच की मांग की गई थी, परंतु किसी ने इस पर संज्ञान नहीं लिया.



काटा गया विलेज कैनाल.

### खास बातें

- बांध की मिट्टी काटे जाने का ग्रामीणों ने किया विरोध
- उप प्रमुख ने डीसी से जांच कर कार्रवाई की मांग की

## पेज एक का शेष

### अंतरिम कार्यवाहक पद की...

**हसीना थोड़े और समय के लिए दिल्ली में रहेंगी : सजीब :** बांग्लादेश में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद अपना देश छोड़कर भारत आईं शेख हसीना थोड़े और समय के लिए दिल्ली में रहेंगी. हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय ने यह जानकारी दी. हसीना सोमवार को दिल्ली के निकट स्थित वायुसेना के हिंडन स्टेशन पहुंची थीं. बाद में उन्हें कड़ी सुरक्षा के तहत दिल्ली में एक सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है. हसीना के साथ उनकी बहन शेख रेहाना भी हैं. किसी तीसरे देश से शरण मांगने की हसीना की योजना के बारे में जॉय ने कहा कि ये सभी अफवाहें हैं. उन्होंने अभी इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है. वह कुछ और समय के लिए दिल्ली में ही रहेंगी.

**बहादुर बच्चों ने देश को कराया आजाद : खालिदा जिया :** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया ने अस्पताल से अपना संदेश जारी किया है. उन्होंने कहा कि जिन्होंने मेरे स्वास्थ्य और आजादी के लिए प्रार्थना की, उन सभी को धन्यवाद है. जिया ने आगे कहा कि हमारे बहादुर बच्चों के प्रयासों से देश आजाद हुआ है. इस जीत ने हमें एक नई शुरुआत दी है. हमें लंबे समय से चले आ रहे भ्रष्टाचार के ढेर से एक समृद्ध बांग्लादेश बनाना है. खालिदा जिया ने आगे कहा कि छात्र और युवा, हमारे देश के भविष्य हैं. हम उन सपनों को साकार करेंगे, जिसके लिए उन्होंने अपना खून बहाया. जिया ने कहा कि हमें सैकड़ों शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करनी चाहिए.

**ढाका में मौजूद भारतीय उच्चायोग लगातार कार्यरत :** बांग्लादेश की राजधानी ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग में गैर-जरूरी सेवाओं में कार्यरत कर्मी और उनके परिवार के सदस्य बुधवार की सुबह भारत लौट आए. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बांग्लादेश में भारतीय उच्चायोग लगातार कार्यरत है और वहां कार्यरत सभी भारतीय राजनयिक ढाका से ही काम कर रहे हैं. सिर्फ गैर-जरूरी सेवाओं में काम कर रहे कर्मी और उनके परिवारवाले विशेष विमान से स्वदेश लौटे हैं. इस बीच एअर इंडिया और इंडिगो ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका के लिए विशेष उड़ानें संचालित कर बुधवार की सुबह 400 से अधिक लोगों को भारत लाया है.

### कैबिनेट की बैठक में लिये गये अन्य निर्णय

- मुख्यमंत्री अस्पताल एकल्प योजना के लिए गाइडलाइन बनी. राज्य और जिला स्तर पर समिति गठित होगी.
- राज्य अंतर्गत सभी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल आदि का उन्नयन किया जाएगा.
- दूसरे चरण में सभी अनुमंडल एवं सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन होगा.
- झारखंड राज्य अंतर्गत नर्सिंग संस्थान क्षेत्र के नामांकन प्रबंधन के नियम 2023 में संशोधन किया गया है.
- सभी सीटों में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा में न्यूनतम 40 प्रतिशत न्यूनतम अंक लाना अनिवार्य किया गया है.
- 2021 से अनुपस्थित चल रहीं सदर अस्पताल खूंटी की चिकित्सक डॉ नीलम को सेवा से बर्खास्त किया गया.
- कोडरमा और चाईबासा जिला में 100-100 बेड के अस्पतालों के लिए पदों का सृजन होगा.
- वनरक्षी के 1553 पदों का प्रत्यापन करते हुए प्रधान वनरक्षी के 1315 पद इस सृजन की स्वीकृति दी गई.
- कृषि अधीनस्थ सेवा की कर्मियों को प्रथम एसीपी और सेकंड एसीपी वेतनमान स्वीकृति प्रदान की गई.
- बैंकों में सरकारी राशि और खाता खोलने और बैंकों के चयन करने संबंधित मापदंड तैयार किए गए. निदेशक कोषागार को सदस्य बनाया गया.
- दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्र में आरओबी निर्माण करने के लिए रेलवे और पथ निर्माण और दक्षिण पूर्व रेलवे और झारखंड सरकार के बीच होने वाले एमओयू की स्वीकृति दी गई.
- विश्व आदिवासी दिवस पर 9 और 10 अगस्त के दिन कार्यक्रम आयोजन करने के लिए नई दिल्ली की कंपनी एक्सिस कंसलटेंट को इवेंट आयोजन के लिए 7.49 करोड रुपए देने की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई.

**समीक्षा**

### जिला परिषद सामान्य प्रशासन समिति की बैठक अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में हुई

# 82 पुरानी योजनाओं की जगह नई योजना का चयन करेगी जिला परिषद

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

जिला परिषद सामान्य प्रशासन समिति की बैठक अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में हुई. संचालन कार्यपालक पदाधिकारी सह उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने किया. बैठक में मुख्य रूप से 15वें वित्त आयोग अंतर्गत वित्तीय वर्ष-2020, 21, 22 एवं 23 में जिला परिषद द्वारा ली गयी योजनाओं की समीक्षा की गयी. इसमें बताया गया कि उपरोक्त वित्तीय वर्षों में ली गयी योजनाओं में 82 योजनाओं में कार्य शुरू नहीं किया गया है.

इन योजनाओं को रद्द कर इनकी जगह पर नई योजनाओं का चयन करने का फैसला लिया गया. बैठक में बताया गया कि हुसैनाबाद के डाक बंगला पर अवैध कब्जा के कारण राजस्व की वसूली नहीं हो पा रही है. इसकी जांच कर आवश्यक कार्वाई करने का निर्णय लिया गया. इसके अलावे यह बात भी सामने आयी कि विश्रामपुर में जिला परिषद की भूमि पर दो वर्षों से पेयजल स्वच्छता विभाग का पाईप रखा हुआ है. यहां जिला परिषद की भूमि का कई लोग अतिक्रमण भी कर रहे हैं.

बैठक में इसकी स्थलीय जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई करने एवं जिला परिषद की भूमि की घेराबंदी चाहरदिवारी कराकर किये जाने का निर्णय लिया गया. बताया गया कि जिला परिषद की जिले की वैसी दुकानें जिनका अब तक आवंटन नहीं किया गया है, उन्हें प्रक्रिया के तहत आवंटित करने का निर्णय लिया गया है. कहा गया कि कोरोना काल के बाद से जिला परिषद कार्यालय में झंडोत्तोलन के दौरान पदाधिकारियों की उपस्थिति नहीं हो रही थी, लेकिन इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के झंडोत्तोलन के दौरान जिले के अधिकारी व पदाधिकारी उपस्थित होंगे. यहां झंडोत्तोलन 15 अगस्त को दिन के 10.45 बजे किया जायेगा. बैठक में जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह व सदस्यों में अरविंद सिंह, प्रमोद सिंह, रामलव चौरसिया, अमित जायसवाल, निधि सिंह, विजय रविदास, फिजाईल अहमद, खुशबू कुमारी, अंजू देवी, रूपवंती देवी, छोटन सिंह समेत जिला अभियंता, कनीय अभियंता समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.



जिला पिरषद की बैठक में शामिल सदस्य व डीडीसी.

## एक पहलू यह भी

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय बजट (बी.ई.) के विश्लेषण से पता चलता है कि कुल 4,820,512 करोड़ रुपये के परिव्यय में से 109,920.95 करोड़ रुपये (बी.ई.) बच्चों के कल्याण के लिए आवंटित किए गए हैं. यही नहीं, पिछले वर्ष की तुलना में बाल बजट के समग्र आवंटन में भी वृद्धि हुई है. क्राई के विश्लेषण के अनुसार कुल बाल बजट आवंटन में 5,741.32 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है, जो 2023-24 में 104,179.63 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 109,920.95 करोड़ रुपये हो गया है. बाल स्वास्थ्य के तहत सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक, प्रजनन और बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम और राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के लिए फ्लेक्सीबल पूल में 2024-25 (बी.ई) में वृद्धि देखी गई है. इस वर्ष अनुमानित आवंटन 4,153.48 करोड़ रुपये है, जबकि 2023-24 (बीई) में यह 3,187.17 करोड़ रुपये था. सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के लिए आवंटन में लगभग 3.14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 2023-24 (बीई) में 17,471.16 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 (बीई) में 18,020.00 करोड़ रुपये हो गया है, जो पूर्ण संख्या में 548.84 करोड़ रुपये की वृद्धि है. प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण), जिसे पहले मिड-डे मील के नाम से जाना जाता था, में बजटीय आवंटन 2023-24 (बीई) के 11,600 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 (बीई) में 12,467.39 करोड़ रुपये हो गया है. यानी 7.48 प्रतिशत की वृद्धि की गई है. समग्र शिक्षा अभियान का बजट 2023-24 (बीई) में 37,453.47 करोड़ रुपये से 0.12 प्रतिशत बढ़कर 2024-25 (बीई) में 37,500 करोड़ रुपये हो गया है, जो निरपेक्ष संख्या में 46.53 करोड़ रुपये की वृद्धि है. अल्पसंख्यकों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति में 7.55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 2023-24 (बीई) में 1,065 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 (बीई) में 1,145.38 करोड़ रुपये हो गई है. हालांकि, अल्पसंख्यकों के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति में बजट आवंटन में कटौती हुई है, जो 2023-24 (बीई) में 433 करोड़ रुपये से घटकर 2024-25 (बीई) में 326.16 करोड़ रुपये हो गया है. पीएम स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) के तहत आवंटन 2023-24 (बीई) में 4,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 (बीई) में 6,050 करोड़ रुपये हो गया है, जो 2,050 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्शाता है. यह 51.25 प्रतिशत की वृद्धि है.नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) के लिए आवंटन 2023-24 (बीई) में 5,486.50 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 (बीई) में 5,800 करोड़ रुपये हो गया है, जो 313.50 करोड़ रुपये की वृद्धि है. केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) के लिए आवंटन 2023-24 (बीई) में 8,363.98 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 (बीई) में 9,302.67 करोड़ रुपये हो गया है, जो 938.69 करोड़ रुपये की वृद्धि है.मिशन वात्सल्य के लिए आवंटन 2024-25 (बीई) में 2023-24 (बीई) की तुलना में 1,472.17 करोड़ रुपये पर बरकरार रहा है. बच्चे किसी भी विकास संबंधी विमर्श के केंद्र में होने चाहिए, और हम आशा करते हैं कि आने वाले दिनों में जिस विकसित भारत की परिकल्पना की जा रही है, उसके केंद्र में बच्चों को रखा जाएगा.

> हालांकि, अल्पसंख्यकों के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति में बजट आवंटन में कटौती हुई है, जो 2023-24 (बीई) में 433 करोड़ रुपये से घटकर 2024-25 (बीई) में 326.16 करोड़ रुपये हो गया है.

### सुभाषित

**श्रद्धाभक्तिसमायुक्ता नान्यकार्येषु लालसाः।**
**वाग्यताः शुचयश्चैव श्रोतारः पुण्यशालिनः॥**

योग्य श्रोता वही है, जिनके पास श्रद्धा तथा भक्ति है, जिनका हेतु केवल ज्ञान प्राप्त करना है और कुछ भी नहीं तथा जिनका अपनी वाणी पर नियंत्रण है और जो मन से शुद्ध है. जिनमें ये गुण नहीं हैं, उन्हें योग्य श्रोता नहीं माना जा सकता.

# 'सुराज' के लिए प्रशांत का बिहार मंथन

**विगत डेढ़ साल से पूरे बिहार को मथ रहे हैं प्रशांत किशोर. वह बिहार में आमूल-चूल परिवर्तन लाना चाहते हैं. वह अगले साल चुनाव लड़ेंगे और अभी से दावा है कि सरकार उनकी ही बनेगी. प्रशांत का रोडमैप तैयार है. जैसे, 2 अक्टूबर 2024 को वह पार्टी गठन की घोषणा कर देंगे. मान कर चलें कि पार्टी का नाम जनसुराज पार्टी ही होगा. आखिरी वक्त में कुछ बदल जाए तो कहा नहीं जा सकता. सियासत की बेहद सर्पीली गलियों में उनका यह दावा कितना सटीक बैठेगा?**

• देश-काल



आनंद सिंह

चुनावी रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर बिहार को मथ रहे हैं. वह लोगों से लगातार संवाद कर रहे हैं. पदयात्रा कर रहे हैं. लोगों को बता रहे हैं कि राजनीति क्या है और उसे कैसे करना है? इतना ही नहीं, वह लोगों को यह भी बता रहे हैं कि कैसे 2025 में वह सभी 243 सीटों पर जन सुराज के उम्मीदवार उतारेंगे, कैसे 75 मुसलमानों को टिकट देंगे, कैसे वह चुनाव जीतेंगे और कैसे फिर बिहार का भाग्य बदलने का प्रयास करेंगे. एक सांस में आप इसे पढ़ जाएं तो लगेगा कि कुछ बड़ा होने वाला है, लेकिन दूसरे ही पल आपके चेहरे पर एक मुस्कान तैर जाएगीः अच्छा, तो ये बिहार को बदलने चले हैं... ! प्रशांत किशोर को हल्के में लेने वाले हल्के में ही लेंगे, जो उन्हें गंभीरता से लेते हैं, वे गंभीरता से ही लेंगे. वह यानी प्रशांत किशोर मूलतः गंभीर हैं और लोकसभा चुनाव में अपनी डेंट लगी छवि को सुधारने में भी जुटे हुए हैं. उन्होंने भविष्यवाणी की थी कि एनडीए को 400 प्लस सीटें आएंगी. नहीं आईं. सियासत की नब्ज पर हाथ धरने वालों ने उन्हें जम कर कोसा. फब्तियां कसीं. जो नहीं बोलना था, वह भी बोले. प्रशांत किशोर ने इसे बहुत हल्के में लियाः गलत फैसले को नहीं, जनता की राय को. उन्होंने एक टीवी चैनल पर आकर बाकायदा इसके लिए अफसोस व्यक्त किया.

अगर लोकसभा चुनाव के गलत निर्णय (सीटों को लेकर) वाली बात अभी भी आपके मन में है, आप उन्हें एक हल्का शख्स समझते हैं तो यह लेख आपके लिए नहीं. बेहतर हो कि आप कोई दूसरा काम करें. यह लेख उनके लिए है, जो प्रशांत किशोर में उम्मीद देखते हैं. जो यह मान कर चलते हैं कि यह आदमी लोगों को सही रास्ते पर लेकर आएगा. मैं उन्हें इसी रूप में देखता हूं. सवाल मेरे भी मन में हैं, लेकिन उन पर चर्चा फिर कभी. प्रशांत किसी भी स्थान पर जनसभा की शुरुआत में कहते हैं- नमस्कार. मेरा ही नाम प्रशांत किशोर है. मोदी जी की सरकार बनाने में एक कंधा मेरा भी था. मैंने रणनीति बनानी छोड़ दी है. मैं बिहार का कर्ज उतारने आया हूं आदि-आदि. इसके बाद वह किसी शिक्षक की तरह एकदम सरल शब्दों में अपने उद्देश्यः बिहार कैसे बदलेगा, वोटरों को क्या करना चाहिए, जनसुराज पार्टी का गठन कब होगा, उनकी भूमिका क्या होगी, नेता कौन होगा, चुनाव कौन लड़ेगा, मुसलमानों की क्या भूमिका होगी आदि पर अपनी बात रखते हैं. वह हर इंसान को सीधे-सीधे उसके परिवार से जोड़ते हैं. बताते हैं कि आप उन बच्चों के लिए क्या कर रहे हैं, जो आपके हैं. वह करारा प्रहार भी करते हैं. जैसे, एक स्थान पर वह कहते हैं- आपको मोदी जी का पांच किलो अनाज चाहिए. आपको रोजगार नहीं चाहिए. साल भर में 6000 रुपये और हर माह हर सदस्य के नाम पर पांच किलो अनाज. आप इसी में खुश हैं. यही सब देख कर आप हर विधानसभा-लोकसभा चुनाव में मोदी जी के नाम पर कमल फूल पर वोट देकर जिताते आए हैं. जिताते रहिए. इस जीत से कुछ होने वाला नहीं. बिहार तो हर बार हार रहा है. बिहार को स्पेशल राज्य का दर्जा नहीं मिला. स्पेशल पैकेज भी नहीं मिला. अब तो डबल इंजन की सरकार है. अब तो सब साफ-सुथरा हो जाना चाहिए था. अब क्यों नहीं हो रहा है? चंद्रबाबू नायडू को कितना मिला और नीतीश जी को कितना मिला, अखबार पढ़ लीजिए. आप लोग जब कसमें खा लिए हैं कि सोना है, जागना नहीं है तो प्रशांत किशोर आपको थोड़े जगा पाएगा... आप लोग सोते रहिए. जिनको जागना है, वे जाग जाएंगे. जिनके नसीब में सोना है, वे सोते ही रह जाएंगे. कई पत्रकारों ने कई मौकों पर प्रशांत किशोर से विभिन्न मुद्दों पर बात की. उनके अनुसार, प्रशांत का रोडमैप तैयार है. जैसे, 2 अक्टूबर 2024 को वह पार्टी गठन की घोषणा कर देंगे. मान कर चलें कि पार्टी का नाम जनसुराज पार्टी ही होगा. आखिरी वक्त में कुछ बदल जाए तो कहा नहीं जा सकता. यह भी तय है कि वह इस पार्टी में कोई पद नहीं लेंगे. वह चुनाव भी नहीं लड़ेंगे. वह नेता भी नहीं बनेंगे. वह पार्टी के एक सूत्रधार की भूमिका में होंगे. वह लोगों से कह रहे हैं कि आपका प्रजेंस ऑफ माइंड सही है तो आप हमारे पास आइए. हम आपको अपने खर्च पर नेता बनाएंगे. नेता के पहले योग्य नागरिक बनाएंगे. आपको बेहतर इंसान बनाएंगे. आपको सरकारी नीतियों से परिचित कराएंगे. और, अच्छी बात यह है कि जनता पर उनकी बातों का बहुत असर हो रहा है. लोग घरों से निकलने लगे हैं. क्या हिंदू और क्या मुसलमान. क्या नेता, क्या अभिनेता. क्या लड़के, क्या लड़कियां. सब जुट रहे हैं प्रशांत किशोर के साथ. अभी कर्पूरी ठाकुर की पोती ने उन्हें ज्वाइन किया. कुछ अर्सा पहले भोजपुरी फिल्मों की एक अभिनेत्री भी उनके साथ जुड़ चुकी है. मान कर चलें, 2 अक्टूबर को उनके साथ नामी-गिरामी लोग भी जुड़ेंगे. दरअसल, बिहार की बदहाली लोगों को बताने में और उसकी काट खोजने में प्रशांत सिद्धहस्त हैं. वह गांधी जी को मानने वाले हैं और जनसुराज के बैनर पर बाईं तरफ सिर्फ और सिर्फ गांधी जी की ही फोटो लगती है. और किसी की नहीं. पीके की भी नहीं. तो, समझना यह होगा कि प्रशांत जिस बिहार में एक संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं, वह उसमें सफल हो पाएंगे कि नहीं? नीतीश, लालू, तेजस्वी को एक ही लाठी से हांकने वाले पीके मोदी को भी नहीं बख्शते और न ही अमित शाह को. वह जनता को भी उलाहना देने से बाज नहीं आते (और कई बार फटकारने से भी) कि आप लोग ही सो गए तो बिहार सो गया. यह भी देखने वाली बात होगी कि 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी का प्रदर्शन कैसा रहता है, हालांकि उन्होंने दावा किया है कि वह दो तिहाई बहुमत के साथ सरकार बना लेंगे. बाकी, देखते जाइए कि आगे-आगे होता है क्या... !

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



### अपक्व सामग्री और पकवान

एक लड़की अपनी मां के पास आकर अपनी परेशानियों का रोना रो रही थी. वह परीक्षा में फेल हो गई थी. सहेली से झगड़ा हो गया. मनपसंद ड्रेस प्रेस कर रही थी, वह जल गई. रोते हुए बोली, "मम्मी, देखो न, मेरी जिन्दगी के साथ सब कुछ उलटा-पुल्टा हो रहा है." मां ने मुस्कराते हुए कहा, यह उदासी और रोना छोड़ो, चलो मेरे साथ रसोई में, "तुम्हें आज तुम्हारी मनपसंद दाल कचौड़ियां खिलाती हूँ." लड़की का रोना बंद हो गया और हंसते हुए बोली, "दाल कचौड़ियां तो मेरा प्रिय व्यंजन है. कितनी देर में बनेगी?", कन्या ने चहकते हुए पूछा. मां ने सबसे पहले मैदे का डिब्बा उठाया और प्यार से कहा, "ले पहले मैदा खा ले." लड़की मुंह बनाते हुए बोली, "इसे कोई खाता है भला." मां ने फिर मुस्कराते हुए कहा, "तो ले सौ ग्राम दाल ही खा ले." फिर नमक और मिर्च मसाले का डिब्बा दिखाया और कहा, "लो इसका भी स्वाद चख लो." "मां!! आज तुम्हें क्या हो गया है? जो मुझे इस तरह की चीजें खाने को दे रही हो?" मां ने बड़े प्यार और शांति से जवाब दिया, "बेटा!! कचौड़ियां इन सभी अरोचक चीजों से ही बनती हैं और ये सभी वस्तुएं मिल कर, पक कर ही कचौड़ी को स्वादिष्ट बनाती हैं. अपक्व सामग्री के समायोजन से ही पकवान बनता है. मैं तुम्हें बताना चाह रही थी कि "जिंदगी का पकवान" भी इसी प्रकार की अप्रिय घटनाओं से परिपक्व बनता है. फेल हो गई हो तो इसे चुनौती समझो और मेहनत करके पास हो जाओ. सहेली से झगड़ा हो गया है तो अपना व्यवहार इतना मीठा बनाओ कि फिर कभी किसी से झगड़ा न हो. यदि मानसिक तनाव के कारण "ड्रेस" जल गई तो सदैव ध्यान रखो कि मन की हर स्थिति परिस्थिति में अविचलित रहो. बिगड़े मन से काम भी तो बिगड़ेंगे. कार्यकुशल बनने के लिए मन के चिंतन को विवेक-कुशल बनाना अनिवार्य है. कच्चे अनुभवों के बूते पर ही जीवन चरित्र परिष्कृत और परिपक्व बनता है. जीवन के उतार चढाव ही संघर्ष को उर्जा प्रदान करते हैं. एक बुरा अनुभव आगामी कितने ही बुरे अनुभवों से बचाता है. गलतियां विवेक को सजग रखती है. बुरे अनुभवों से मायूस होकर बैठना प्रयत्न के पहले ही हार मानने के समान है. हमेशा दुरूह मार्ग ही, दुर्गम लक्ष्य का संधान करवाता है. इसलिए कभी भी विपरीत घटनाओं और परिस्थितियों को देख कर ठिठक जाना अच्छी बात नहीं होती. प्रतिकूल परिस्थितियों से प्रेरणा लेकर आगे कदम बढ़ाना चाहिए. एक समय ऐसा भी अवश्य आएगा, जब प्रतिकूल परिस्थितियां स्वयं ही अपना हथियार डाल देंगी.

# शांति से कब तक दूर रहेगा पश्चिम एशिया

• देशांतर

प्रमोद जोशी

एक तरफ इसराइली प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी संसद में जाकर घोषणा की है कि गाजा में लड़ाई जारी रहेगी, वहीं फलस्तीनियों की दृष्टि से अच्छी खबर यह है कि उनके दो सबसे महत्वपूर्ण गुटों हमास और फतह के बीच गाजा में 'सुलह सरकार (यूनिटी गवर्नमेंट)' बनाने पर सहमति हो गई है. यह सहमति 14गुटों के बीच हुई है, पर इन दो गुटों ता एक-दूसरे के करीब आना सबसे महत्वपूर्ण हैं. सुलह इसलिए मायने रखती है, क्योंकि आने वाले समय में यदि विश्व समुदाय 'टू-स्टेट समाधान' की दिशा में आगे बढ़ा, तो वह कोशिश इन गुटों के आपसी टकराव की शिकार न हो जाए.फिर भी इस समझौते को अंतिम नहीं माना जा सकता. इसमें कई किंतु-परंतु हैं, फिलहाल यह फलस्तीनियों की आंतरिक एकता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है. यह सहमति चीन की मध्यस्थता से हुई है, इसलिए इसे चीन की बढ़ती भूमिका के रूप में भी देखना होगा. पश्चिम एशिया में चल रही इस तनातनी के बीच चीन के विदेशमंत्री वांग यी ने 23 जुलाई को 14 फलस्तीनी गुटों बीच समझौते की जानकारी देते हुए कहा कि चीन 'पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता की स्थापना में रचनात्मक भूमिका निभाएगा.' इस 'बीजिंग घोषणा' पर दस्तखत होने के बाद वांग ने कहा, बेशक यह फलस्तीनी गुटों का आंतरिक मामला है, लेकिन सुलह-सरकार की स्थापना अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समर्थन के बिना हासिल नहीं हो सकेगी. एक तरफ बीजिंग में यह समझौता हुआ, वहीं उसके अगले रोज 24 जुलाई को वॉशिंगटन में बिन्यामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी संसद में एक तीखे भाषण में युद्ध को न केवल सही बताया, बल्कि उन अमेरिकी प्रदर्शनकारियों की निंदा की, जिनके दबाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के कई सांसदों ने उनके भाषण का बहिष्कार किया था. उस दिन हजारों प्रदर्शनकारियों ने कैपिटल हिल में बाहर डेरा डाला था. भीतर नेतन्याहू ने 'पूर्ण विजय' तक लड़ाई युद्ध जारी रखने की कसम खा रहे थे. हाल में इजराइली संसद ने एक प्रस्ताव पास करके फलस्तीनी राज्य की स्थापना को सिरे से खारिज कर दिया है. इजराइल ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह गाजा को भी खाली नहीं करेगा. यानी कि लड़ाई खत्म हो भी गई, तब भी इजराइली सेना वापस नहीं होगी. जटिलताएं बहुत ज्यादा हैं और समाधान की खिड़की बहुत छोटी है. फिर भी बीजिंग समझौते का महत्व है और इसका स्वागत होना चाहिए. ग्लोबल राजनीति का यह नया अध्याय है, जिसमें चीन अपने महत्व को स्थापित करना चाहता है. दूसरी तरफ अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी देशों ने

> इजराइल ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह गाजा को भी खाली नहीं करेगा. यानी कि लड़ाई खत्म हो भी गई, तब भी इजराइली सेना वापस नहीं होगी. जटिलताएं बहुत ज्यादा हैं और समाधान की खिड़की बहुत छोटी है. फिर भी बीजिंग समझौते का महत्व है और इसका स्वागत होना चाहिए. ग्लोबल राजनीति का यह नया अध्याय है, जिसमें चीन अपने महत्व को स्थापित करना चाहता है.

आने वाले कुछ समय के लिए इस इलाके के लिए जो योजना बनाई है, उसके केंद्र में गाजा में विदेशी सेना तैनात करने की बात है, जिसे फलस्तीनी समूह अब फलस्तीनियों की गुटबाजी की तरफ आएं. हमास और फतह तब से कट्टर प्रतिद्वंद्वी हैं, जब 2006 के चुनावों में हमास की शानदार जीत की बेला में हुए घातक संघर्षों के बाद इस्लामवादी हमास ने 2007 में गाजा पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित कर लिया था और फतह को खदेड़ दिया.तबसे वहाँ उसका शासन है. दूसरी तरफ सेक्युलर संगठन फतह फलस्तीनी प्राधिकरण को नियंत्रित करता है, जिसका इसरायल के कब्जे वाले जॉर्डन नदी के पश्चिमी तट पर आंशिक प्रशासनिक नियंत्रण है. फलस्तीनी गुटों के लिए नया समझौता वास्तविक संयुक्त मोर्चा बनाने की तुलना में फौरी तौर पर राजनीतिक प्राथमिकताओं की ओर इशारा कर रहा है. इन दो समूहों में हमास का अमेरिका से संपर्क शून्य है, जबकि अमेरिका की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है. इन गुटों के आंतरिक वैचारिक मतभेद क्या दूर हो गए हैं? अमेरिका क्या नवंबर के राष्ट्रपति चुनाव के पहले कुछ कर पाएगा? फलस्तीनियों का इजराइल के साथ संवाद या सहयोग संभव होगा? इन तीन सवालों का जवाब मिल जाने के बाद स्वाभाविक रूप से चौथा सवाल होगा कि क्या चीन इस मामले में मध्यस्थता कर सकेगा? मध्यस्थता वही कर सकेगा, जिसपर दोनों पक्ष भरोसा करेंगे. इजराइल पर चीन का प्रभाव पहले से ही बहुत कम है, फिर 7अक्टूबर के बाद से चीन ने इजराइल की निंदा की है और फलस्तीनियों का पक्ष लिया है, जिससे यह दूसरी बढ़ी है. जब फलस्तीनी गुट चीनी विदेश मंत्री वांग यी के माध्यम से आपसी बातचीत में लगे थे, तब नेतन्याहू राष्ट्रपति बाइडेन से मिलने और अमेरिकी संसद के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करने के लिए वाशिंगटन रवाना हो रहे थे, कम से कम फलस्तीनियों का विश्वास जीतने में चीन जरूर सफल हुआ है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# जाति जनगणना का खतरा कितना बड़ा

• सामयिकी

रविंद्र पटवाल

2014 से 2024 तक फिर से तीन दशक बाद पहली बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सफल रही, जो यूपीए की तुलना में सीधे-सीधे बड़ी एकाधिकार पूंजी की सेवा कर पाने में सक्षम साबित हुई. एक तरफ हिन्दुत्वादी नैरेटिव को चलाकर समाज और राजनीतिक परिदृश्य में हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण को निरंतर बढ़ाया गया, अपने विकल्प में मौजूद कांग्रेस के रहे-सहे वजूद को खत्म करने का अनथक प्रयास कर भाजपा/आरएसएस के लिए 2047 तक का विजन तैयार किया गया, वहीं दूसरी तरफ क्रोनी कैपिटल के लिए खुले हाथों से देश के संसाधनों की लूट और छोटे-मोटे पूंजीपतियों तक को बुलडोज होते देखा गया. इसे हिन्दुत्ववादी राजनीति का कौशल ही कहना चाहिए कि जिस राजनीतिक शक्ति ने मंडल-1 का सबसे मुखर विरोध किया था, उसी ने राम मंदिर, कांवड़ यात्रा, गौ-रक्षा अभियान जैसे तमाम अभियानों में बड़ी संख्या में देश के ओबीसी, दलितों और आदिवासियों को अपने पक्ष में गोलबंद कर लिया था, जिसका बड़ा लाभ उसे 2014 और उसके बाद अभी तक हासिल हो रहा था. अपनी वैचारिकी को देश पर प्रतिष्ठापित करने के लिए संघ और भाजपा में पर्याप्त लचीलापन था, जिसे विभिन्न राज्यों में ओबीसी मुख्यमंत्रियों के तौर पर देखा गया, लेकिन 2014 के बाद तो जैसे सब कुछ बदल गया था, हालांकि पीएम मोदी के नेतृत्व में भी दलित, पिछड़े और आदिवासी पृष्ठभूमि के किसी व्यक्ति को बड़े संवैधानिक पदों पर आसीन कराकर क्रोनी पूंजी की सेवा का काम बदस्तूर जारी रहा, जिसे अंततः 4 जून के चुनाव परिणामों में एक झटका जरूर लगा है. यह झटका अनायास नहीं है. 35 वर्षों के आरक्षण समर्थन-विरोध के समानांतर हिंदुत्व की राजनीति में ऊभ-चूभ होने के बाद बहुसंख्यक भारतीय खुद को पहले से कहीं अधिक लुटा-पिटा पा रहा है. इस बीच में न जाने कितने सावन, वसंत और पतझड़ आये और चले गये. गांव में हल-बैल की जगह ट्रैक्टर, डीजल, खाद और कीटनाशकों ने ले ली, दलित और पिछड़े समाज को शहरी मजदूर बनने के लिए पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा. सरकारी शिक्षा का स्तर गिरता चला गया, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सरकार की बजाय निजी स्कूलों और नर्सिंगहोम का मुंह देखना पड़ रहा है. आरक्षण है, लेकिन

> 35 वर्षों के आरक्षण समर्थन-विरोध के समानांतर हिंदुत्व की राजनीति में ऊभ-चूभ होने के बाद बहुसंख्यक भारतीय खुद को पहले से कहीं अधिक लुटा-पिटा पा रहा है. इस बीच में न जाने कितने सावन, वसंत और पतझड़ आये और चले गये. गांव में हल-बैल की जगह ट्रैक्टर, डीजल, खाद और कीटनाशकों ने ले ली.

रोजगार ही सरकार ने खत्म कर दिए हैं, या लेटरल एंट्री ने स्थानापन्न कर दिया है. संवैधानिक पदों पर भले ही दलित या पिछड़े को प्रतिनिधित्व दिया गया है, लेकिन दलित की बेटी की अस्मत लुटने पर थाने में सुनवाई नहीं हो रही है. ये वे मुद्दे हैं, जिनसे दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक आबादी ही नहीं, आम गरीब सवर्ण भी जूझ रहा है. लेकिन बड़ी पूंजी और हिंसक प्रतिक्रियावादी शक्तियों का राजनीति, समाज, मीडिया और सोशल मीडिया में इतना तगड़ा दबदबा बन चुका था कि दिन के उजाले में भी इनके लिए घुप अंधकार काल था. इस काल को भी जब अमृत काल कहा गया तो किसी के पास भी सच बात कहने की हिम्मत नहीं थी. राहुल गांधी, जो दो-दो चुनाव में तगड़ी चोट खाकर बीजेपी की आईटी सेल द्वारा पप्पू घोषित किये जा चुके थे, कांग्रेस के भीतर के पॉवर के इर्द-गिर्द मंडराने वालों के भी निशाने पर बने हुए थे. एक तरफ कांग्रेस मुक्त भारत के मोदी के सपने को चुनौती देने की जिम्मेदारी थी, जिसे कांग्रेस के भीतर बने रहकर कर पाना असंभव होता जा रहा था, जिसे राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा के जरिये तोड़ा, अपने लिए और साथ ही कांग्रेस के लिए एक राह तलाशी, जिसका लाभ उन करोड़ों लोगों को भी मिला, जिनकी आवाज पिछले कई वर्षों से घुट रही थीं. जाति जनगणना के माध्यम से राहुल गांधी क्या हासिल करना चाहते हैं? आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी की बात सबसे पहले लोहिया ने उठाई थी. लोहिया की समूची राजनीति कांग्रेस विरोध पर टिकी हुई थी. ऐसा कहा जाता है कि आरएसएस को वैधता प्रदान करने में यदि सबसे बड़ा हाथ किसी का है, तो वह जय प्रकाश नारायण और उसके बाद लोहिया और उनके बाद उनके कार्यकर्ताओं का रहा है. क्या हिस्सेदारी की बात उठाकर राहुल गांधी ने एक बड़े झंझावात को खड़ा करने का मन बना लिया है?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## मीडिया में अन्यत्र

# दंगों की आग में झुलस रहे ब्रिटेन के कई शहर

**कभी** भारत समेत दुनिया पर शासन करने वाला द ग्रेट ब्रिटेन इन दिनों बर्निंग ब्रिटेन बन चुका है. ब्रिटेन के कई शहर दंगों की आग में झुलस रहे हैं. वहां रहने वाले लोग भी कह रहे हैं कि अब इस देश को पहचानना मुश्किल हो गया है. साउथ पोर्ट शहर में एक सप्ताह पहले तीन बच्चियों की हत्या के बाद शुरू हुआ बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा. जिस नाबालिग ने डांस क्लास में चाकू से हमला करके तीन लड़कियों की हत्या की, उसकी पहचान रवांडा मूल के एक्सेल रूदाकुवाना के तौर पर हुई है. इस हत्याकांड के बाद अफवाह फैल गई थी कि हत्यारा नाबालिग मुस्लिम शरणार्थी है. सोशल मीडिया पर भी दावा किया गया कि रूदाकुवाना एक अप्रवासी मुस्लिम था, जो अवैध रूप से ब्रिटेन में आया था. यह खबर फैलते ही ब्रिटेन के अप्रवासियों के खिलाफ आक्रोश की लहर फैल गई. लीवरपूल, ब्रिस्टल, मैनचैस्टर, ब्लैकपूल और बेलफास्ट समेत कई शहरों में हिंसा शुरू हो गई. दक्षिणपंथी समूहों से झड़पों में कम से कम 100 लोगों को गिरफ्तार किया गया. तोड़फोड़, आगजनी और पथराव की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं. ब्रिटेन के लोगों का हिंसक आपराधिक व्यवहार बहुत कम देखने को मिलता है, लेकिन इस बार लोग ज्यादा ही आक्रोशित दिखाई दे रहे हैं. ब्रिटेन सरकार मुस्लिमों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है, वहीं मुस्लिम भी मस्जिदों में जाने से डर रहे हैं. पुलिस का दावा है कि हत्यारे का जन्म ब्रिटेन में हुआ और उसका परिवार ईसाई बताया जाता है. पिछले महीने जुलाई में भी लीड्स में दंगे हो गए थे तब पूरा बवाल एक चाइल्ड केयर एजैंसी और बच्चों को लेकर हुआ था. लोगों का आरोप था कि चाइल्ड केयर एजेंसी ने बच्चों को मां-बाप से अलग कर चाइल्ड केयर होम में रखा, जिससे लोग नाराज हो गए और विवाद एक बड़े दंगे में तब्दील हो गया. दंगों का आरोप अल्पसंख्यकों पर लगाया गया. दंगों का पाकिस्तान से कनेक्शन भी जोड़ा गया. आरोप है कि लंदन के मेयर सादिक खान जो मूल रूप से पाकिस्तानी है और लीड्स के मुस्लिम कौंसलर का अल्पसंख्यकों को समर्थन प्राप्त था. अब जबकि यह स्पष्ट हो चुका है कि नाबालिग हत्यारे का इस्लाम से कोई संबंध नहीं है लेकिन प्रदर्शनकारी सड़कों पर आकर "बस बहुत हो गया, हमारे बच्चों को बचाओ, नावों को रोको" आदि नारे लगा रहे हैं. लोग बार्डर बंद करने की मांग कर रहे हैं. विरोधी प्रदर्शनों के जवाब में नकाबपोश लोगों के गिरोह ब्रिटेन की सड़कों पर अल्लाहुअकबर कहते हुए घूम रहे हैं. इससे पता चलता है कि ब्रिटेन के लोगों में अप्रवासियों के खिलाफ कितना जबर्दस्त गुस्सा है. दरअसल दक्षिण अफ्रीका और खाड़ी देशों से भागकर लोग यूरोप पहुंच रहे हैं.

**(पंजाब केसरी)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### डर/भय/आतंक/दहशत

**रात** के समय घर से अकेले निकलने में डर लगता है, लेकिन घर में तो भय का कोई कारण नहीं है. शहरों में अपराधियों का आतंक है तो गांवों में उग्रवादियों के कारण लोग दहशत में हैं. इन वाक्यों में डर, भय, आतंक और दहशत चार शब्दों का प्रयोग हुआ है. चारों शब्दों का आशय तो लगभग एक ही है, प्रयोग के दृष्टिकोण से इनके अर्थ में सूक्ष्म अंतर है. शब्दकोशों के अनुसार डर संस्कृत मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है, जिसका मतलब है बुरा होने की आशंका से उत्पन्न होनेवाला भाव, भय, खौफ, त्रास, अंदेशा, अनिष्ट की संभावना की मन में होनेवाली कल्पना, किसी बड़े व्यक्ति या बुजुर्ग से कुछ कहने में होने वाला संकोच, आशंका. भय संस्कृत तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है, जिसे डर, खौफ, खतरा आदि के रूप में महसूस किया जाता है. दहशत अरबी मूल का संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है, जिसका अर्थ है खौफ, डर, भय, आतंक. यानी दहशत का हिंदी में समानार्थी आतंक है, जो तत्सम संज्ञा पुल्लिंग है. इसका मतलब है भय, पीड़ा, ऐसा भय जिसमें निरंतर यह अनुभूति बनी रहे कि कहीं कोई अनहोनी न घट जाये, एक प्रकार मानसिक विकार, फोबिया. अब इन शब्दों के सूक्ष्म अंतर को इस रूप में समझा जा सकता है. जो अचानक से हो उसे डर कहते हैं, लेकिन जो पहले से ही मन में शंकित हो उसे भय कहते है. डर वह भावना है जो किसी व्यक्ति को तब महसूस होती है, जब उसे कोई खतरा महसूस होता है या वह उसे समझता है. डर शरीर को मनोवैज्ञानिक और शारीरिक रूप से कार्रवाई के लिए तैयार करता है. डर शब्द शरीर के साथ जुड़ा हुआ है. किन्तु भय वह है, जो मन से जुड़ा है. आतंक भय का एक विकसित रूप है और दहशत चरम. यह तब हो सकता है, जब किसी विध्वंक व्यक्ति या समूह के कारण कोई अप्रत्याशित और भयावह उत्तेजना सामने आती है.

# भगवान को बिना मूंछ देखकर हुई ईर्ष्या

• तीर-तुक्का

डॉ. एसके पाण्डेय



कुछ विद्वानों का कहना है कि एक महात्मा जी का प्रवचन चल रहा था. श्रोताओं में एक नवयुवक भी था. वह दिन में तीन बार शेव करता था. यानी सुबह-दोपहर और शाम. जैसे किसी डॉक्टर की बताई कोई दवा ले रहा हो, हर रोज दिन में तीन बार. उसको रेजर और ब्लेड साथ में ही हमेशा रखना पड़ता था. पता नहीं कहीं समय से घर ना लौट सके और कोई नाई भी समय से ना मिल सके. तब क्या करता ? महात्माजी मोक्ष्वादी और अमोक्ष्वादी पर प्रकाश डाल रहे थे. उनका कहना था कि मानव जीवन का मुख्य उद्देश्य मोक्ष प्राप्त करना ही है. नवयुवक ने प्रश्न किया की भगवान ने पुरुषों के साथ ऐसा क्यों किया? एक तो दाढ़ी रुपी जंगल दूसरे मोछ रुपी झाड़ी क्यों दिया? वहीं लडकियों को दोनों से मुक्ति दे दी. ऊपर से आप हमें एक और मोछ लेने के लिए उकसा रहे हैं. आखिर क्यों लें मोछ हम? हम लोग तो पहले ही एक मोछ पाकर परेशान हैं. शास्त्रार्थ बढ़ता गया. अंत में लड़का बोला नहीं चाहिये, नहीं चाहिये मोछ हमें बिल्कुल नहीं चाहिये. और जेब से रेजर एवं ब्लेड निकालकर वहीं सबके सामने मोछ छीलकर रख दी और बोला मुझे यह भी नहीं चाहिये और चलता बना. विभिन्न मत हैं, कहां तक बताएं ? कुछ लोगों का कहना है कि भगवान को बिना मूंछ, जानकर कुछ लोगों को इर्ष्या हुई. सभी लोग देखते ही हैं कि हर जगह भगवान बिना मूँछ के ही दिखाए जाते हैं. इससे कुछ लोगों को लगा कि बिना मूँछ के रहना तो अपने हाथ में ही है. क्यों न हम भी भगवान जैसे बनें? इनका भी खासा बड़ा दल था. इस दल में अधिकांश लोग ऐसे थे, जिनमें भगवान बनने या भगवान जैसे बनने की ही ललक थी. अगर भगवान बनना इतना ही आसान हो तो फिर देर किस बात की. कुछ विद्वानों का यह भी मत है कि अमूंछ्वादी किसी ना किसी तरीके से मूंछों को उखाड़ फेकना चाहते थे. लेकिन कोई भी उपाय सूझ नहीं रहा था. कुछ समय बाद बड़े-बूढों को उन्हीं की गोली से मारने की एक तरकीब सूझ गयी. बड़े-बूढों को मूंछें बहुत प्यारी थीं, लेकिन कोई बात पड़ जाने पर अक्सर कहते थे कि अगर ऐसा न हुआ अथवा अगर ऐसा नहीं कर पाये तो मूंछें छिला दूंगा. यह उनके बात का प्रमाण होता था कि वे जी-जान से वह कार्य करके दिखा देंगे. और वे कर भी डालते थे. क्योंकि उन्हें अपनी मूंछें बचानी होती थी. मूँछों का मान -सम्मान उनका मान-सम्मान था. कुछ भी हो जाये, लेकिन मूंछें उखड़ना तो दूर नीची भी न होने पायें. कुछ लोग तो मूंछें बचाने के लिए जान भी दे सकते थे. लेकिन अमूंछ्वादियों का मकसद तो सिर्फ किसी ना किसी बहाने मूंछों को उखाड़ फेकना ही था. अतः वे बात-बात में शर्त लगाने लगे कि अगर ऐसा न कर सके अथवा ऐसा न हुआ तो अपनी मूंछें उखड़वा देंगे. कुछ तो कहते कि गधे की पेशाब से छिला देंगे. अब जिसका मकसद सिर्फ मूंछों से निजात पाना ही हो, वह चाहे गधे के पेशाब से छिलाये, चाहे पानी लगाके और चाहे वैसे ही उखाड़ फेके, क्या फर्क पड़ता है?

# लाइफ लाइन

## स्पॉन्डिलोआर्थराइटिस

# जितनी जल्दी होगी रोग की पहचान उतना ही इलाज होगा दुरुस्त

**स्पॉन्डिलोआर्थराइटिस एक प्रकार की गठिया है जिसकी पहचान दर्द व तमाम लक्षणों के बाद भी जांच में कई बार शुरुआती एक-दो साल में नहीं हो पाती. जबकि जितनी जल्दी इस रोग की पहचान होगी, उतनी ही जल्दी रोग पर नियंत्रण संभव होगा. ऐसी स्थिति में इस रोग के लक्षण और इसके इलाज संबंधी जानकारी बहुत मायने रखती है.**



**डॉ राजेश कुमार सिंह**
फिजीशियन व गहन रोग विशेषज्ञ, मेडिका, रांची

स्पॉन्डिलोआर्थराइटिस आर्थराइटिस का एक प्रकार है. इस रोग के शुरुआती लक्षणों में कूल्हे आदि में दर्द, थकान आदि की शिकायत होती है. आमतौर पर इसकी तीव्रता धीरे-धीरे बढ़ती है और शुरुआत में दैनिक काम काज या रुटीन पर अधिक फर्क नहीं पड़ता. यदि बुजुर्ग स्पॉन्डिलोआर्थराइटिस से पीड़ित होते हैं तो उनमें इस तरह का दर्द होने के अलावा शरीर का आगे की ओर झुका हुआ पोश्चर भी स्पॉन्डिलोआर्थराइटिस होने का संकेत करता है. चिकित्सक के पास दर्द आदि की शिकायत लेकर पहुंचने पर डॉक्टर पीड़ित के सेक्रोइलिएक जॉइंट में अकड़न और कूल्हों व कंधे को मूव कर पाने की क्षमता आदि के जरिए भी इस रोग की पहचान करते हैं. आंखों में लालपन और रक्त का जमाव, मुंह में छाले, त्वचा में लाल-गुलाबी निशान, पैर में घुटने के नीचे की हड्डी के बाजू वाले ही हिस्से (शिन्स), कूल्हों की ऊपरी व बाजू की त्वचा पर भी लाल-गुलाबी निशान आदि की भी चिकित्सक जांच करते हैं. इन सभी लक्षणों से रूमेटोलॉजिट आंतों में सूजन या दर्द फिर सोरायसिस नामक बीमारी का पता लगाने की कोशिश करते हैं जो अक्सर स्पॉन्डिलोआर्थराइटिस के साथ ही पहचान में आती है.



## इन टेस्ट से पकड़ में आता है स्पॉन्डिलोआर्थराइटिस



इन शिकायत या लक्षणों के साथ चिकित्सक के पास जब पीड़ित पहुंचते हैं तो वे इसकी पुष्टि के लिए कुछ जांच करवाते हैं. इनमें कंपलीट ब्लड काउंट (सीबीसी), ईएसआर, सी-रीएक्टिव प्रोटीन की जांच शामिल है. इनके अलावा चिकित्सक कूल्हों व पेल्विस का एक्स-रे भी करवाते हैं. स्पॉन्डिलोआर्थराइटिस होने पर पेल्विस के एक्स-रे में कुछ असामान्यता नजर आ सकती है. पीड़ित के रक्त में हीमोग्लोबिन के स्तर के कम रहने से उसका दर्द इंफ्लेटकरी प्रकृति का हो सकता है. कई बार ऐसा भी होता है कि रिपोर्ट बिल्कुल सामान्य आती है, लेकिन पीड़ित दर्द की शिकायत करता है. ऐसे में तमाम जांच को दो-तीन महीने बाद एक बार फिर रिपीट किया जाता है. फिर दोनों रिपोर्ट में अंतर की स्टडी की जाती है. दर्द व अन्य शिकायत के बावजूद कई बार जांच में सब कुछ नॉर्मल दिखता है और शुरुआती दो-चार साल में कोई भी बदलाव नहीं नजर आता.

## यह है इलाज

स्पॉन्डिलोआर्थराइटिस रोग की जितनी जल्दी पहचान होगी और जितना जल्दी इसका ट्रीटमेंट शुरू होगा, उतना ही अच्छा होता है. आमतौर पर इसके लिए दवाओं के साथ-साथ कुछ एक्सरसाइज की भी सलाह देते हैं. गर्दन, कूल्हे, कंधे, रीढ़ की हड्डी और लिंब जोड़ों को सक्रिय व गतिशील बनाए रखने के लिए कुछ शारीरिक व्यायाम की सलाह दी जाती है जिन्हें दिन-प्रतिदिन के जीवन में शामिल करना होता है. चिकित्सक सुविधा और शौक के अनुसार बैडमिंटन, टेनिस, साइकिलिंग, तैराकी, जिमिंग, नृत्य, एरोबिक्स आदि की भी सलाह दे सकते हैं. जहां तक दवाओं का सवाल है, पीड़ित को चिकित्सक नॉन स्टीयोरॉइड दवा लेने की सलाह दे सकते हैं जो उनके जोड़ों के दर्द और अकड़न से राहत दिलाए.



---

सेलेब्स डाइट सीक्रेट : रूपाली गांगुली

# घर का सादा खाना है रूपाली के फिटनेस का राज

**रूपाली गांगुली वर्सेटाइल एक्ट्रेस हैं जिन्होंने संजीवनी, साराभाई वर्सेज साराभाई जैसे आइकॉनिक शो में अपनी दमदार एक्टिंग से टीवी इंडस्ट्री में खास पहचान बनाई है. पिछले कुछ सालों से रूपाली टीवी के नंबर वन शो अनुपमा से दर्शकों के दिलों पर राज कर रही हैं. 47 साल की उम्र में भी रूपाली गांगुली अदाकारी के साथ फिटनेस और एनर्जी के लिए भी पहचान रखती हैं. आइए, इनके आहार और वर्कआउट के बारे में जानकारी हासिल करें-**



आपको जानकर आश्चर्य होगा कि रूपाली का वजन कभी 83 किलो वजन था. बॉडी शेमिंग का शिकार हुई थीं. फिर खुद को शेप में ढाल लिया. इसके लिए बेशक उन्होंने मेहतन और सयंम, दोनों को थामे रखा. सुबह योग स्पिन क्लास जैसे कॉर्डियो वर्कआउट करती हैं, नियमित योगा करती हैं. वहीं जंकफूड से दूर रह कर घर का बनाया सादा खाना खाती हैं. आइए, सुबह से रात तक उनके आहार की जानकारी लें.

दिन की शुरुआत रूपाली दो-तीन गिलास गर्म पानी से करती हैं. इसके बाद कुछ उबले अंडे और फल लेती हैं. नाश्ते में आमतौर पर ओट्स उपमा, स्प्राउट चना-मूंग, दलिया विद वेजिटेबल्स, खूब सारी सब्जियां दे कर बना पोहा और साथ में दही, उपमा आदि होता है. लंच में ग्रिल्ड सब्जियां, सलाद और फलियां खाती हैं. लंच में रोटी या चावल नहीं खातीं. शाम के स्नैक में आमतौर पर भुने चने, भुने मखाने, फ्रूट चाट आदि के साथ नारियल पानी, ग्रीन टी या फलों का रस लेती हैं. डिनर आमतौर पर शाम सात बजे तक कर लेती हैं. इसमें सिंपल दाल, रोटी और सब्जी शामिल होती है. रात में दस बजे तक सोने के लिए जरूर जाती हैं और पूरे आठ घंटे की नींद जरूर लेती हैं.

---

# ओह, आह, आउच में कारगर हैं दादी मां के नुस्खे

*जोड़ों का दर्द पहले बुढापे की दस्तक सा हुआ करता था, लेकिन आज कल उम्र में दूसरे-तीसरे दशक से ही लोग जोड़ों के दर्द की शिकायत करने लगे हैं. कई बार तो उठना-बैठना और रोजमर्रा के काम करना भी मुश्किल हो जाता है. ऐसे में चिकित्सक की सलाह और जांच के बाद बेशक दवाएं खाएं, लेकिन उससे पहले नानी-दादी के नुस्खे भी आजमाए जा सकते हैं. आइए, आज ऐसे ही कुछ नुस्खों की करें चर्चा-*



- एक पैन में सरसों का तेल डालें और इसमें लहसुन की 8-10 कलियां डाल दें. अब इसे अच्छे से पकाएं. जब लहसुन काला हो जाए, तो कुछ देर के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें. अब इस गुनगुने गर्म तेल से जोड़ों की मालिश करें. सोने से पहले रोज ऐसा करने से कुछ ही दिनों में आराम मिल सकता है.
- पिसी हुई मेथी सुबह-शाम गर्म पानी के साथ या साबुत भिगोने के बाद इसे चबाकर खाएं. इससे घुटने के दर्द में काफी राहत मिलेगी.
- गर्म दूध में एक चुटकी हल्दी पाउडर मिलाएं और रात में सोने से पहले पी लें. इससे शरीर में कई दर्द और बीमारियों में राहत मिलती है.
- एलोवेरा जेल को दर्द वाली जगह पर अप्लाई करने से भी दर्द में राहत मिलती है. वहीं दर्द के साथ ही सूजन भी कम होती है.
- पिसी हुई मेथी सुबह-शाम गर्म पानी के साथ या साबुत भिगोने के बाद इसे चबाकर खाएं. इससे घुटने के दर्द में काफी राहत मिलेगी.
- सर्दियों में घुटनों के दर्द से छुटकारा पाने के लिए अदरक की चाय या अदरक का पानी पी सकते हैं. अदरक को पीसकर घुटनों में लगाने से भी दर्द में राहत मिलेगी.

---

*मेनोपॉज एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जिससे हर महिला को गुजरना होता है. कभी-कभी यह दौड़ महिलाओं के लिए कुछ कठिन हो जाता है. ऐसे में आहार में थोड़ी सी सजगता इस प्रक्रिया को आसान बना सकती है.*

# हॉट फ्लैश, नींद की कमी, मूड स्विंग्स?



**डॉ मनीषा घई**
सीनियर कंसल्टेंट डाइटीशियन

महिलाओं की जिंदगी का एक महत्वपूर्ण पड़ाव मेनोपॉज है जिससे कभी न कभी हर महिला को गुजरना पड़ता है. बेशक यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, पर कई बार यह जर्नी बहुत आसान नहीं होती है. हार्मोन के साथ शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं, और वैसे ही प्रभावित होता है मन. हॉट फ्लैश, नींद की कमी, थकान, मूड स्विंग्स, वजन का बढ़ना, पाचन से जुड़ी दिक्कत इस जर्नी की आम समस्याएं हैं. सीनियर कंसल्टेंट डायटीशियन डॉ मनीषा घई बता रही हैं कि मेनोपॉज के दौर को किस तरह आसान किया जाए....





- उम्र के इस दौर में जोड़ों के दर्द की शिकायत रहती है. हेल्दी फैट्स के सेवन से इस समस्या से राहत मिल सकती है. इसके लिए परांठे, डोसे, इडली आदि के साथ तिल, तीसी और सूखे नारियल की चटनी का सेवन करें. अखरोट, मछली आदि का सेवन भी राहत देगा.



- अपनी थाली में दाल, फलियों को शामिल करें. इससे बिना एसिडिटी, सूजन, कब्ज पैदा किए शरीर को अमीनो एसिड, फोलिक एसिड, फाइबर मिलेगा.



- रूट वाली सब्जियां जैसे अरबी, सूरन, शकरकंदी विटामिन, खनिज, फाइबर और बायोएक्टिव कंपाउंड का एक बढ़िया स्रोत है जो मेनोपॉज के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकते हैं.





- कैल्शियम से भरपूर दूध, पनीर, दही अपनी डाइट में जरूर लें. ये आपकी हड्डियों को स्वस्थ रखने में मदद करेंगे, आहार में ड्राइ खजूर को नियमित तौर पर सेवन करें. इससे आपके एचबी स्तर में सुधार होता है और यह आपके मूड को भी बेहतर बनाने में मदद करता है.

माना जाता है कि डाइट में फाइटोएस्ट्रोजेन शामिल करने से महिलाओं को रजोनिवृत्ति से संबंधित लक्षणों को कम करने में मदद मिल सकती है. जौ, सोयाबीन, तीसी, चना, मूंगफली, अंगूर आदि चीजें फाइटोएस्ट्रोजन से भरपूर होते हैं. ये महिलाओं में मेनोपॉज के लक्षणों को कम करने में मदद करते हैं.

---

# चार हस्त मुद्राएं और उनके लाभ



**ऋषि रंजन**
योग एक्सपर्ट

*योग में मुद्राओं को आसन और प्राणायाम से भी बढ़कर माना जाता है. आसन से शरीर की हड्डियां लचीली और मजबूत होती है जबकि मुद्राओं से शारीरिक और मानसिक शक्तियों का विकास होता है. मुद्राओं का संबंध शरीर के खुद काम करने वाले अंगों और स्नायुओं से है. आइए जानते हैं 4 हस्त मुद्राएं जो आपके दैनिक जीवन में आपकी मदद करेंगी.*

### पृथ्वी मुद्रा



अनामिका की नोक अंगूठे की नोक को छूते हुए, दूसरे के साथ तीन उंगलियां फैलाएं. यह सभी शारीरिक कमजोरियों को कम करता है. आवश्यक होने तक प्रतिदिन 40 से 60 मिनट तक इसका अभ्यास कर सकते हैं.

**लाभ :** यह कमजोर लोगों के लिए वजन बढ़ाने में मदद करता है. यह त्वचा की रंगत में निखार लाता है. शरीर को स्वस्थ रखकर उसे एक्टिव बनाता है.

### ज्ञान मुद्रा



अन्य तीन अंगुलियों को फैलाकर अंगूठे के सिरे को तर्जनी के सिरे से स्पर्श करें. चूंकि यह ज्ञान मुद्रा है इसलिए यह ज्ञान को बढ़ाती है. अंगूठे की नोक पर पिट्यूटरी और अंतःस्रावी ग्रंथियों के केंद्र होते हैं. जब हम इन केंद्रों को तर्जनी से दबाते हैं तो दोनों ग्रंथियां सक्रिय रूप से काम करती हैं. इस मुद्रा के लिए कोई समय अवधि नहीं है. जब भी और जहां भी आपके पास समय हो आप बिस्तर पर बैठकर, खड़े होकर या लेटकर अभ्यास कर सकते हैं.

**लाभ :** स्मरण शक्ति बढ़ती है और दिमाग तेज होता है. एकाग्रता बढ़ाता है और अनिद्रा से बचाता है. यदि हम इसका नियमित अभ्यास करें तो यह मानसिक, हिस्टीरिया, क्रोध और अवसाद जैसे सभी मनोवैज्ञानिक विकारों को ठीक कर देगा.

### वायु मुद्रा



तर्जनी उंगली को अंगूठे के आधार पर रखें और बाकी तीन उंगलियों को सीधा रखते हुए अंगूठे से दबाएं. यह वायु के असंतुलन के कारण होने वाली सभी बीमारियों से बचाता है. इस मुद्रा को 45 मिनट तक करने से गंभीरता कम हो जाती है 12 से 24 घंटे में रोग का निवारण हो जाता है. बेहतर परिणाम के लिए इसका 2-3 महीने अभ्यास करें.

**लाभ :** यह गठिया, गठिया, गठिया, पार्किंसंस रोग और लकवा को बिना किसी दवा के ठीक करता है. यह सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, चेहरे के पक्षाघात और गर्दन की नसों में जकड़न के लिए उपयोगी है. पेट में गैस की समस्या को ठीक करता है.

### सूर्य मुद्रा



अनामिका को मोड़ें, उससे अंगूठे की जड़ को स्पर्श करें और अंगूठे से अंगुली को दबाएं. यह थायराइड ग्रंथि में केंद्र को तेज करता है. रोजाना दो बार 5 से 15 मिनट तक इसका अभ्यास करें.

**लाभ :** यह शरीर में कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और वजन कम करने में मदद करता है. यह चिंता को कम करता है. यह अपच की समस्या को ठीक करता है.

---

झारखंड के औषधीय वृक्ष

# ज्वर, पांडुरोग, सूजन, कफ, वात नाशक है अरणी



**अनिल कुमार पाठक**
पारंपरिक चिकित्सक

अयोध्या में राम मंदिर स्थापना के समय यज्ञमंडप में अरणी मंथन से ही अग्नि प्रज्जवलित किया गया था. अर्थात यज्ञ में अग्नि को प्राप्त करने के लिए इसका उपयोग किया जाता है जबकि झारखंड में सामान्य सी बात है इससे अग्नि प्राप्त कर जंगल में विशेष परिस्थिति में उपयोग करना. मैं झारखंड नेतरहाट में आदरणीय भदवा भगत जी के साथ वन भ्रमण करने निकलता था तो मैंने खुद देखा है कि अरणी मंथन कर अग्नि प्रज्जवलित कर भोजन बनाते हुए. झारखंड में सर्वत्र व्याप्त इस पौधे को पुतरी या पुतडी नाम से पुकारते हैं.

संस्कृत में जया, जयन्ती, श्रीपर्णी, अग्निमंथ, वैजयन्तिका नाम से पुकारते हैं, हिंदी में अरणी, अरनी, गुजराती में भी अरणी, लैटिन में क्लेरोडेण्ड्रोन फ्लामोइडिस कहा जाता है. झारखंड में सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, पलामू, लातेहार, रांची, चतरा, हजारीबाग इत्यादि जगहों पर पुतरी या पुतडी नाम से जाना जाता है. यह औषधीय वृक्ष सर्वत्र मिल जाते हैं.

अरणी के वृक्ष काफी ऊंचे होते हैं पर अब ऊंचे-ऊंचे वृक्ष देखने को नहीं मिलते हैं झारखंड में. पत्ते कुछ कुछ नुकीले और अत्यंत कोमल होते हैं. पत्तों से सुंदर मोहक सुगंध आती है. पुष्प वसन्त ऋतु में आते हैं और फल करौंदे की तरह छोटे छोटे लगते हैं. नीचे की ओर डालियां झुकी होती हैं. इसकी लकड़ी का रंग पीलापन लिए हुए रहता है. चूंकि दो लकड़ी को रगड़ने पर अग्नि प्रज्जवलित होता है, इसलिए इसे अग्निमंथ भी कहते हैं.

अरणी ज्वर, पांडुरोग, सूजन, कफ, वात नाशक है. झारखंड में अब बड़े बड़े वृक्ष बहुत मुश्किल से देखने को मिलते हैं. वृक्षों की कटाई होने के चलते पुराने बड़े पेड़ विलुप्त से हो गए हैं. राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, वन मंत्रालय, पर्यावरण विभाग इत्यादि की भूमिका समझ से परे है.

**(औषधीय पौधा की खेती एवं संवर्धन संरक्षण के जानकार)**

**सभी तस्वीर : अनिल कुमार पाठक**



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# ओलंपिक में इतिहास रचकर स्वदेश लौटीं मनु, भव्य स्वागत



भाषा। नयी दिल्ली

## बूंदाबांदी के बावजूद सैकड़ों समर्थक पहुंचे एयरपोर्ट

स्टार पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर किसी एक ओलंपिक में दो पदक जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के बाद बुधवार को जब स्वदेश पहुंची तो लगातार हो रही बूंदाबांदी के बावजूद सैकड़ों समर्थकों और उनके परिजनों ने यहां उनका भव्य स्वागत किया. मनु को पेरिस से दिल्ली लाने वाली एयर इंडिया की उड़ान (एआई 142) एक घंटे की देरी से सुबह करीब नौ बजकर 20 मिनट पर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची. शहर में सुबह से हो रही बूंदाबांदी के बावजूद उनके आगमन से काफी पहले से हवाई अड्डे पर इंतजार कर रहे सैकड़ों लोगों ने उनका और उनके कोच जसपाल राणा का जोरदार स्वागत किया. इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य और फिर सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता. वह स्वतंत्रता के बाद किसी एक ओलंपिक खेल में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी है. उनसे पहले, केवल ब्रिटिश मूल के भारतीय एथलीट नॉर्मन प्रिचार्ड ने 1900 ओलंपिक में 200 मीटर स्प्रिंट और 200 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीतकर यह उपलब्धि हासिल की थी. मनु ने भारत रवाना होने से पहले कहा था कि वह भव्य स्वागत की उम्मीद कर रही हैं और बुधवार को उन्हें कोई निराशा नहीं हुई. यह युवा खिलाड़ी जैसे ही हवाई अड्डे से बाहर निकली उनका गुलदस्तों, मालाओं और ढोल बजाकर स्वागत किया गया. मनु और उनके कोच जसपाल राणा के बाहर निकलने पर उन पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाई गई. मनु और राणा को इसके बाद लोगों ने अपने कंधों पर उठा दिया. भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात था. विश्व कप में कई बार स्वर्ण पदक जीत चुकी मनु मुस्कुरा कर लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रही थी और पूरे गर्व के साथ पेरिस ओलंपिक में जीते गए अपने दोनों पदक लोगों को दिखा रही थी. मनु का स्वागत करने के लिए उनके माता-पिता राम किशन और सुमेधा व उनके गृह राज्य हरियाणा, राजस्थान और उत्तराखंड के खेल प्रेमी और अधिकारी भी पहुंचे थे. हवाई अड्डे पर जसपाल के पिता नारायण सिंह राणा की उपस्थित थे.

उत्तराखंड के पूर्व खेल मंत्री नारायण सिंह राणा ने कहा, यह हमारे लिए गर्व की बात है कि भारत की एक बेटी ओलंपिक में दो पदक जीतकर इतिहास रचकर वापस आ रही है. ऐसा पहले कभी नहीं हुआ. वह केवल 22 साल की है. वह अपने कोच जसपाल राणा के साथ आ रही हैं. वह मेरा बेटा है. उसने निशानेबाजी में भारत के लिए खेलकर गौरव बढ़ाया. इसकी शुरुआत जसपाल राणा और अभिनव बिंद्रा ने की थी. मनु के प्रशंसक उनके आगमन से बहुत पहले हवाईअड्डे पर एकत्र हो गए थे. उन्होंने मनु और राणा की तस्वीरों वाले बैनर लेकर गीत और नृत्य के साथ उनकी उपलब्धि का जश्न मनाया.



एयरपोर्ट से निकलकर खुशी का इजहार करते जयपाल राणा व मनु भाकर.

# ओलंपिक क्वालीफाइंग इवेंट में भी फोगाट के साथ यही हुआ था



महिला पहलवान विनेश फोगाट तीसरी बार ओलंपिक में खेलने पहुंची थीं. पहले दो मौकों (2016 और 2020) पर वह क्वार्टर फाइनल में ही हार कर बाहर हो गई थीं. लेकिन इस बार उन्होंने फाइनल में जगह बनाकर इतिहास रचा. उन्हें फाइनल मैच खेलना था, मैच से पहले लिए गए वजन में उनका वजन ज्यादा पाया गया. इसके बाद उन्हें अयोग्य घोषित किया गया. ये पहला मौका नहीं है, इससे पहले साल 2016 में भी विनेश फोगाट को ज्यादा वजह के चलते टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा था. साल 2016 में मंगोलिया के उलानबटार में वर्ल्ड ओलंपिक क्वालीफाइंग इवेंट के दौरान विनेश फोगाट का अपने वजन वर्ग से 400 ग्राम ज्यादा वजन पाया गया था. इसके बाद उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था. वहीं, ओलंपिक क्वालीफायर के दौरान भी उन्हें इसी तरह की परीक्षा का सामना करना पड़ा था, जहां वह मामूली अंतर से कट में पहुंची थीं. यानी विनेश फोगाट इससे पहले भी ऐसी गलती कर चुकी हैं.

### रेसलिंग में क्या हैं वजन के नियम?

ओलंपिक में कुश्ती के खिलाड़ियों का मैच से पहले वजन होता है और अगर दो रेसलर दो दिन बाउट लड़ते हैं तो दो दिन उनका वजन किया जाता है. जिस दिन बाउट होता है,उसी दिन हर पहलवान का वजन सुबह में होता है. इस वजन के दौरान कुश्ती पहलवान को सिर्फ सिंगलेट पहनने की इजाजत होती है. बता दें कि फ्रीस्टाइल रेसलिंग में कई वेट कैटेगरी होती है. महिलाओं में 50,53, 57, 62, 68, 76 किलो की कैटेगरी होती है. वहीं, पुरुषों की फ्रीस्टाइल कैटेगरी में 57, 65, 74, 86, 97, 125 किलो की कैटेगरी होती है. वहीं, अगर कोई एथलीट वजन माप में भाग नहीं लेता है या असफल हो जाता है, तो उसे प्रतियोगिता से बाहर कर दिया जाएगा.

## विनेश अयोग्य करार : आई प्रतिक्रिया

### विनेश हमारे दिलों में चैंपियन बनी हुई हैं : द्रौपदी मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में पहलवान विनेश फोगाट की असाधारण उपलब्धियों ने हर भारतीय को रोमांचित किया है और देश को गौरवान्वित किया है. पहलवान विनेश फोगाट को अयोग्य करार दिए जाने से हम सब निराश हैं लेकिन वह 1.4 अरब लोगों के दिलों में चैंपियन बनी हुई हैं.



### विनेश के साथ खड़ा है पूरा देश : आदित्यनाथ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरा देश उनके साथ खड़ा है और वह जल्द ही पहले से ज्यादा मजबूत होकर मैदान में वापसी करेंगी. योगी ने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर कहा, विनेश फोगाट जी, आप सभी भारत वासियों के लिए गौरव हैं, विजेता हैं, चैंपियन हैं. निराश न होइए...



### अयोग्य घोषित किए जाने की जांच-पड़ताल हो : अखिलेश

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक के फाइनल से पहले वजन अधिक होने के कारण अयोग्य करार दिए जाने की गहरी जांच-पड़ताल कराए जाने की मांग की है. अखिलेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, विनेश फोगाट के फाइनल में न खेल पाने के तकनीकी कारणों की गहरी जांच-पड़ताल हो और सुनिश्चित किया जाए कि सच्चाई क्या है और इसके पीछे की असली वजह क्या है.



### भारत सरकार इस मामले में हस्तक्षेप करे : केसी त्यागी

पहलवान विनेश फोगट को अयोग्य ठहराए जाने पर जेडीयू नेता केसी त्यागी ने कहा, विनेश स्वर्ण के करीब थीं. वह बुद्धिमान एथलीट हैं, जिस तरह से उनका वजन दिखाकर अयोग्य ठहराया गया, वह साजिश का हिस्सा है. मैं मांग करता हूं कि सरकार मामले में हस्तक्षेप करे.



### आप आशा और गौरव की किरण रही हैं: रिजिजू

किरण रिजिजू ने एक्स पर लिखा, प्रिय फोगट, आप हमेशा भारत के लिए आशा और गौरव की किरण रही हैं. आज का झटका बर्दाश्त करने में परेशानी हो रही है, लेकिन इन्हीं क्षणों में आपकी असली ताकत चमकती है. मुझे आपकी अटूट समर्पण से भरी यात्रा याद है.



### देश का हर बच्चा उनके साथ है : रणदीप सुरजेवाला

कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने एक्स पर लिखा, 40 करोड़ भारतीय स्तब्ध हैं. यह खेल के इतिहास में काला दिन है...यह एक बहुत बड़ी नफरत की साजिश है....लेकिन जान लें कि हरियाणा और देश का हर बच्चा उनके साथ है, वह एक ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता है. पूरा देश सरकार से सवाल पूछ रहा है कि इस अन्याय पर वो क्या कर रही है.



### ओलंपिक का बहिष्कार करें सरकार : संजय सिंह

आप नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री संजय सिंह ने कहा, अगर विनेश को न्याय नहीं मिलता है तो भारत सरकार को ओलंपिक खेलों का बहिष्कार करना चाहिए. ऐसा अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है. यह बड़ी साजिश है. ऐसा कैसे हो सकता है एक दिन पहले आपका वजन ठीक आता है, और दूसरी सुबह 100 ज्यादा हो जाता है.



### यह बहुत बड़ी साजिश हो सकती है : विजेंदर सिंह

मुक्केबाज व भाजपा नेता विजेंदर सिंह ने आरोप लगाया है कि ओलंपिक से पहलवान विनेश फोगाट को अयोग्य करार दिया जाना साजिश भी हो सकती है, क्योंकि उसके जैसे एलीट खिलाड़ियों को बड़े टूर्नामेंटों से पहले वजन कम करने की तकनीक बखूबी आती है. सौ ग्राम , मतलब मजाक है क्या? हम खिलाड़ी एक रात में पांच से छह किलो वजन घटा सकते हैं. हमें पता होता है कि अपनी भूख और प्यास पर कैसे काबू रखना है.



### पेरिस ओलंपिक 2024 पदक तालिका

| देश | गोल्ड | सिल्वर | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1. अमेरिका | 24 | 31 | 31 | 86 |
| 2. चीन | 22 | 22 | 16 | 60 |
| 3. ऑस्ट्रेलिया | 14 | 12 | 10 | 44 |
| 4. फ्रांस | 13 | 16 | 19 | 48 |
| 5. ब्रिटेन | 12 | 15 | 19 | 46 |
| 6. द. कोरिया | 11 | 08 | 7 | 26 |
| 7. जापान | 11 | 6 | 12 | 29 |
| 8. इटली | 9 | 10 | 7 | 26 |
| 9. नीदरलैंड | 9 | 5 | 6 | 20 |
| 10. जर्मनी | 8 | 5 | 6 | 20 |
| 63. भारत | 0 | 0 | 3 | 3 |

### 27 साल बाद श्रीलंका से वनडे सीरीज हारा भारत

**कोलंबो।** सितारों से सजी भारतीय क्रिकेट टीम श्रीलंका से 27 साल बाद वनडे सीरीज हार चुकी है. श्रीलंका ने आखिरी और निर्णायक वनडे में बुधवार रात भारत को 110 रन के विशाल अंतर से रौंदते हुए तीन मैच की सीरीज में 2-0 से कब्जा जमा लिया. आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए आखिरी मैच में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कोरबोर्ड पर 248/7 रन टांगे थे. जवाब में पूरी भारतीय टीम 26.1 ओवर में सिर्फ 138 रन पर ही सिमट गई. श्रीलंका को एकबार फिर उसके स्पिनर्स ने जीत दिलाई. दुनिथ वेलालागे ने 5.1 ओवर में 27 रन देकर सबसे ज्यादा विकेट झटके. याद हो कि सीरीज का पहला मैच रोमांचक अंदाज में टाई हुआ था जबकि दूसरे मैच में श्रीलंका ने 32 रन से मैदान मारा था.वहीं इस हार से भारतीय बल्लेबाजों की पोल भी खुल गयी है.

### तुर्की की पहलवान से हारीं अंतिम पंघाल

**पेरिस।** कुश्ती में भारत की सबसे बड़ी पदक उम्मीद अंतिम पंघाल पेरिस ओलंपिक में बुधवार को महिलाओं के 53 किलोवर्ग में तुर्की की येतगिल जेनिप से 0-10 से शर्मनाक हार के बाद बाहर हो गईं. इस वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली अंतिम 101 सेकंड में ही हार गई. पहले विनेश इस भारवर्ग में खेलती थीं. तुर्की की पहलवान को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर विजयी घोषित किया गया. अगर जेनिप फाइनल के लिए क्वालीफाई करती है तो अंतिम को रेपेशॉज में खेलने का मौका मिलेगा.

## स्पेन के खिलाफ तीसरे स्थान के प्लेऑफ मुकाबले में उतरेगी टीम इंडिया

# ब्रॉन्ज जीतने उतरेगी भारतीय टीम

भाषा। पेरिस

जर्मनी के हाथों सेमीफाइनल में मिली हार का गम भुलाकर भारतीय हॉकी टीम एक आखिरी बार पेरिस ओलंपिक में गुरुवार को स्पेन के खिलाफ तीसरे स्थान के प्लेआफ मुकाबले में उतरेगी तो लक्ष्य पीआर श्रीजेश और देश के लिये कांसे के तमगे के साथ लौटने का होगा. स्वर्ण पदक जीतने का सपना टूटने के बाद अब आखिरी मैच भारत को उसी टीम से खेलना है जिसे 4 -3 से हराकर मॉस्को ओलंपिक 1980 में आठवां और आखिरी पीला तमगा जीता था.

पूरे टूर्नामेंट में एक चैम्पियन की तरह खेलने वाली भारतीय टीम का 44 साल बाद ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने का सपना एक रोमांचक मुकाबले में मंगलवार को जर्मनी से 2-3 से मिली हार के साथ टूट गया. इसके डेढ़ दिन बाद ही अब हरमनप्रीत सिंह की टीम को स्पेन से कांस्य पदक का प्लेआफ खेलना है और कोशिश यही रहेगी कि तोक्यो में जीते कांसे को बरकरार रखा जाये. जर्मनी के खिलाफ भारत को अपने सबसे अनुभवी फर्स्ट रशर अमित रोहिदास की कमी बुरी तरह खली जो ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में रेडकार्ड मिलने के कारण एक मैच का प्रतिबंध झेल रहे थे. इसके बावजूद भारत ने पहले क्वार्टर में बढत बनाई और फिर पिछड़ने के बाद वापसी भी की. टूर्नामेंट में अब तक आठ गोल कर चुके हरमनप्रीत का प्रदर्शन काबिले तारीफ रहा लेकिन सेमीफाइनल में भारतीय टीम 11 में से दो पेनल्टी कॉर्नर ही भुना सकी . कोच क्रेग फुल्टोन को आखिरी मैच से पहले इस पर काम करना होगा चूंकि आधुनिक हॉकी में हर टीम विरोधी के पेनल्टी कॉर्नर पर अच्छा खासा होमवर्क करके उतरती है. अपना आखिरी टूर्नामेंट खेल रहे अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश पूरे टूर्नामेंट में चट्टान की तरह भारतीय गोल की रक्षा करते रहे. पदक का रंग बदलने का सपना टूटने के बावजूद उन्होंने कहा कि अब उनके पास आखिरी मौका है और पदक अभी भी जीता जा सकता है.

उन्होंने कल के मैच के बाद कहा, यह मेरे नहीं, देश के लिए है. यह 19 खिलाड़ियों और कोचों के लिए है. हमारे पास पदक जीतने का आखिरी मौका है .इस मैच में जो कुछ हुआ, उसे भुलाकर खेलना है . सभी खिलाड़ियों को यह सोचकर उतरना होगा कि देश के लिये पदक जीतने का यह आखिरी मौका है. रोहिदास की वापसी से भारतीय डिफेंस मजबूत होगा. ओलंपिक में पदार्पण करने वाले खिलाड़ियों अभिषेक, संजय, जरमनप्रीत सिंह और राजकुमार पाल ने प्रभावी प्रदर्शन किया है और वे पदक के साथ लौटना चाहेंगे.

भारतीय डिफेंस अभी तक बेहद मुस्तैद रहा है, लेकिन फॉरवर्ड पंक्ति को हाथ आये मौकों को गोल में बदलना होगा. मिडफील्ड में उपकप्तान हार्दिक सिंह ने सेमीफाइनल में कई मौके बनाये.



मैच आज : शाम 5:30 से

### हम मैच जरूर हार गए लेकिन टीम ने अच्छा खेल दिखाया: श्रीजेश

**पेरिस।** भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने कहा कि जर्मनी के खिलाफ मंगलवार को खेले गए ओलंपिक सेमीफाइनल में उनकी टीम को मौके नहीं भुना पाने का खामियाजा भुगतना पड़ा, लेकिन उन्होंने इस कड़े मुकाबले में आखिर तक हार नहीं मानने के लिए अपने साथी खिलाड़ियों की सराहना की. श्रीजेश ने कहा कि जर्मन टीम ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह को रोकने के लिए पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतरी थी और भारतीय कप्तान के खिलाफ उनके होमवर्क का अंतिम परिणाम पर असर पड़ा. भारत सेमीफाइनल में 2-3 से हार गया और अब उसे कांस्य पदक के लिए खेलना होगा. भारत को इस मैच में कुल 11 पेनल्टी कार्नर मिले लेकिन वह केवल दो को ही गोल में बदल पाया. श्रीजेश ने भारत की करीबी हार के बाद कहा, यह बेहद कड़ा मैच था. हमें अच्छे मौके मिले लेकिन हम उन्हें नहीं भुना पाए. बस इतनी सी बात है. आप इसे स्कोरलाइन में देख सकते हैं.



पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद मुकाबले के क्वालीफाइंग राउंड में भारत के सर्वेश कुसाले. इसमें वे 13वें स्थान पर रहे.

# भाला फेंक में अन्नु रानी, सौ मीटर बाधा दौड़ में याराजी ने किया निराश

भाषा। पेरिस

भारत की अनुभवी भालाफेंक खिलाड़ी अन्नु रानी एक बार फिर विश्व स्तर पर प्रभावित नहीं कर सकी और बेहद खराब प्रदर्शन के बाद पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन दौर से ही बाहर हो गई. 31 वर्ष की राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी अन्नु ने 55.81 मीटर के साथ शुरूआत की और अगले दो प्रयासों में 53.22 मीटर और 53.55 मीटर भाला फेंका. वह ग्रुप ए में 16 प्रतियोगियों में 15वें और कुल 26वें स्थान पर रहीं. ओलंपिक के लिए विदेश में तैयारी करने वाली अन्नु का सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 60.68 मीटर और राष्ट्रीय रिकॉर्ड 63 . 82 मीटर का है. उन्होंने विश्व रैंकिंग कोटा से पेरिस ओलंपिक का टिकट कटाया था. राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी भारत की सौ मीटर की बाधा दौड़ खिलाड़ी ज्योति याराजी अपनी पहली हीट में खराब प्रदर्शन के बाद सातवें स्थान पर रही और स्वतः सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गई. पहली बार ओलंपिक खेल रही याराजी खेलों में सौ मीटर बाधादौड़ में भाग लेने वाली पहली भारतीय भी हैं. उन्होंने चौथी हीट में 13.16 सेकंड का समय निकाला और 40 धावकों में 35वें स्थान पर रही. 24 वर्ष की याराजी का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 12 . 78 सेकंड का है. गत चैम्पियन पुएर्तो रिको की जैसमीन कामाचो किन ने 12.42 सेकंड का समय निकालकर शीर्ष स्थान हासिल किया. पांचों हीट में से शीर्ष तीन खिलाड़ी और अगले तीन सबसे तेज खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंचेंगे. बाकी प्रतियोगियों को गुरुवार को रेपचेज दौर के जरिये सेमीफाइनल में पहुंचने का एक और मौका मिलेगा.

# महिला टेबल टेनिस टीम इवेंट में जर्मनी से हार गया भारत

भाषा। पेरिस

अर्चना कामथ ने बुधवार को यहां पेरिस ओलंपिक की महिला टेबल टेनिस टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में कुछ देर तक चुनौती पेश की. लेकिन उनका प्रदर्शन भी काफी नहीं था जिससे भारतीय टीम को तकनीकी रूप से बेहतर जर्मनी से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा. भारतीय महिला टीम की हार से देश का पेरिस ओलंपिक में टेबल टेनिस स्पर्धा में अभियान भी खत्म हो गया.

श्रीजा अकुला और अर्चना की भारतीय जोड़ी को शुरुआती युगल मैच में युआन वान और जिओना शान की जोड़ी से 5-11 11-8 10-12 6-11 से पराजय झेलनी पड़ी. श्रीजा और अर्चना तीसरे गेम तक जिम्मेदारी संभाले थीं लेकिन ड्यूस में हार गईं। फिर उन्होंने मैच भी गंवा दिया. पहले एकल में एनेट कॉफमैन के खिलाफ भारत की स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखीं। उन्होंने पहला गेम जीता लेकिन अगले तीन गेम हारकर मैच 11-8 5-11 7-11 5-11 से गंवा बैठीं. इससे जर्मनी की टीम 2-0 से बढ़त बनाने में कामयाब रही. इसके बाद अर्चना ने भारत को उम्मीद की किरण दिखाई. दूसरे एकल में उन्होंने जिओना शान पर 19-17 1-11 11-5 11-9 से जीत हासिल की.



## चोपड़ा इन एक्शन आज रात 11:55 से जैवलिन थ्रो का फाइनल

# इतिहास रचने के लिए चुनौती भी मिलेगी

भाषा। पेरिस

नीरज चोपड़ा ने क्वालीफिकेशन राउंड में 89.34 मीटर भाला फेंक कर अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ा संदेश दिया लेकिन मौजूदा ओलंपिक चैंपियन को गुरुवार को यहां भारतीय खेलों के इतिहास में नया अध्याय जोड़ने के लिए कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा. चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक की तरह यहां भी कुछ सेकंड में फाइनल के लिए क्वालीफाई कर दिया था लेकिन इस बार पिछले ओलंपिक की तुलना में चुनौती अधिक कड़ी है. कुल नौ खिलाड़ियों में से पांच ने नीरज की तरह अपने पहले थ्रो में ही फाइनल में जगह बना ली थी. भारत का यह 26 वर्षीय खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझता है क्योंकि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पिछले आठ वर्षों से चुनौती पेश कर रहे हैं. चोपड़ा ने मैदान पर कुछ समय बिताने के बाद पत्रकारों से कहा, फाइनल में प्रत्येक खिलाड़ी की अपनी अलग मानसिकता और अलग स्थिति होती हैं, जिसने भी स्वतः क्वालीफाई किया है , उसने अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ तैयारी कर रखी है. वह इसके बाद तुरंत ही खेल गांव लौट गए. नीरज फाइनल में ओलंपिक के इतिहास में खिताब बरकरार रखने वाले पांचवां पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी बनने के इरादे से उतरेंगे. अगर वह खिताब जीतते हैं तो ओलंपिक व्यक्तिगत वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय भी बनेंगे. ओलंपिक की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में अभी तक एरिक लेमिंग (स्वीडन, 1908 और 1912), जोन्नी माइरा (फिनलैंड, 1920 और 1924), चोपड़ा के आदर्श जान जेलेंजी (चेक गणराज्य, 1992 और 1996) और आंद्रियास टी (नॉर्वे, 2004 और 2008) की ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा में अपने खिताब का बचाव कर पाए हैं.



### ब्रीफ खबरें

### नवादा में 7 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**नवादा** । जिले में शाहपुर थाने की पुलिस ने बुधवार को दर्शन बीघा गांव में स्थित एक मकान में छापेमारी कर एक साथ 7 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने इनके ठिकानों पर छापेमारी कर 14 मोबाइल, 43 पेज का कस्टमर डाटा, प्रिंटर और बैंक के पासबुक, लॉपटॉप आदि जब्त किया है. पुलिस के हत्थे चढ़े शातिर सभी साइबर ठग फ्लिपकार्ट कंपनी के नाम से ग्राहकों द्वारा ऑर्डर किए गए सामानों की डिलीवरी कंफर्म कर देने के नाम पर ग्राहकों से फर्जी ओटीपी आदि मांग कर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे थे.

### रेलवे के गेटमैन को अपराधियों ने मारी गोली

**पूर्वी चंपारण** । रक्सौल-सुगौली रेलखंड में मसानाडीह हॉल्ट के पास फाटक संख्या 14ए पर कार्यरत गेटमैन अंसारुल हक को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी. इस हमले में गेटमैन गंभीर रूप से घायल हो गया. वहीं, घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गये. घायल गेटमैन की पहचान पलनवा थानाक्षेत्र के जैतापुर बिंदवा टोला निवासी फिरोज आलम के बेटे के तौर पर हुई है. घायल गेटमैन का रक्सौल एसआरपी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है.जहां उसका ऑपरेशन किया जा रहा है. डॉक्टर ने बताया कि स्थिति सामान्य है. पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है.

### राजद के पूर्व जिला उपाध्यक्ष निलंबन मुक्त

**अररिया** । राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमित पूर्वे का निलंबन पार्टी की ओर से वापस ले लिया गया है. राजद के पूर्णिया प्रमंडल प्रभारी अरुण कुमार की ओर से एक कार्यालय आदेश निकालकर निलंबन मुक्त की जानकारी राजद नेता अमित पूर्वे को दी है. निर्गत कार्यालय आदेश में पूर्णिया प्रमंडल प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के निर्देशानुसार आवेदनों पर विचार करते हुए निलंबन को वापस होने की बात कही गई.साथ ही पत्र में अमित पूर्वे को यह निर्देशित किया गया है कि आगे से पूर्व की भांति किसी तरह की गलती नहीं करेंगे.

# वज्रपात से पांच लोगों की मौत, 14 जिलों में यलो अलर्ट जारी

## नवादा जिले वारसलीगंज, पकरीबरावां, अकबरपुर और कादिरगंज थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरी

- वज्रपात से तीन लोग गंभीर रूप से झुलसे, अस्पताल में भर्ती हुए

**संवाददाता । पटना**


घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन.

नवादा में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मां-बेटे समेत पांच लोगों की मौत हो गई. घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. इधर, नवादा जिले वारसलीगंज, पकरीबरावां, अकबरपुर और कादिरगंज थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरी है. मृतकों की पहचान अकबरपुर प्रखंड के औरैया गांव की कालो देवी, और उसका बेटा संजय कुमार यादव, वारिसलीगंज प्रखंड के भलुआ गांव की रीना देवी, पकरीबरावाँ के भगवानपुर गांव की सारों देवी, कादिरगंज थाना क्षेत्र के सहजपुरा गांव के चंदन कुमार की मौत हो गई हैं. वहीं इस घटना में तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए है. सभी लोगों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मौत की खबर मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है.

**खेत में काम कर रहे थे मां-बेटे, अचानक ऐसा हुआ :** सभी मृतक के परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है. जहां एक ही घर में मां और बेटे की मौत ने पूरे परिवार में कोहराम मचा दियाहै. औरैया गांव में मां और बेटा दोनों खेत में काम कर रहे थे, तभी आकाशीय बिजली गिरी और दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. मौत की जानकारी मिलते ही मृतक के गांव में कोहराम मच गया है. डेढ़ साल की एक मासूम बच्ची को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जो आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आ गई है. वह पूरी तरह झुलस गई हैं.

#### पटना में शाम को झमाझम बारिश

राजधानी पटना के कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई. दोपहर तेज धूप के कारण लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हो गए थे. अचानक शाम में झमाझम बारिश ने मौसम को सुहाना कर दिया.

वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवादा में वज्रपात से पांच लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है. मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं. मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को अविलंब चार-चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं. मुख्यमंत्री ने वज्रपात से घायल व्यक्ति के समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया है तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है. मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें. खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें. खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें.

इधर, मौसम विभाग ने पटना समेत 14 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग ने अनुसार, पूर्वी चंपारण, सारण, मुजफ्फरपुर, भोजपुर, औरंगाबाद, गया, जहानाबाद, नालंदा, बेगूसराय, पटना, सीवान, बक्सर, वैशाली, लखीसराय के कुछ भागों में अगले एक से तीन घंटे के बीच हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है. यहां हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने के आसार हैं. मौसम विभाग ने इन इलाकों में वज्रपात का भी अलर्ट जारी किया है.

### बंदूक की नोक पर घर में की लाखों की लूट

**किशनगंज** । सदर थाना क्षेत्र के दौला पंचायत के जन्मजय गांव के वार्ड नंबर-17 में एक किसान के घर में देर रात लाखों की लूट की घटना हुई है. छह से अधिक की संख्या में आए बदमाशों ने बंदूक की नोक पर गृह स्वामी को बांध दिया. इसके बाद लूट की घटना को अंजाम दिया गया है. घटना लगभग देर रात की है. वहीं, आधे घंटे के अंदर घटना को अंजाम देकर छह से अधिक बदमाश मौके से फरार हो गए.

सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुटी है. पीड़ित शमशेर आलम ने बताया कि रात को तकरीबन 12 बजे बदमाश घर में घुस गए और मेरे भैया का हाथ पैर बांध दिया. उसके बाद 1,37000 रुपये नगद, चांदी और सोना 25 से 30 हजार के आसपास का था. उसे लेकर फरार हो गए.

## बिहार सिपाही परीक्षा में धांधली करने वाले गिरोह का खुलासा

# औरंगाबाद और भभुआ से दो दो लोगों को किया गिरफ्तार

- 145 प्रवेश पत्र, मोबाइल फोन, नकद राशि, पैन, डेबिट, आयुष्मान कार्ड, पहचान पत्र हुआ बरामद

**संवाददाता । पटना**


बक्सर से गिरफ्तार बदमाश

बक्सर की पुलिस ने बुधवार को बिहार सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान एक नेटवर्क का खुलासा किया है जिसके आधार पर कैमूर, औरंगाबाद समेत कई अन्य जिलों में भी एक बड़े सॉल्वर गिरोह के सदस्यों का पर्दाफाश हुआ है. मिली जानकारी के अनुसार कुछ सेंटर पर परीक्षा में धांधली करने के लिए डुमरांव रेलवे स्टेशन के आसपास होटल में कमरा बुक कर कुछ लोग रुके हुए थे. इसकी सूचना पुलिस को भी मिल गई. परीक्षा से पूर्व बक्सर पुलिस की टीम ने होटल के कमरे से दो लोगों को गिरफ्तार किया है. इसके अलावा कई जिलों से गिरफ्तारियां हुई हैं.

वहीं, जहानाबाद में सिपाही भर्ती की परीक्षा में धांधली की आशंका में पुलिस ने सेटर को गिरफ्तार किया है. काको थाना के कोठियां गांव से गिरफ्तारी हुई है. एसपी और डीएसपी नगर थाने में उससे पूछताछ कर रहे हैं. मिली जानकरी के अनुसार आधे-एक घंटे के अंदर में उसके अकाउंट में लाखों रुपये का ट्रांजेक्शन हुआ है. दरभंगा से मिले इनपुट के आधार पर कार्रवाई हुई है. जहानाबाद एसपी अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जहानाबाद में अभी तक कोई कदाचार की सूचना नहीं मिली है.

**परीक्षा संबंधित कई सामान बरामद :** बताया जा रहा है कि सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बक्सर के आनंद विहार होटल के सभी बुकिंग की जांच की. एक कमरे की बुकिंग दो लोगों ने परीक्षा देने के नाम पर किया था. बुकिंग कमरे में त्रुटि देखकर पुलिस ने जांच शुरू की जिसमें छोटे लाल चौरसिया उर्फ छोटू और रौशन चौरसिया से पुलिस ने पुलिस ने पूछताछ की. दोनों ने अपना घर भभुआ कैमूर बताया. वहीं, जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से पटना और बक्सर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों के नाम से अलग-अलग रोल नंबर लिखा पेपर, आधार कार्ड, पुलिस भर्ती परीक्षा के 145 प्रवेश पत्र, मोबाइल, नकद राशि, पैन कार्ड, डेबिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पहचान पत्र आदि बड़ी मात्रा में बरामदगी हुई. बताया जा रहा है कि उनके निशान देही पर औरंगाबाद में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया. वहीं, भभुआ में भी दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है.

**एसपी ने दी जानकारी :** इस पूरे मामले पुलिस कप्तान मनीष कुमार ने कहा कि सिपाही भर्ती के परीक्षा केंद्रों पर कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए संकल्पित बक्सर प्रशासन पूरी तरह निगरानी रख रहा था. इसी दौरान पकड़े गए युवक धराए हैं जिनके पास से काफी संख्या में प्रवेश पत्र सहित कई सामान मिले हैं. युवकों से उनके नेटवर्क के बारे में पूछा गया तो औरंगाबाद-भभुआ जैसे शहरों से भी इस तरह के नेटवर्क की गिरफ्तारी हुई है.

एसपी ने यह भी बताया कि ये लोग अलग-अलग नाम से अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर अपनी एक ही तस्वीर के आधार पर परीक्षा का फॉर्म भरते हैं और परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश कर नकल कराने की नीयत से क्वेश्चन पेपर साल्वर की भूमिका में केंद्र में उपस्थित होकर परीक्षार्थियों से पैसे की उगाही करने का काम करते हैं. गिरफ्त में आए युवकों को जेल भेजा जा रहा है.

# अवैध बालू लदी नावों से रंगदारी वसूली को लेकर दो गुटों में गैंगवार, चार घायल

- कुख्यात गैंगस्टर करिया समेत चार लोग घायल

**संवाददाता । पटना**

पटना के मनेर से बड़ी खबर सामने आ रही है. यहां लोदीपुर बाजार इलाके में बालू का अवैध खनन करने वालों से रंगदारी वसूली को लेकर दो गुट गैंग आमने-सामने हो गये. इस गैंगवार में दोनों गुटों के चार लोग घायल हुए हैं. गैंगवार करिया और सागर गैंग के बीच हुई है. जानकारी के अनुसार, करिया गैंग के प्रमुख करिया राय को भी गोली लगी है. वहीं एक घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है. लेकिन इस बात की पुष्टि नहीं हो पायी है कि वो किस गैंग का है. गोलीबारी के बाद करिया राय समेत अन्य लोग मौके से फरार हैं.

**बालू लेद नावों से रंगदारी मांग रहे थे दोनों गुट :** घटना के संबंध में बताया जाता है कि करिया और सागर गुट के लोग बालू लदी नावों से रंगदारी मांग रहे थे. इसी को लेकर दो गुटों के बीच का झगड़ा हो गया. इसके बाद दोनों गुटों के बीच जमकर गोलीबारी हुई. सागर गुट के लोग दूसरे गुट के प्रमुख देवनाथ उर्फ करिया राय और भट्ठा के मुंशी को खदेड़ा. दोनों ने भट्ठा के एक कमरे में छिपकर अपनी जान बचायी. लेकिन दूसरे गैंग ने बाहर से ही कमरे पर जमकर गोलियां बरसायी. विनय ने भागकर अपनी जान बचायी. जबकि करिया राय वहां से फरार हो गया. कहा जा रहा है कि करिया को भी गोली लगी है. वहीं दूसरे गैंग के भी दो लोग जख्मी हुए हैं.

### मोतिहारी में सद्भावना एक्सप्रेस पर पथराव कई यात्री घायल हुए

**पूर्वी चंपारण** । मोतिहारी बापूधाम रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर सिंघिया समपार फाटक के पास मंगलवार देर शाम कुछ असामाजिक तत्वों ने आनंद बिहार से रक्सौल जा रही सद्धभावना एक्सप्रेस पर पथराव कर दिया. इससे स्लीपर बोगी में सफर कर रहे कई यात्री घायल हो गए. गंभीर रूप से घायल एक यात्री को निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है. घायल यात्री की पहचान सुगौली नगर पंचायत वार्ड संख्या 8 के निवासी मनोज सोनी के रूप में हुई है. सोनी मोतिहारी से सुगौली जाने के लिए स्लीपर बोगी में बैठे थे.

## दो राज्यसभा सीटों पर होगा चुनाव

# उपेंद्र कुशवाहा का सांसद बनना तय

**संवाददाता । पटना**

चुनाव आयोग ने देशभर में राज्यसभा की खाली हुई 12 सीटों पर उपचुनाव का ऐलान कर दिया है. इनमें दो सीटें बिहार की भी हैं. बिहार से राज्यसभा सदस्य विवेक ठाकुर और मीसा भारती के लोकसभा चुनाव में जीत के बाद दोनों ने राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था.

बिहार की इन्हीं दोनों सीट पर उप चुनाव होना है. इनमें एक सीट से रालोमो के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा का राज्यसभा जाना तय माना जा रहा है. चुनाव आयोग की ओर से दी गयी जानकारी के मुताबिक, मीसा भारती का कार्यकाल 7 जुलाई, 2028 तक था. विवेक ठाकुर का कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 तक था. उप चुनाव में जीत हासिल करने वाले उम्मीदवार का कार्यकाल उतना ही रहेगा. चुनाव आयोग ने दोनों सीट पर उप चुनाव की अधिसूचना जारी की है. इसके मुताबिक 14 अगस्त से नामांकन शुरू होगा. 21 अगस्त तक उम्मीदवार नामांकन कर सकेंगे. 27 अगस्त को नाम वापसी की आखिरी तारीख है. यदि मतदान की नौबत आती है तो 3 सितंबर को वोटिंग होगी और उसी दिन रिजल्ट घोषित होगा.

## कारोबार

### मजबूत मांग से सोना वायदा कीमतों में तेजी

**नयी दिल्ली** । मजबूत हाजिर मांग के बीच सटोरियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली किये जाने से वायदा कारोबार में बुधवार को सोने की कीमत 10 रुपये की तेजी के साथ 68,975 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अगस्त माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 10 रुपये यानी 0.01 प्रतिशत की तेजी के साथ 68,975 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया. इसमें 18,223 लॉट का कारोबार हुआ. बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली के कारण सोना वायदा कीमतों में तेजी आई.

### बीएसई का लाभ बढ़ा, 265 करोड़ रुपये पहुंचा

**नयी दिल्ली** । प्रमुख शेयर बाजार बीएसई का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में तीन गुना से अधिक होकर 265 करोड़ रुपये रहा है. बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 75 करोड़ रुपये रहा था. बीएसई ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसी आमदनी जून तिमाही में 674 करोड़ रुपये रही है, जो किसी तिमाही में उसका अबतक का सर्वाधिक है. पिछले साल समान तिमाही में उसकी आमदनी 271 करोड़ रुपये थी. प्रत्येक कारोबार ने आय और लाभ में योगदान दिया है.

### कमजोर मांग से चांदी वायदा कीमतों में गिरावट

**नयी दिल्ली** । कमजोर हाजिर मांग के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार घटाने से बुधवार को वायदा कारोबार में चांदी की कीमत 601 रुपये की गिरावट के साथ 79,022 रुपये प्रति किग्रा रह गया. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी के सितंबर महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 601 रुपये यानी 0.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,022 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया. इसमें 28,899 लॉट का कारोबार हुआ. वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में चांदी की कीमत 0.79 प्रतिशत की हानि के साथ 27 डॉलर प्रति औंस रह गयी.




**नयी फिल्म का प्रमोशन**
बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी, तापसी पन्नू, सनी कौशल और जिमी शेरगिल, बुधवार को नई दिल्ली में अपनी आगामी फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा के प्रचार के दौरान तस्वीरों के लिए पोज देते हुए.

### जीसीपीएल का शुद्ध लाभ 41 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली** । गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) का जून में समाप्त चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 41.36 प्रतिशत बढ़कर 450.69 करोड़ रुपये हो गया. कच्चे माल की कम लागत के कारण कंपनी का मुनाफा बढ़ा है. कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 318.82 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था. कंपनी ने कहा कि उसके बोर्ड ने अपनी एक अनुषंगी कंपनी के माध्यम से पालतू जानवरों की देखभाल के व्यवसाय में प्रवेश को मंजूरी दे दी है और वह पांच साल की अवधि में 500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी. जीसीपीएल ने एक नियामकीय सूचना में कहा कि तिमाही में उसकी कुल परिचालन आय 3,331.58 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3,448.91 करोड़ रुपये थी.

### अदाणी ने सेवानिवृत्ति की उम्र तय नहीं की है

**नयी दिल्ली** । अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने 210 अरब डॉलर के अपने विविध कारोबार समूह से सेवानिवृत्त होने और उसकी कमान अपने बेटों एवं भतीजों को सौंपने को लेकर कोई समय सीमा तय नहीं की है. समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने शेयर बाजारों को इससे अवगत कराया है. कंपनी ने कहा कि एक मीडिया रिपोर्ट में अदाणी को उत्तराधिकारियों और पारिवारिक ट्रस्ट में समान लाभकारी हितों को लेकर गलत ढंग से उद्धृत किया गया है. अदाणी एंटरप्राइजेज ने कहा, हाल ही में एक साक्षात्कार में गौतम अदाणी ने कारोबार की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उत्तराधिकार की योजना पर अपने विचार साझा किए. उन्होंने कहा कि उत्तराधिकार केवल एक घटना नहीं है, बल्कि एक यात्रा है.

## पिछले तीन दिन से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा

# धातु, ऊर्जा शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 875 अंक व निफ्टी 24,000 अंक के पार

**एजेंसी । मुंबई**



स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को पिछले तीन दिन से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 875 अंक चढ़ गया. वहीं एनएसई निफ्टी फिर से 24,000 अंक के स्तर को पार कर गया. दुनिया के अन्य प्रमुख बाजारों में तेजी तथा निचले स्तर पर शेयरों की लिवाली से बाजार में मजबूती आई. तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 874.94 अंक यानी 1.11 प्रतिशत उछलकर 79,468.01 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय यह 1,046.13 अंक चढ़कर 79,639.20 अंक पर पहुंच गया था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 304.95 अंक यानी 1.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,297.50 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान यह 345.15 अंक उछलकर 24,337.70 अंक पर पहुंचा था.

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से अदाणी पोर्ट्स एंड सेज 3.42 प्रतिशत और पावरग्रिड 3.39 प्रतिशत मजबूत हुए. इसके अलावा टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से लाभ में रहीं. इसके उलट नुकसान में रहने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टेक महिंद्रा और टाइटन शामिल हैं. इस तेजी में ज्यादातर क्षेत्रों का योगदान रहा. लेकिन धातु, ऊर्जा और औषधि क्षेत्र सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले क्षेत्र रहे. जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बैंक ऑफ जापान के डिप्टी गवर्नर के वित्तीय अस्थिरता के दौरान ब्याज दर नहीं बढ़ाने के फिर से आश्वासन के बाद वैश्विक बाजारों में उल्लेखनीय तेजी आई. घरेलू बाजार में चौतरफा लिवाली हुई. रियल्टी क्षेत्र में इंडेक्सशेन लाभ फिर से लागू किये जाने से जमीन-जायदाद के विकास से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में तेजी रही. मझोली कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाला बीएसई मिडकैप 2.63 प्रतिशत उछला जबकि छोटी कंपनियों से संबद्ध स्मॉलकैप सूचकांक 2.39 प्रतिशत के लाभ में रहा. रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि हाल की गिरावट के बाद बाजार में आज तेजी लौटी. वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख से बाजार को समर्थन मिला. एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग उल्लेखनीय रूप से लाभ में रहे.

यूरोप के प्रमुख बाजारो में तेजी रही. अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त में रहे थे. शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 3,531.24 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे. वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 3,357.45 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे. वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.12 प्रतिशत उछलकर 77.34 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया. बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 166.33 अंक नीचे आया था, जबकि एनएसई निफ्टी 63.05 अंक के नुकसान में रहा था.

**रिपोर्ट**

## वार्षिक रिपोर्ट में अपने कारोबार से जुड़ी योजनाओं की रूपरेखा पेश की

# रिलायंस वृद्धि के अगले स्तर के लिए तैयार : अंबानी

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा है कि समूह अपने दूरसंचार व्यवसाय को मजबूत करने के साथ हरित एजेंडा पर भी काम कर रहा है और कंपनी अगले स्तर की वृद्धि के लिए तैयार है. अंबानी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में शुद्ध-शून्य उत्सर्जन से लेकर ट्रू 5जी नेटवर्क और खुदरा कारोबार से जुड़ी योजनाओं की रूपरेखा भी पेश की है. उन्होंने कहा कि अस्थिरता और अनिश्चितता से भरी दुनिया में भारत स्थिरता और समृद्धि के प्रकाश-स्तंभ के रूप में चमक रहा है. बाजार मूल्यांकन के हिसाब से देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बीते दशक में कच्चे तेल और रसायन के अपने मुख्य कारोबार के साथ दूरसंचार, खुदरा और वित्त कारोबार को भी जोड़ा है. अब यह 2035 तक अपने परिचालन से शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन को लक्ष्य बनाकर हरित मार्ग पर आगे बढ़ रही है. कारोबार में व्यापक वृद्धि ने रिलायंस को बाजार पूंजीकरण के लिहाज से 20 लाख करोड़ रुपये की सीमा पार करने वाली पहली भारतीय कंपनी बना दिया. अंबानी ने कहा, रिलायंस ने पूंजीगत व्यय के पिछले दौर के बाद अपने बही-खाते को मजबूत कर लिया है और वृद्धि के अगले स्तर के लिए तैयार है. उन्होंने कहा, वर्ष 2016 में जियो 4जी मोबाइल सेवाओं की शुरुआत ने डेटा के लिहाज से अंधकारपूर्ण भारत को डेटा-समृद्ध राष्ट्र में बदल दिया, जिससे हर भारतीय घर को किफायती, उच्च गति वाला 4जी डेटा मिलने लगा. उन्होंने कहा, इस साल जियो ने विश्व रिकॉर्ड समय में पूरे भारत में अपने ट्रू 5जी नेटवर्क को शुरू कर देश के डिजिटल बुनियादी ढांचे को और मजबूत किया है.

उन्होंने कहा कि किफायती स्मार्टफोन जियोभारत की पेशकश भारत को '2जी-मुक्त' बनाने में एक लंबा रास्ता तय करेगी. खुदरा कारोबार के बारे में उन्होंने कहा कि भारत के सबसे बड़े खुदरा विक्रेता के रूप में रिलायंस रिटेल तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की खपत की जरूरतें पूरी करने के लिए पूरी तरह तैयार है. उन्होंने कहा कि रिलायंस रिटेल के उत्पादों की व्यापक श्रृंखला को लोग पसंद कर रहे हैं और कंपनी किराना से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों को घर तक पहुंचाने के साथ छोटे स्वदेशी दुकानदारों और किराना दुकानदारों का समर्थन भी कर रही है. उन्होंने कहा कि दुनिया अब भारत की अपार संभावनाओं को समझ रही है और बड़ी फर्मों ने 100 अरब अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन पर रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड में निवेश किया है. रिलायंस पारंपरिक पेट्रोरसायन क्षेत्र में निवेश को भी जारी रखे हुए है. उन्होंने कहा, हम वर्ष 2035 तक शुद्ध कार्बन-शून्य के अपने लक्ष्य की दिशा में काम कर रहे हैं. जामनगर में धीरूभाई अंबानी ग्रीन एनर्जी गीगा कॉम्प्लेक्स का काम तेजी से बढ़ रहा है. यह परिसर वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा विनिर्माण इकाइयों में से एक होगा. उन्होंने कहा कि रिलायंस कार्बन का संग्रह और पुनर्चक्रण करने के लिए कई प्रौद्योगिकियों की तलाश भी कर रही है.

# एनएसई का मुनाफा 39 प्रतिशत बढ़कर 2,567 करोड़ रुपये हुआ

- एक साल पहले इसी अवधि में यह 1,598 करोड़ रुपये था

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का जून, 2024 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 39 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 2,567 करोड़ रुपये हो गया. एनएसई की चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में एकीकृत परिचालन आय 51 प्रतिशत बढ़कर 4,510 करोड़ रुपये हो गई. एक्सचेंज ने कहा कि उसने चालू की पहली तिमाही के लिए सरकारी खजाने में 14,003 करोड़ रुपये का योगदान दिया है. इसमें से एसटीटी/सीटीटी (कमोडिटी ट्रांजैक्शन टैक्स) में 12,054 करोड़ रुपये, स्टाम्प शुल्क (1,018 करोड़ रुपये), जीएसटी (362 करोड़ रुपये), सेबी शुल्क (333 करोड़ रुपये) और आयकर (236 करोड़ रुपये) शामिल हैं. एकल आधार पर एनएसई ने समीक्षाधीन तिमाही में 1,960 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 1,598 करोड़ रुपये था. पहली तिमाही में एनएसई ने 4,051 करोड़ रुपये की कुल परिचालन आय दर्ज की, जो पिछले साल की इसी तिमाही के 2,833 करोड़ रुपये से साल-दर-साल आधार पर 43 प्रतिशत की वृद्धि है. समीक्षाधीन तिमाही में एनएसई ने एकल आधार पर कुल खर्च 1,762 करोड़ रुपये रहा.

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विपक्ष पर साधा निशाना, कहा- स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी से पहले से लगता है कर, राज्यों में विरोध दर्ज कराएं सदस्य

# लोस ने वित्त विधेयक पारित किया, अचल संपत्तियों पर एलटीसीजी कर प्रावधान में संशोधन

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

लोकसभा ने बुधवार को 'वित्त (संख्यांक 2) विधेयक, 2024' को पारित कर दिया. इसके साथ ही सरकार ने रियल एस्टेट पर हाल ही में लागू किए गए नए पूंजीगत लाभ कर में राहत दी है, जिससे करदाताओं को नई कम कर दर अपनाने या पुरानी व्यवस्था के साथ बने रहने का विकल्प मिल गया है. वहीं वित्त मंत्री ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि स्वास्थ्य बीमा पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की व्यवस्था लागू होने से पहले से कर लगता था और उन्हें इस बारे में अपनी पार्टी के शासन वाले राज्यों के वित्त मंत्रियों के समक्ष विरोध दर्ज कराना चाहिए. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष



2024-25 के अपने बजट भाषण में रियल एस्टेट पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) को बिना 'इंडेक्सेशन' लाभ के 20 प्रतिशत से 12.5 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा था. उन्होंने बुधवार को सदन में वित्त विधेयक में इस संबंध में संशोधन पेश किया. अचल संपत्तियों की बिक्री पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ की गणना में इंडेक्सेशन लाभ को हटाने के लिए बजट 2024-25 में रखे गए प्रस्ताव की विपक्षी दलों और कर पेशेवरों सहित विभिन्न पक्षों ने तीखी आलोचना की थी. लोकसभा ने 45 सरकारी संशोधनों के साथ ध्वनिमत से 'वित्त (संख्यांक 2) विधेयक, 2024' को पारित कर दिया. यह विधेयक अब राज्यसभा में चर्चा के लिए जाएगा लेकिन उच्च सदन को संविधान के अनुसार किसी 'धन विधेयक' को खारिज करने का अधिकार नहीं है.राज्यसभा नियत 14 दिन में वित्त विधेयक नहीं लौटाती तो इसे पारित मान लिया जाता है.

वित्त मंत्री ने लोकसभा में वित्त विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह आश्वासन दिया कि संशोधन के बाद एलटीसीजी कर के संबंध में कोई अतिरिक्त कर बोझ नहीं बढ़ाया जाएगा. उन्होंने कहा कि विपक्ष बजट को लेकर मध्यम वर्ग के सरकार से नाराज होने का झूठा माहौल बना रहा है और सरकार ने करों में भारी वृद्धि किए बिना कराधान व्यवस्था को सरल बनाया है और कई ऐसे उपाय किए हैं जिनसे मध्यम वर्ग को राहत मिली है. उन्होंने नई कर प्रणाली का उल्लेख करते हुए कहा कि 15 लाख रुपये की वार्षिक आय पर प्रभावी कर 2023 में घटाकर 10 प्रतिशत किया गया और नई आयकर व्यवस्था के तहत इस साल भी इसे और कम किया गया है. कहा कि इस बजट में वेतनभोगी वर्ग के लिए मानक छूट 50 हजार रुपये से 75 हजार रुपये की गई है और प्रभावी राहत 17,500 रुपये की मिल सकती है.

### स्टॉक, सावधि जमा जैसी बचत के लिए भी 'इंडेक्सेशन' लाभ की अनुमति दी जाए: कांग्रेस

कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि संपत्तियों पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) कर के लिए व्यक्तियों को दो कर दरों के बीच चयन करने का विकल्प देने का सरकार का प्रस्ताव पर्याप्त नहीं है और स्टॉक और सावधि जमा जैसी बचत के लिए भी 'इंडेक्सेशन' (मुद्रास्फीति के प्रभाव को शामिल करना) के लाभ की अनुमति दी जानी चाहिए. चक्रवर्ती ने यह भी कहा कि 'ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस' और कांग्रेस पार्टी ने एक याचिका के साथ 'ब्रिंग बैक इंडेक्सेशन' नामक एक अभियान शुरू किया, जिसमें लोगों से इस पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा गया है .सरकार ने मंगलवार को रियल एस्टेट संपत्तियों पर पूंजीगत लाभ कर के मामले में करदाताओं को राहत देने का प्रस्ताव रखा. अब संपत्ति मालिकों के पास पूंजीगत लाभ पर 20 प्रतिशत या 12 .5 प्रतिशत कर की दर में से कोई एक चुनने का विकल्प होगा. कांग्रेस की इकाई 'प्रोफेशनल्स कांग्रेस' के अध्यक्ष प्रवीण चक्रवर्ती ने आरोप लगाया कि केंद्रीय बजट में उनकी बचत और निवेश लाभ पर 'इंडेक्सेशन' और उच्च करों को हटाकर मध्य और वेतनभोगी वर्ग को धोखा दिया गया है. उन्होंने कहा, '23 जुलाई को वित्त मंत्री ने संसद में सरकार का बजट पेश किया. हमने कुछ पहलुओं का स्वागत किया, लेकिन बजट के कई हिस्सों का कड़ा विरोध किया. वित्तमंत्री ने मध्यम वर्ग और वेतनभोगी पेशेवरों के साथ जो किया, उसका कांग्रेस ने कड़ा विरोध किया. विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने स्पष्ट रूप से कहा कि बचत और निवेश लाभ पर 'इंडेक्सेशन' और उच्च करों को हटाने के माध्यम से 'मध्यम वर्ग के साथ विश्वासघात' किया गया. पहले से ही, मध्यम वर्ग और वेतनभोगी पेशेवर मोदी सरकार के तहत कराधान का खामियाजा भुगत रहे हैं.

## ब्रीफ खबरें

### नेपाल और अमेरिका में हवाई हादसों में 9 मरे

**काठमांडू/ओकलाहोमा सिटी।** नेपाल में बुधवार को काठमांडू के उत्तर-पश्चिम में पर्वतीय क्षेत्र में एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई. वहीं ओकलाहोमा सिटी में मंगलवार दोपहर एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई. 'माय रिपब्लिका' अखबार की खबर के अनुसार, पुलिस ने नुवाकोट के शिवपुरी ग्रामीण नगर पालिका स्थित दुर्घटनास्थल से पांच शव बरामद किए हैं.

### द. कैलिफोर्निया में 5.2 तीव्रता का भूकंप आया

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य के दक्षिणी हिस्से में मंगलवार रात 5.2 तीव्रता का भूकंप आया, लेकिन अभी तक इससे किसी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है. अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि दक्षिणी कैलिफोर्निया में मंगलवार रात नौ बजकर नौ मिनट पर भूकंप आया और रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.2 मापी गई. उसने बताया कि भूकंप का केंद्र लॉस एंजिलिस से लगभग 85 मील (137 किलोमीटर) दूर स्थित केर्न काउंटी क्षेत्र के मेटलर के पास था.

### चित्तौड़गढ़ जिले में सड़क हादसे में पांच की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में मंगलवार देर रात सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक दंपति व उसकी नाबालिग बेटी भी शामिल है. हादसे में एक साल की बच्ची घायल हो गई. निम्बाहेड़ा सदर थाना क्षेत्र में यह हादसा उस समय चित्तौड़गढ़-निम्बाहेड़ा राजमार्ग पर हुआ जब एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी. बाइक पर छह लोग सवार थे. मृतकों में से दो एक कारखाने में मजदूर के रूप में काम करते थे.

### कर्नाटक में काली नदी पर बना पुल ढह गया

**पणजी/कारवार।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में काली नदी पर बना एक पुराना पुल मंगलवार देर रात ढह गया, परिणामस्वरूप गोवा को कर्नाटक से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 66 पर भारी यातायात जाम हो गया. कारवार पुलिस ने बताया कि काली नदी पर बने पुराने पुल का एक बड़ा हिस्सा रात करीब डेढ़ बजे उस दौरान ढह गया जब एक ट्रक वहां से गुजर रहा था. पुल ढहने से वाहन नदी में गिर गया. उसने बताया कि इस घटना में वाहन चालक घायल हो गया.

### बांग्लादेश : अंतरिम सरकार के प्रमुख ने की हर प्रकार की हिंसा से बचने की अपील

# चरम पर अराजकता की स्थिति

- कानून-व्यवस्था बहाल करने में जुटे प्राधिकारी

**एजेंसी। ढाका**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख नियुक्त किए गए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस ने बुधवार को सभी से "शांति कायम करने" और "हर प्रकार की हिंसा से बचने" की अपील की. यूनुस (84) कहा, "आइए इस नयी जीत का सर्वोत्तम उपयोग करें. हम अपनी किसी गलती की वजह से इस जीत को व्यर्थ न जाने दें." पेशे से अर्थशास्त्री यूनुस के प्रभार संभालने के लिए पेरिस से स्वदेश लौटने की संभावना है. उन्होंने कहा, "मैं वर्तमान परिस्थिति में सभी से शांति बरतने और सभी तरह की हिंसा और नुकसान से बचने की अपील करता हूं."

इससे पहले बांग्लादेश में छात्रों ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन स्वयंसेवकों के रूप में यातायात प्रबंधन किया. वहीं, एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य से धीरे-धीरे ड्यूटी पर लौटने और कानून-व्यवस्था की स्थिति बहाल करने का आह्वान किया. स्थानीय मीडिया में आई खबरों के अनुसार, सोमवार को शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद बांग्लादेश में अराजकता चरम पर है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने या यातायात का प्रबंधन करने के लिए पुलिसकर्मी उपलब्ध नहीं हैं. अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) एकेएम शाहीदुर रहमान को मौजूदा संकट से निपटने के लिए मंगलवार को बांग्लादेश पुलिस का शीर्ष अधिकारी नियुक्त किया गया. उन्होंने पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य से धीरे-धीरे ड्यूटी पर लौटने और सार्वजनिक सुरक्षा तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति बहाल करने के काम में जुटने का आह्वान किया है.

बुधवार को सुरक्षा बल में हुए ताजा फेरबदल के तहत रहमान को अब रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है. अखबार ने बताया कि देशभर में मंगलवार को पुलिस थानों और विभिन्न केंद्रों पर हमलों में कई पुलिस कर्मियों के हताहत होने की खबरें हैं, जिससे यह अभूतपूर्व स्थिति पैदा हो गई है. 'प्रथम अलो' समाचार पोर्टल ने बताया कि प्राधिकारियों ने बुधवार को आरएबी और ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस (डीएमपी) के शीर्ष पदों में फेरबदल किया. उसने बताया, 'एकेएम शाहीदुर रहमान को आरएबी का महानिदेशक नियुक्त किया गया है, जबकि मोहम्मद मैनुल हसन ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस के आयुक्त के रूप में हबीबुर रहमान का स्थान लेंगे.' इस फेरबदल से कुछ घंटों पहले राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को मंगलवार रात को अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया. अक्टूबर 2020 में नियुक्त हुए अटॉर्नी जनरल अबू मोहम्मद अमीनुद्दीन ने बुधवार को इस्तीफा दे दिया.

**बांग्लादेश बैंक में अराजकता की स्थिति :** वहीं, कारोबारी प्रतिष्ठानों ने पिछले दो दिन में फैक्टरियों में आगजनी की घटनाओं के बीच बुधवार को कानून एवं व्यवस्था तुरंत बहाल करने की मांग की. 'डेली स्टार' अखबार ने 'इंटरनेशनल चैंबल ऑफ कॉमर्स, बांग्लादेश' के हवाले से बताया कि कारोबारियों ने कहा है कि उन्होंने आज खासतौर से कपड़ों की फैक्टरियां खोलीं, लेकिन अशांति और तोड़फोड़ के डर के कारण कई फैक्टरी का संचालन संभव नहीं है. 'ढाका ट्रिब्यून' ने बताया कि कार्यालयों को फिर से खोले जाने के बाद दूसरे दिन बुधवार को बांग्लादेश बैंक में अराजकता की स्थिति पैदा हो गई. डिप्टी गवर्नर काजी सईदुर रहमान सहित बांग्लादेश बैंक के छह शीर्ष अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया. बांग्लादेश बैंक के सैकड़ों अधिकारी बैंक गवर्नर के कार्यालय में घुस गए, जिससे कई डिप्टी गवर्नर को कार्यालय छोड़ना पड़ा. मंगलवार को देश के कई हिस्सों से हसीना की आवामी लीग पार्टी के कम से कम 29 समर्थकों के शव बरामद हुए, जिससे प्रदर्शन के हिंसक होने से अब तक मारे गए लागों की संख्या बढ़कर 469 हो गई है.



बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख नियुक्त किए गए नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस पेरिस हवाई अड्डे पर.

### ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने हिंसा प्रभावित बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का किया आह्वान

हिंसा के बीच ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल बांग्लादेश (टीआईबी) ने धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हुए हमलों को छात्र आंदोलन की 'मूल भावना के खिलाफ' करार देते हुए अधिकारियों से हिंसा प्रभावित देश में सरकारी व अल्पसंख्यकों समुदायों की संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने का बुधवार को आह्वान किया. बांग्लादेश में सरकार विरोधी प्रदर्शनों में मृतकों की संख्या बढ़कर 440 हो गयी है. इस दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में आगजनी और तोड़फोड़ की गई. मंदिरों पर भी हमला किया गया. ढाका में दो सामुदायिक नेताओं के अनुसार, कई हिंदू मंदिरों, घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की गई है और हसीना की अवामी लीग पार्टी से जुड़े कम से कम दो हिंदू नेताओं की हिंसा में हत्या कर दी गई है. 'डेली स्टार' के अनुसार, लोकप्रिय लोक बैंड जोलर गान के प्रमुख गायक राहुल आनंद के आवास पर सोमवार को तोड़फोड़ के साथ कीमती सामान भी लूट लिया और आग लगा दी गई जिसमें संगीतकार के 3000 से अधिक संगीत वाद्ययंत्र भी नष्ट हो गए. ढाका ट्रिब्यून के अनुसार टीआईबी ने धार्मिक अल्पसंख्यकों के घरों, मंदिरों और व्यवसायों पर हमलों सहित जिलों में सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं की कड़ी निंदा की है. टीआईबी ने टिप्पणी की है कि इस तरह की स्वार्थी और सांप्रदायिक गतिविधियां राष्ट्र को "समानता, न्याय और अच्छे शासन के साथ" पुनर्निर्माण करने के मौकों को विफल कर सकती हैं.

### बांग्लादेश में हिंसा पर योगी ने कहा- एकजुट होकर लड़ने की जरूरत

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश में जारी हिंसा पर चिंता जताते हुए बुधवार को कहा कि इस पड़ोसी मुल्क में हिंदुओं को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है और सनातन धर्म पर आने वाले संकट के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने की जरूरत है. योगी ने कहा, 'आज भारत के तमाम पड़ोसी देश जल रहे हैं. उन्होंने कहा, 'हम याद रखें कि जो समाज इतिहास की गलतियों से सबक नहीं सिखता है, उसके उज्जवल भविष्य पर ग्रहण लग जाता है.

### बांग्लादेश के राजनीतिक हालात पर पाक ने कहा- स्थितियां जल्द सामान्य होंगी

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वे बांग्लादेश के लोगों के साथ हैं. साथ ही पाकिस्तान ने बांग्लादेश में जल्द ही स्थिति के सामान्य होने की उम्मीद भी जताई है. बुधवार को पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान की सरकार और जनता हर मुश्किल घड़ी में बांग्लादेश के लोगों के साथ खड़ी है और उन्हें उम्मीद है कि बांग्लादेश में हालात जल्द ही सामान्य हो जाएंगे. पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में आगे कहा गया है कि 'हमारा मानना है कि बांग्लादेशी लोगों की भावना और एकता उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाएगी.'सोमवार को आंदोलनकारी छात्रों के 'लॉन्ग मार्च टू ढाका' यानी ढाका अभियान के दौरान शेख़ हसीना और उनकी बहन शेख़ रेहाना देश छोड़कर चली गईं. वहीं नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री मोहम्मद यूनुस को बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का प्रमुख सलाहकार बनाया गया है. बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख़ हसीना के देश छोड़ने के बाद सेना प्रमुख ने देश को संबोधित कर अंतरिम सरकार बनाने की बात कही थी. राष्ट्रपति, सेना और छात्रों के बीच हुई बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया है.

### सलमान खुर्शीद ने कहा-भारत में भी हो सकता है बांग्लादेश जैसा हिंसक प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने मंगलवार को चेतावनी दी कि बांग्लादेश जैसे हिंसक विरोध प्रदर्शन भारत में भी हो सकते हैं, भले ही अभी सब सामान्य दिख रहा हो. पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'कश्मीर में सब कुछ सामान्य लग सकता है. यहां भी सब सामान्य लग सकता है.' उन्होंने आगे कहा, 'हम जीत का जश्न मना रहे होंगे, हालांकि कुछ लोगों का मानना है कि 2024 में जीत बहुत मामूली थी और अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है.' खुर्शीद ने कहा, 'सच्चाई यह है कि अंदर अंदर कुछ तो सुलग रहा है .बांग्लादेश में जो हो रहा है वह यहां भी हो सकता है... हमारा देश इतना बड़ा है कि बांग्लादेश जैसी स्थिति नहीं हो पाती है.' खुर्शीद ने यह भी कहा कि सीएए-एनआरसी कानून के खिलाफ दक्षिण पूर्वी दिल्ली के शाहीन बाग में हुए विरोध प्रदर्शन ने देशभर में इसी तरह के प्रदर्शनों को प्रेरित किया. हालांकि 100 दिन तक चले इस आंदोलन को खुर्शीद ने असफल बताया!

# सरकार वायनाड त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करे : राहुल गांधी

- लोस में नेता प्रतिपक्ष ने व्यापक पुनर्वास पैकेज, आपदारोधी बुनियादी ढांचे का निर्माण और मुआवज़ा बढ़ाने का आग्रह किया

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को सरकार से केरल के वायनाड में हुई त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का आह्वान किया. शून्यकाल के दौरान बोलते हुए गांधी ने प्रभावित लोगों के लिए अधिक मुआवजे की भी मांग की. वायनाड भूस्खलन को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, "मैंने इसे अपनी आंखों से देखा है. मैंने कई अलग-अलग जगहों का दौरा किया जहां आपदा आई थी. कुछ मामलों में एक पूरा परिवार खत्म हो गया, केवल एक व्यक्ति बचा, कभी-कभी कोई वयस्क या बच्चा." उन्होंने आपदा के दौरान मदद करने वालों के प्रति भी आभार व्यक्त किया. गांधी ने कहा, "200 से अधिक लोगों की मौत और बड़ी संख्या में लोगों के लापता होने के कारण, अंततः हताहतों की संख्या 400 से अधिक हो सकती है."

**केंद्रीय बलों और सेना की भी सराहना की :** कांग्रेस नेता ने बचाव कार्यों में मदद करने के लिए कर्नाटक, तमिलनाडु और तेलंगाना की राज्य सरकारों के साथ केंद्रीय बलों और सेना की भी सराहना की. राहुल गांधी ने समुदायों द्वारा दिखाई गई एकता पर भी प्रकाश डाला. उन्होंने कहा, "विभिन्न विचारधाराओं के बावजूद सभी समुदायों को लोगों की मदद के लिए एक साथ आते देखना उत्साहजनक है."



**यह एक बहुत बड़ी त्रासदी**

राहुल गांधी ने बताया कि भूस्खलन के कारण महत्वपूर्ण सड़कें कट गई हैं, जिससे संकट और बढ़ गया है. गांधी ने कहा, "यह एक बहुत बड़ी त्रासदी है." उन्होंने सरकार से व्यापक पुनर्वास पैकेज देने, आपदा-रोधी बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और प्रभावितों के लिए मुआवज़ा बढ़ाने का आग्रह किया.

# अमेरिका ने इजराइल की रक्षा के लिए भेजे 12 लड़ाकू विमान

- पश्चिम एशिया में हिंसा बढ़ने की आशंका के बीच पेंटागन ने उठाया कदम

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिका के यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट विमानवाहक पोत से करीब 12 एफ/ए-18 लड़ाकू विमान पश्चिम एशिया के एक सैन्य अड्डे पर भेजे गए हैं. यह कदम ईरान और उसके सहयोगियों के संभावित हमलों से इजराइल तथा अमेरिकी सैनिकों की रक्षा करने के पेंटागन के प्रयासों का हिस्सा है. एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि 12 एफ/ए-18 लड़ाकू विमानों और एक ई-2डी हॉकआई टोही विमान ने ओमान की खाड़ी में अमेरिकी जहाज से उड़ान भरी और वे सोमवार को एक अज्ञात सैन्य अड्डे पर पहुंचे. अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने क्षेत्र में सैन्य मौजूदगी बढ़ाने का आदेश दिया है, क्योंकि अधिकारी लेबनान में हिजबुल्ला के एक वरिष्ठ कमांडर और ईरान में हमास के शीर्ष राजनीतिक नेता की पिछले सप्ताह हुई हत्याओं के मद्देनजर पश्चिम एशिया में हिंसा बढ़ने की आशंका को लेकर चिंतित हैं. इन हत्यों का शक इजराइल पर है. हिजबुल्ला और हमास को ईरान से समर्थन हासिल है.



### पेरिस ओलंपिक : इजराइली एथलीटों को मिलीं धमकियां

**पेरिस।** इजराइल की ओलंपिक टीम ने कहा है कि गाजा में युद्ध के दौरान फलस्तीन के लोगों के मारे जाने को लेकर जारी भीषण तनाव और पश्चिम एशिया में व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष के खतरे के बीच पेरिस ओलंपिक में आए उसके कुछ खिलाड़ियों को धमकियां मिली हैं. इजराइली राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष याएल अराद ने मंगलवार को 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) को बताया कि टीम के सदस्यों को धमकियां मिलीं और इनके जरिए खिलाड़ियों में 'मनोवैज्ञानिक आतंक' उत्पन्न करने की कोशिश की गई.

# टिम वाल्ज काबिल उपराष्ट्रपति साबित होंगे : कमला हैरिस

**एजेंसी। फिलाडेल्फिया**

अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने मंगलवार को पेनसिल्वेनिया में एक रैली में मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज की सराहना की और कहा कि वह काबिल उपराष्ट्रपति साबित होंगे. दरअसल हैरिस ने टिम वाल्ज को पार्टी की तरफ से उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी चुना है. हैरिस (59) का नवंबर में होने वाले चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति तथा रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप से मुकाबला होगा. हैरिस ने एक रैली में वाल्ज के साथ मंच साझा किया और कहा, 'ये ऐसे इंसान हैं जिनसे लोग जुड़ाव महसूस करते हैं और जो लोगों को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करते हैं. अमेरिका इसी प्रकार का उपराष्ट्रपति पाने का हकदार है.' हैरिस के बाद वाल्ज ने लोगों का अभिवादन किया



और इस कठिन अभियान में उनका साथ देने का आग्रह किया. वाल्ज ने कहा, 'हमारे पास 91 दिन हैं. हे ईश्वर, यह आसान है.' वाल्ज 2018 में मिनेसोटा का गवर्नर बनने से पहले 12 साल तक सांसद रह चुके हैं. पिछले महीने राष्ट्रपति जो बाइडन ने आगामी चुनाव में राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने की घोषणा की थी, जिसके बाद भारतीय मूल की उपराष्ट्रपति हैरिस को सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से 2024 का राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया गया.

### विवाद अधिकारियों ने जिम्मेदारीपूर्वक बर्ताव करने का किया आह्वान, कहा-उकसावे वाले पोस्ट से भड़केगी हिंसा

# उकसावे वाली टिप्पणियों के बीच मस्क को ब्रिटिश सरकार की नसीहत

- दिग्गज उद्यमी ने कहा था-ब्रिटेन में 'गृह युद्ध टाला नहीं जा सकता

**एजेंसी। लंदन**

ब्रिटेन सरकार ने प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गज उद्यमी एलन मस्क के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कथित तौर पर कई उकसावे वाले पोस्ट करने के बाद उनसे जिम्मेदारीपूर्वक व्यवहार करने का आह्वान किया है. अधिकारियों का कहना है कि इन पोस्ट से देश में हिंसा भड़कने का खतरा है. न्याय मंत्री हेदी एलेक्जेंडर ने मंगलवार सुबह यह आह्वान उस वक्त किया, जब मस्क ने पोस्ट किया कि ब्रिटेन में 'गृह युद्ध टाला नहीं जा सकता है.' मस्क ने ब्रिटिश सरकार पर हमले और तेज करते हुए कहा था कि देश की आपराधिक न्याय प्रणाली दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं के मुकाबले अल्पसंख्यक मुसलमानों से अधिक नरमी से पेश आती है. उन्होंने सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं पर ब्रिटेन की कार्रवाई की तुलना पूर्व सोवियत संघ से की थी. एलेक्जेंडर ने 'टाइम्स रेडियो' से कहा, 'गृह युद्ध जैसी भाषा का इस्तेमाल किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं है. हम देख रहे हैं कि पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं, इमारतों में आग लगाई जा रही है और इसलिए मुझे लगता है कि जिस किसी के भी पास एक मंच है, उसे अपनी शक्ति का जिम्मेदारीपूर्वक इस्तेमाल करना चाहिए.' ब्रिटेन में एक सप्ताह से अधिक समय से हिंसा हो रही है. उत्तरी आयरलैंड से लेकर इंग्लैंड के दक्षिणी तट तक के शहरों और कस्बों में प्रवासी विरोधी और इस्लाम विरोधी नारे लगा रही भीड़ के साथ पुलिस की झड़पें हुई हैं. देश में हिंसा तब शुरू हुई, जब दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने 29 जुलाई को हुए एक चाकू हमले को लेकर सोशल मीडिया पर झूठी अफवाहें फैलाईं, जिसमें तीन लड़कियां मारी गई थीं. प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों और मंत्रियों के साथ एक आपात बैठक के बाद मंगलवार को कहा कि दोषियों को जल्द ही सजा दिलाई जाएगी. पीएम ने इस हिंसा को 'धुर दक्षिणपंथियों की गुंडागर्दी' करार दिया था.





### ब्रिटेन के विशेष प्रशिक्षण प्राप्त पुलिसकर्मी आव्रजन विरोधी प्रदर्शनों से निपटने को तैयार

**लंदन।** ब्रिटेन में आव्रजन विरोधी प्रदर्शनों से निपटने के लिए हजारों पुलिसकर्मियों को तैयार रखा गया है जिनमें विशेष प्रशिक्षण प्राप्त पुलिसकर्मी भी शामिल हैं. देश में प्रदर्शनकारियों द्वारा आव्रजन वकीलों और उनके कार्यालयों को भी निशाना बनाये जाने तथा आव्रजन विरोधी धुर-दक्षिणपंथी प्रदर्शनों के बढ़ने की संभावना के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है. ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने मंगलवार शाम मंत्रियों, पुलिस प्रमुखों और सुरक्षा विशेषज्ञों के साथ दूसरी आपातकालीन 'कोबरा' बैठक की अध्यक्षता की ताकि दंगों का मुकाबला करने के लिए एक विस्तृत रणनीति तैयार की जा सके. स्टॉर्मर ने 'कैबिनेट ऑफिस ब्रीफिंग रूम ए' (कोबरा) की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, 'हम यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं कि जहां पुलिस कार्रवाई की आवश्यकता है, वहां वह हो. जिन विशेष स्थानों पर सहायता की आवश्यकता है, वहां वह मिले.' उन्होंने कहा, 'स्पष्ट रूप से मुश्किल हालात हैं क्योंकि एक ही समय में कई अलग-अलग स्थानों पर अव्यवस्था फैली हुई है, यही कारण है कि मैंने दूसरी कोबरा बैठक की. मैं चाहता हूं कि हमारे पास पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी हो.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)